दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 7 मार्च 2024, वर्ष-9 अंक- 336 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण विपक्ष के कई नेताओं को रास नहीं आया है। खासतौर पर तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दलों के नेता तो बौखलाकर अपना आपा खोते जा रहे हैं। वे अभी भी इस मुद्दे को लेकर विवादास्पद बयान दे रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के विधायक रामेन्द्र राय ने राम मंदिर को अपवित्र बताते हुए कहा कि हिंदुओं को रामलला के दर्शन करने नहीं जाना चाहिए। टीएमसी के सांसद शत्रुहन सिन्हा ने भी रामलला को लेकर बेतुका बयान दिया है। इसे ही कहते हैं अपना पांव कुल्हाड़ी पर मारना।

अहम फैसला: हाईकोर्ट ने ईडी को बताई हद

■ **पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने ईडी का राजनीतिक गलियारों में डर और चर्चा के विषय पर कहा**

चंढ़ीगढ़ (ए.)। पिछले कुछ समय से केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी की गतिविधियां राजनीतिक गलियारों में डर और चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि ईडी उस इलाके में लोगों की रोजाना आवाजाही पर रोक नहीं लगा सकती, जिसके इलाके में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है। जस्टिस विकास बहल ने पीएमएलए एक्ट, 2005 का अध्ययन करते हुए यह टिप्पणी की।

न्यायमूर्ति बहल ने कहा कि जिन लोगों के परिसरों से वनों की कटाई की जा रही है, उन्हें अपने कार्यालयों में जाने सहित अपने दैनिक कार्य करने से रोकने जैसा कुछ भी नहीं है। अधिकारियों के पास तिजोरियाँ, अलमारियाँ खोलने और अनुपालन न करने की स्थिति में उन्हें तोडने की अतिरिक्त शक्तियाँ हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि अधिकारियों को उस व्यक्ति यानी याचिकाकर्ता की आवाजाही को प्रतिबंधित करने का अधिकार है।

अदालत ने अवैध खनन के आरोपों से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (High Court told the limit to ED) के तहत यमुनानगर के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और एक अन्य व्यक्ति की गिरफ्तारी वारंट और रिमांड आदेश को रद्द करते हुए यह विचार व्यक्त किया। यह आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ताओं को उनके घर की तलाशी लेने और उनके परिवार के सदस्यों के साथ जब्त करने के बाद 4 से 8 जनवरी के बीच ईडी द्वारा गैरकानूनी रूप से हिरासत में लिया गया था।

रिकॉर्ड को देखने के बाद अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ताओं को 4 से 8 जनवरी के बीच प्रतिवादी अधिकारियों द्वारा परिसर में अवैध रूप से कैद और हिरासत में रखा गया था। इस प्रकार वास्तव में याचिकाकर्ताओं को 4 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया गया।

कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए की धारा 18 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। अदालत ने यह भी देखा कि अधिकारी याचिकाकर्ताओं की गिरफ्तारी की वास्तविक तारीख 4 जनवरी के बाद 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश नहीं हुए।

अयोध्या, अमृतसर, वाराणसी हवाई सेवाओं की शुरूआत

देहरादून, (वार्ता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जौलीग्रांट एयर पोर्ट से देहरादून-अयोध्या, देहरादून-अमृतसर और देहरादून-पंतनगर-वाराणसी के लिये एयर कनेक्टिविटी के अंतर्गत, दीप प्रज्जवलित कर, केक काटकर तथा फ्लैग ऑफ़ कर एलाइंस एयर की उड़ानों का शुभारम्भ किया।

खेलो इंडिया में खेलने वाले खिलाड़ी होंगे सरकारी नौकरी के पात्र : ठाकुर

नयी दिल्ली, (वार्ता)। खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिलेगी। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यह घोषणा की। ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया पैरा गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स के सभी खेलों के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में मौका मिलेगा। खेल मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अनुरूप एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करना और खेल को एक आकर्षक ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

कांग्रेस ने विधायक सुधीर शर्मा को राष्ट्रीय सचिव पद से हटाया

नयी दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने पिछले दिनों राज्यसभा चुनाव के दौरान हिमाचल प्रदेश में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें राष्ट्रीय सचिव पद से मंगलवार को हटा दिया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तत्काल प्रभाव से श्री शर्मा को इस पद से हटा दिया है। ग़ौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के श्री शर्मा ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

महिला आयोग ने की पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग

नयी दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रीय महिला आयोग ने पश्चिम बंगाल में संदेशखाली घटना को लेकर बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को एक विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपी और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने यहां सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा कि राष्ट्रपति को संदेशखाली घटना की विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपी गयी है और राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की गयी है।

National Commission for Women, India

सोशल मीडिया में घुमने लगी कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों की सूची

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के किये छत्तीसगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशियों की संभावित सूची सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है। सोशल मीडिया में घूम रही इस सूची के मुताबिक कांग्रेस के सभी पूर्व मंत्रियों और विधायकों के साथ ही वरिष्ठ नेताओं के नाम उम्मीदवारी के लिए पुख्ता बताए जा रहे है। हालांकि इस वायरल सूची में कितनी सच्चाई है इसका दावा नवप्रदेश नहीं करता। लेकिन बीते कुछ दिनों से कांग्रेस के फायर ब्रांड नेता, पूर्व मंत्री, विधायकों के अलावा चंद ऐसे भी नाम उम्मीदवारी के लिए चर्चा में जिसे एकदम से नकारा भी नहीं जा सकता।

जैसे राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस लोकसभा लड़ाने जा रही है। पूरी संभावना भी पार्टी नेता जता रहे हैं कि भूपेश बघेल को चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है। वैसे भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव ममा गांव बोला जाता है। फिर विधानसभा चुनाव के वक्त भी भूपेश की मंशानुरूप राजनांदगांव से उनके करीबी माने जाने वाले गिरीश देवांगन को टिकिट भी पार्टी ने दी थी। हालांकि उन्होंने चुनाव जीता नहीं पर ऐसा माना जा रहा हैं कि उनके अनुभव का लाभ भूपेश को मिलेगा। बता दें संतोष पांडेय यहां से बीजेपी की तरफ से सांसद हैं।

इसी तरह दुर्ग लोकसभा से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को लोकसभा की टिकट मिलने की चर्चा है। तत्संबंध में जल्द घोषणा भी पार्टी कर सकती है। जबकि रायपुर लोकसभा से बीजेपी के अजेय प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ रायपुर पश्चिम के कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नाम का हल्ला है। वैसे भी विकास उपाध्याय विधानसभा हार चुके हैं और फ़िलहाल बृजमोहन के खिलाफ कांग्रेस के पास इससे ज्यादा अच्छा प्रत्याशी कोई है भी नहीं।

महासमुंद लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर सोशल मीडिया में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और कांकेर से बीरेश ठाकुर तो बस्तर से दीपक बैज के नाम की पुरजोर तरीके से चर्चा है। सोशल मीडिया वाली सूची में ये नाम भी शामिल हैं। सबसे चौंकाने वाला नाम जांजगीर चांपा से पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया तो बिलासपुर से सरगुजा महाराज और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नाम पर कयास लगने लगे हैं। वैसे भी कांग्रेस के उक्त सभी दिग्गज किसी भी बीजेपी प्रत्याशी को टक्कर देने वाले माने जाते हैं।

सोशल मिडिया में प्रचारित और चर्चित लोकसभा चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट में रायगढ़ से सत्यजीत राठिया और सरगुजा से शशि सिंह तो कोरबा से सिटिंग एमपी ज्योत्सना महंत के नाम की भी चर्चा।

नदी के नीचे भारत में पहली रेलवे सुरंग

■ **पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण कर पानी के अंदर रोमांचक दृश्यों के बीच बच्चों के साथ यात्रा की**

नीला प्रकाश और सुरंग की दीवार पर लेजर बीम रोमांचकारी दृश्य

पीएम मोदी ने परियोजनाओं के उद्घाटन एवं रेल सेवाओं के शुभारंभ के बाद एस्प्लेनेड स्टेशन से हावड़ा और वापस हावड़ा से एस्प्लेनेड तक मेट्रो रेल की सवारी की। इस दौरान पीएम मोदी ने मेट्रो में सवार स्कूली छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की। जैसे ही मेट्रो रेल महाकरण स्टेशन से कुछ दूर हावड़ा नदी के जलक्षेत्र के शुरू होने पर सुरंग में नीला प्रकाश और सुरंग की दीवार पर लेजर बीम से पानी के अंदर के दृश्य एवं जीव-जन्तुओं की तस्वीरें दिखाई दीं, तो बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

कोलकाता, (वार्ता)। भारत की मोदी सरकार के साथ एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। देश के बुनियादी ढांचे की विकास परियोजनाओं में एक नया सितारा जगमगाया है। रेलवे के बड़े प्रोजेक्ट को पूरा करते हुए आमजन को बड़ी राहत दी गई है। यह 105 साल पुरानी उस कल्पना को साकार किया गया जिसे अंग्रेज़ों की सरकार और आज़ादी के बाद बनी सरकारें भी अंजाम तक नहीं पहुंचा सकीं।

यह उपलब्धि है पश्चिम बंगाल के कोलकाता में नदी के नीचे बनी देश की पहली रेलवे सुरंग। इससे होकर गुजरने वाली मेट्रो ट्रेन बुधवार से कोलकाता वासियों के जीवन को आसान बनाएगी। वहीं यह देश भर के सैलानियों के लिए एक अनोखा आकर्षण का केंद्र भी होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवनिर्मित एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर बुधवार सुबह एक संक्षिप्त कार्यक्रम में हावड़ा मैदान-एस्प्लेनैड मेट्रो खंड, कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो खंड और तारातला-माजेरहाट मेट्रो खंड परियोजना का लोकार्पण किया। इस मौके पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंदबोस और सांसद सुकांत मजूमदार भी उपस्थित थे। ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

एक सदी से अधिक पुराना है ये परियोजना

हुगली नदी के नीचे सुरंग और मेट्रो रेल बिछाने का विचार एक सदी से अधिक पुराना है। ऐतिहासिक दस्तावेजों के मुताबिक अंग्रेज़ी शासन के दौरान भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी शिमला में इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में 1919 में यह प्रस्ताव पारित हुआ था। उस समय भारत की राजधानी कोलकाता ही थी। काउंसिल में डब्लू ई क्रेम की अध्यक्षता वाली समिति ने कोलकाता में बागमारी से ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

धर्मशाला में ठहरे युवक की गठरी से निकला विदेशी नोटों का जखीरा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में एक युवक के पास से लाखों का विदेशी नोट बरामद हुआ है। पुलिस ने जब गठरी को खोलकर देखा तो उसमें 7 लाख के करीब विदेशी नोट थे। ये नोट अमेरिका, यूरोप और सऊदी अरब देश का था। युवक के पास सबसे ज्यादा अमेरिका के डॉलर बरामद हुए हैं। आरोपी के पास इन विदेशी नोटों से जुड़े वैध कागजात भी मौजूद नहीं थे।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी फ़िरोज लखानी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही नोटों को जप्त कर लिया है। युवक के पास सबसे ज्यादा अमेरिका के डॉलर बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ रायपुर के तीन अलग-अलग थानों में 420 जैसी धाराओं में मामले दर्ज हैं। ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

बीजेपी विधायक के भतीजे को शूटरों ने दिनदहाड़े मारी गोली

■ **मृतक नीरज पासवान आपराधिक पृष्ठभूमि से था**

कटिहार (ए)। बिहार में अपराधियों ने एक बार फिर दिनदहाड़े निर्मम हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। बिहार के कटिहार शहर में महिला बीजेपी विधायक के भतीजे की दिनदहाड़े शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आज सुबह हमलावरों ने कटिहार जिले के कोढ़ा से बीजेपी विधायक कविता पासवान के भतीजे के साथ यह घटना की।

भरे बाजार में हुई फायरिंग में बीजेपी विधायक के भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। मृत युवक का नाम नीरज पासवान बताया जा रहा है। वह कोढ़ा की महिला सांसद कविता पासवान के भतीजे थे। गोलीबारी की घटना कटिहार शहर के नगर थाने इलाके में हुई। मिली जानकारी के मुताबिक हत्या की इस घटना के ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

स्थाई निवास पहुंचने से पहले सीएम ने की पूजा-अर्चना

रायपुर/नवप्रदेश। अस्थायी सीएम निवास पहुना से सीएम हॉउस में शिफ्टिंग से पूर्व सीएम विष्णु देव साय ने सहपरिवार पूजा-अर्चना किए। राजधानी रायपुर स्थित सिविल लाइन में मुख्यमंत्री निवास में पत्नी और बेटे के साथ रिश्तेदार भी गृह प्रवेश की पूजा में शामिल हुए।

गरमा-गरम

सियासत... राहुल गांधी ने मप्र के धार जिले के बदनावर में ली आमसभा और कहा-

आदिवासियों को 'वनवासी' कहना उनका सबसे बड़ा अपमान : राहुल

बदनावर (धार), (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है।

गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे।

सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने अब आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने दोनों शब्दों का अर्थ समझाते हुए कहा कि आदिवासी का मतलब वो व्यक्ति, जो जमीन का सबसे पहला मालिक था, वहीं वनवासी का अर्थ उन लोगों से है, जो जंगलों में रहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आदिवासी को आदिवासी कहेंगे तो सरकार को उन्हें जल-जंगल-जमीन का हक देना पड़ेगा। आदिवासियों को वनवासी कहने से बड़ा अपमान उनका कोई और नहीं सकता।

इसी क्रम में उन्होंने कहा कि ये लोग एक दिन आपसे जंगल भी छीन लेंगे और कहेंगे कि आप वनवासी हो, पर वन तो अब है नहीं। तब आदिवासियों से कहा जाएगा कि वे मजदूरी करें, भीख मांगें या भूखे मरें। यही इन दो शब्दों का फर्क है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में आदिवासियों की आठ फीसदी और मध्यप्रदेश में 24 फीसदी आबादी है, लेकिन देश भर में बड़ी-बड़ी कंपनियों के मालिकों में से कोई आदिवासी नहीं मिलेगा। वहीं उन्होंने अडाणी समूह समेत देश के बड़े औद्योगिक घरानों पर भी हमले बोले।

कांग्रेस विधायक सुरक्षा छोड़ नक्सल क्षेत्र के दौरे पर निकले

■ **नाराज कांग्रेस विधायक का आरोप है कि सरकार और प्रशासन मुझे व्यवस्था का हिस्सा नहीं मानती**

रायपुर/नवप्रदेश। नाराज कांग्रेस विधायक सुरक्षा व्यवस्था छोड़कर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर निकल गए हैं। इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। विधायक जनक ध्रुव बोले स्वयं के रहने की व्यवस्था नहीं है सुरक्षाकर्मियों को कहां रखूंगा।

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर जाने से पहले मैनपुर लोक निर्माण विभाग के सामने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव हुए तीन महीने हो चुके हैं। शासन-प्रशासन से देवभोग में आवास उपलब्ध कराने के लिए कई बार मांग कर चुका हूं, लेकिन अब तक आवास उपलब्ध नहीं कराया गया है।

सरकार को घेरते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा मैं विपक्ष का विधायक हूं, शायद इसीलिए सरकार मेरी सुरक्षा और रहने के लिए निवास की व्यवस्था नहीं कर रही है। बिन्द्रानवागढ़ ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

लोकसभा चुनाव 2024
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश झारखंड

हरियाणा की सभी 10 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ सकती है बीजेपी

नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए ने सीट शयेरिंग को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। हाल ही में बीजेपी ने 195 सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान किया है और अब कई राज्यों में सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत जारी है।

सूत्रों के मुताबिक हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी अकेले ही चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है. वहीं, कर्नाटक में जेडीएस के साथ गठबंधन को लेकर रस्साकसी जारी है। आज बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक होने वाली है, जिसमें हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर बीजेपी के लोकसभा उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हो सकती है। बता दें कि हरियाणा में बीजेपी ने 2019 में सभी 10 लोकसभा सीटें जीती थीं।

यहां अभी 9 बीजेपी के सांसद हैं. एक अंबाला सीट सांसद के निधन के चलते खाली है। बताया जा रहा है कि मौजूदा 9 सांसदों में से 3 सांसदों की रिपोर्ट और फीडबैक ठीक नहीं है।

जेजेपी पर फैसला छोड़ेगी बीजेपी

खासबात ये है कि बीजेपी हरियाणा में बिना गठबंधन के

लोकसभा में जाएगी. बीजेपी राज्य की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारकर गेंद जेजेपी के पाले में डाल देगी, जिससे ये संदेश ना जाए कि बीजेपी ने जेजेपी से गठबंधन तोड़ा है. बीजेपी का मानना है कि 10 की 10 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने के बाद जेजेपी को गठबंधन को लेकर फैसला करना होगा कि उसे सरकार में बने रहना है या नहीं।

जेजेपी को 2 सीटें देने का प्लान

कर्नाटक में बीजेपी, जेडीएस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेगी. 25 में से दो सीटों हासन और कोलार पर जेडीएस चुनाव लड़ सकती है. जेडीएस एक सीट मांड्या भी चाहती है। इसके अलावा कुछ सीटों पर बीजेपी और जेडीएस उम्मीदवार एक-दूसरे के सिंबल पर चुनाव लड़ सकते हैं. इसमें एक सीट बैंगलोर नॉर्थ या बैंगलोर हो सकती है, जहां से पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ बीजेपी के सिंबल पर चुनाव लड़ सकते हैं।

शेट्टार और बोम्मई भी लड़ेंगे चुनाव

सूत्रों के मुताबिक बीजेपी के कर्नाटक के मौजूदा 25 सांसदों में 11 से 12 सांसदों का फीडबैक ठीक नहीं है केंद्र सरकार में कर्नाटक से एक राज्यमंत्री का टिकट कट सकता है। बीजेपी पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई को भी लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है. जगदीश शेट्टार को भी लोकसभा उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

शाहजहां शेख मामले में फंसी ममता सरकार

कोलकाता। शाहजहां शेख और संदेशखाली के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल सरकार फंसती दिख रही है। दरअसल कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी को बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की मंजूरी दे दी है। दरअसल पश्चिम बंगाल पुलिस ने हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद टीएमसी नेता शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया था। ईडी की तरफ से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने हाईकोर्ट से बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने और उस पर जल्द सुनवाई की अनुमति मांगी, जिसकी हाईकोर्ट पीठ ने मंजूरी दे दी।

न्यूज गैलरी

केजरीवाल 'श्रवण कुमार', दिल्ली के बजट में हुई 'रामराज्य' की बात

नई दिल्ली। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के बजट पेश किया। बजट पेश करते हुए आतिशी ने 90 मिनट में राम, राम राज्य और रामायणज्का कम से कम 40 बार जिक्र किया। कुल मिलाकर 2024 लोक सभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने बीजेपी को टक्कर देने के लिए खास रणनीति तैयार की है। आप ने चुनाव से पहले हिंदुत्व की पिच तैयार कर ली है। आतिशी ने अपने भाषण के दौरान कहा यह बजट राम राज्य और रामायण से प्रेरित था। आप दिल्ली में राम राज्य स्थापित करने के लिए पिछ्ले नौ सालों से दिन-रात काम कर रही है। जब भी अयोध्या का वर्णन किया जाता है तो कहा जाता है कि पूरे विश्व में अयोध्या जैसा कोई सुंदर और समृद्ध शहर नहीं है। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम दिल्ली में भी समृद्धि लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जिस तरह भगवान श्री राम की अयोध्या में समृद्धि थी उसी तरह दिल्ली में भी राम राज्य स्पापित हो रहा है। आतिशी ने आगे कहा कि सरकार का मानना है कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा देकर गरीबी खत्म की जा सकती है। उन्होंने दावा किया कि जब दिल्ला में केजरीवाल की सरकार सत्ता में आई थी तो यहां अस्पताल खराब स्थिती में थे।

आतिशी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन को उनके अच्छे कामों के लिए बजरंग बलि हनुमान के बराबर बताया। उन्होंने कहा जैसे भगवान हनुमान संकट की घड़ी में संजीवनी बूटी लाए थे, मेरे बड़े भाई ने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में क्रांति ला दी। आप की राम राज्य पिच के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा, हम राम राज्य में विश्वास करते हैंज् हमने कई बजट पेश करते हुए इस अवधारणा का उल्लेख किया हैज् यहां तक कि मनीष (पूर्व वित्त मंत्री) के कार्यकाल के दौरान भी राम राज्य का जिक्र हुआ था।

दरअसल, AAP ने अक्सर हिंदुत्व का प्रचार किया है। 2020 के विधानसभा चुनाव के समय पार्टी ने केजरीवाल को ÷दिल्ली के श्रवण कुमार÷ के रूप में पेश किया। इसके अलावा 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले दिल्ली सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा की योजना शुरू की थी। आप के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी हिंदू मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए पूरे भारत में ÷राम लहर÷ का फायदा उठाने की उम्मीद कर रही है। अब देखना है कि 2024 में आप को क्या फायदा मिलता है।

साइबर अटैक के कारण डाउन हुए थे फेसबुक, इंस्टा और थ्रेड

नई दिल्ली। पांच मार्च 2024 की शाम को व्हाट्सएप को छोड़ मेटा की सभी सेवाएं ठप हो गईं थीं। इंस्टाग्राम, फेसबुक और थ्रेड के यूजर्स करीब डेढ़ घंटे तक परेशान रहे, हालांकि बाद में सेवाएं बहाल हुईं, लेकिन अभी तक इसके पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मेटा ने अभी तक इसका कोई सटीक कारण नहीं बताया है। आउटेज के दौरान यूजर्स की टाइमलाइन रिफ्रेश नहीं हो रही थी। इसके अलावा कईयों के अकाउंट अपने आप लॉगआउट हो रहे थे। इस आउटेज पर एक्स के मालिक एलन मस्क ने तंज कसा और कहा कि यदि आप यह पोस्ट देख रहे हैं तो इसका मतलब है कि हमारी सेवाएं ठीक हैं और हमारा सर्वर काम कर रहा है। मेटा के इस आउटेज के पीछे साइबर अटैक का कारण बताया जा रहा है। कई एक्सपर्ट ने दावा किया है कि कुछ दिन पहले अमेरिका में जो साइबर अटैक हुआ था, यह आउटेज भी उसी का हिस्सा हो सकता है? आइए समझने की कोशिश करते हैं क्या वास्तव में मेटा पर साइबर अटैक हुआ था? इस आउटेज के पीछे साइबर अटैक की आशंका इसलिए हो रही है, क्योंकि भले ही भारत में सिर्फ फेसबुक, इंस्टाग्राम, फेसबुक मैसेंजर और थ्रेड्स डाउन थे लेकिन अमेरिका में कई अन्य कंपनियों की सर्विसेज भी ठप थीं। डाउनडिटेक्टर और एक एक्स यूजर ञ्चद्दड्ढठ्ठस्त्रह्द्धश्वह्ल007 के मुताबिक पांच मार्च को अमेरिका में फेसबुक, फेसबुक मैसेंजर, इंस्टाग्राम और थ्रेड के अलावा गूगल, यूट्यूब, हनीवेल, वैलोरेंट, व्हाट्सएप, गूगल प्ले-स्टोर, ओ2, एक्स और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स की भी सेवाएं ठप हुई थीं।

बता दें कि अमेरिका में हाल ही में हेल्थकेयर सिस्टम पर साइबर अटैक हुआ था जिसके बाद तमाम अस्पताल लोगों के मेडिक्लेम की बिलिंग नहीं कर पा रहे थे। यह अटैक हेल्थकेयर पेमेंट सिस्टम पर ही हुआ था। ठीक एक दिन बाद मेटा के हुए आउटेज को भी इसी साइबर अटैक से जोड़कर देखा जा रहा है।

भारत को विकसित बनाने नारी शक्ति को ज्यादा से ज्यादा अवसर देना जरूरी: मोदी

- भाजपा के राष्ट्रव्यापी शक्ति-वंदन कार्यक्रम को पीएम मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया
- छत्तीसगढ़ के सभी मंडलों में भाजपा ने रखा सीधे प्रसारण का कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने के लिए नारी शक्ति को ज्यादा-से-ज्यादा अवसर देना जरूरी है। भाजपा सरकार के चलते आज हर सेक्टर में महिलाओं के लिए नए रास्ते बन रहे हैं। जहां-जहां इंडी गठबंधन वालों की सरकार है, वहां महिलाओं पर उतना ही अत्याचार हो रहा है। पीएम मोदी बुधवार को भाजपा के महत्वाकांक्षी शक्ति वंदन कार्यक्रम में देशभर की मातृ-शक्ति को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मोदी ने कहा आज देश की पहली नागरिक राष्ट्रपति आदिवासी समाज में पैदा हुई एक बेटी हैं। लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण की गारंटी दी थी, पूरी हो चुकी। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति की गारंटी दी थी, वो भी पूरी हुई। भाजपा की केंद्र सरकार बहन-बेटियों की छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने में जुटी हुई है। हमने अभियान चलाए, योजनाएं बनाईं। सस्ते सेनेटरी पैड बनाने की योजना लाई। हमने मुफ्त टीकाकरण और गर्भवती को 5 हजार रुपए की मदद देने की योजना बनाई।

अब नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू

मोदी ने गांव की बहनों के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू की है। इससे बहनों को ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे खेती आधुनिक होगी और बहनों को अतिरिक्त कमाई भी होगी। लेकिन केंद्र सरकार जो योजना बनाती है, इंडी गठबंधन वाली राज्य सरकारें उस पर रोक लगा देती हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प. बंगाल में 16 लाख से ज्यादा बहनों के लखपति दीदी बनने की चर्चा करते हुए कहा कि मुद्रा योजना से बिना गारंटी का कर्ज लेकर अपना बिजनेस शुरू करने वाली माताएँ-बहनें हैं।

भाजपा ही महिलाओं की हितैषी: साय

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारे देश में नारियों का प्राचीन काल से ही वंदन होता आ रहा है, महिलाओं की पूजा की जा रही है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है, जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ भगवान स्वयं वास करते हैं। भगवान का नाम लेने से पहले भगवती का नाम आता है सीता-राम, राधा-कृष्ण, उमापति-महादेव। हमारे यहाँ शक्ति के लिए माता दुर्गा की पूजा करते हैं, बुद्धि के लिए माँ सरस्वती की पूजा करते हैं, धन-वैभव के लिए माँ लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी भावना के साथ महिलाओं के सम्मान के लिए कई कार्य किए हैं। आज देश के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू विराजित हैं।

खूंखार अपराधी है मुख्तार अंसारी' उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले लंबित : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक मुख्तार अंसारी एक खूंखार अपराधी है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले लंबित हैं।

जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की बेंच ने उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत अपनी सजा को चुनौती देने वाली अंसारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस त्रिवेदी ने कहा कि मुख्तार अंसारी खूंखार अपराधी है। उस इतने सारे मामले दर्ज हैं। इसके बाद कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को जवाबी हलफनामा दायर करने की अनुमति दी। मामले की अगली सुनवाई दो अप्रैल को होगी। बेंच अंसारी द्वारा इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के सितंबर 2022 के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई कर रही थी। हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने अंसारी को पांच साल जेल की सजा सुनाई थी और उस पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। मुख्तार के खिलाफ 1999 में एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसमें उसको दोषी पाया गया। एफआईआर में कहा गया था कि मुख्तार का एक गिरोह था जिसने हत्या, जबरन वसूली, अपहरण और अपहरण सहित जघन्य अपराध किए थे।

मणिपुर में अवैध निवासियों पर लगेगी लगाम 'एनआरसी लागू करने की करेंगे सिफारिश': बीरेन

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू करने के लिए केंद्र को सिफारिश भेजेंगे क्योंकि उनकी सरकार इसे अकेले नहीं कर सकती। सीएम बीरेन सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, राज्य इसे लागू नहीं कर सकता। हमने सदन में एक प्रस्ताव लिया है। हम मणिपुर में एनआरसी लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश भेज रहे हैं। बता दें कि सीएम सिंह का बयान विधानसभा द्वारा एक प्रस्ताव पारित करने के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें केंद्र सरकार से विशेष रूप से राज्य और सामान्य रूप से राष्ट्र के हित में÷ राज्य में एनआरसी लागू करने का आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा राज्य में एनआरसी लागू करने का आधार वर्ष 1961 होगा। मालूम हो कि साल 2022 में राज्य कैबिनेट ने इनर लाइन परमिट के कार्यान्वयन के लिए राज्य में अवैध आप्रवासन की पहचान करने के लिए 1961 को आधार के रूप में अपनाया, जो दिसंबर 2019 में राज्य में पेश किया गया था और जनवरी 2020 में लागू हुआ।

भाजपा के 7 विधायकों को राहत, अदालत ने निलंबन किया रद्द

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली विधानसभा से सात भाजपा विधायकों के निलंबन को रद्द कर दिया है। उन्होंने अपने निलंबन को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। इन विधायकों को 15 फरवरी को दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में उपराज्यपाल विनय सक्सेना के संबोधन के दौरान हुए उपद्रव को लेकर निलंबित कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने विधायकों की याचिका पर 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सात भाजपा विधायकों- मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओ.पी. शर्मा, अभय वर्मा, अनिल वाजपेई, जीतेंद्र महाजन और विजेंदर गुप्ता ने विधानसभा के शेष बजट सत्र के लिए अपने निलंबन को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी सदस्यों को चर्चा में भाग लेने से अक्षम करने के लिए दुर्भावनापूर्ण ढंग से योजना बनाई गई।15 फरवरी को आप सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने वाले उपराज्यपाल के अभिभाषण को कथित रूप से बाधित करने के लिए सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था। विधायकों ने अपने निरंतर निलंबन के बारे में चिंता व्यक्त की और संभावित विवादास्पद माहौल का संकेत देने वाली हालिया राजनीतिक टिप्पणियों और संदेशों का विरोध किया।

बस-कार में भिड़ंत, 5 की मौत

नई दिल्ली। रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ मार्ग पर गांव सीहा के नजदीक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। हरियाणा रोडवेज की बस और बलेनो कार की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें गांव चांगरोड के पांच लोगों की मौत हुई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव चांगरोड के लोग विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। हादसा सुबह के समय में हुआ है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है।

देसंविवि में संस्कृत पर राष्ट्रीय सेमीनार की शुरुआत

संस्कृत का संबंध अतित, वर्तमान और भविष्य से: डॉ. पण्ड्या

हरिद्वार/नवप्रदेश। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) एवं देवसंस्कृति विवि के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषाओं की जननी संस्कृत का भाषा वैज्ञानिक पक्ष और तकनीकी शब्दावली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आरंभ हुआ। राज्यपाल ले0ज0 (सेनि) गुरमीत सिंह, देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या, सीएसटीटी के अध्यक्ष प्रो0 गिरिश नाथ झा एवं असि0 डायरेक्टर जेएस रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री सिंह ने कहा कि सं यानि श्वांसों का जो कृत करें, वही संस्कृत है। संस्कृत के मंत्रों के उच्चारण से आनंद की अनुभूति होती है। स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। गायत्री महामंत्र का उच्चारण मन को आनंदित करता है। मन और आत्मा का जुड़ाव कराता है गायत्री महामंत्र। राज्यपाल ने कहा कि जिस दिन संस्कृत व सभ्यता का योग हो जाएगा, भारत विश्व गुरु की आसन पर होगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीन भाषा है। संस्कृत संस्कारित भाषा है। संस्कृत में वैश्विक ज्ञान की अमूल्य निधि समाई है। पुरातन ज्ञान को नवीनता के साथ संस्कृत के माध्यम से ग्रहण किया जा सकता है। देसंविवि में संस्कृत भाषा की चर्चा करने के बाद जो अमृत सा विचार निकलेगा, वह पूरी दुनिया में जाएगा, ऐसा विश्वास है। राज्यपाल ने कहा कि देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में जो संस्कृत, संस्कार व आधुनिक तकनीकी का संगम हैं, यह आज की युवाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। युवाओं का आव्हान करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हर व्यक्ति को राष्ट्र के विकास में अपना योगदान करना चाहिए।

किसानों के मार्च को लेकर दिल्ली अलर्ट, रेलवे स्टेशनों बस स्टैंड्स पर पुलिस बल तैनात, धारा 144 लागू

नई दिल्ली। केंद्र सरकार से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठन आज दिल्ली की ओर कूच करेंगे। पंजाब में अलग-अलग किसान संगठनों ने 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया है। बड़ी संख्या में किसानों के दिल्ली पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। किसानों के मार्च को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को को कहा था कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रेलवे स्टेशनों और इंटरस्टेट बस टर्मिनल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। आने-जाने वाले हर शख्स की निगरानी की जा रही है। पुलिस मार्च को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। किसानों के इस मार्च का नेतृत्व दो किसान संगठन 'किसान मजदूर मोर्चा' (केएमएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) कर रहे हैं। दोनों संगठनों ने तीन मार्च को देशभर के किसानों से अपील की है कि वे आज बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचे। दिल्ली आने के लिए वे ट्रेन और बसों का सहारा लें। प्रस्तावित प्रदर्शन की वजह से दिल्ली पुलिस ने टिकरी, सिंघु और गाजीपुर बॉर्डर पर भी सुरक्षा बढ़ा दी है। इसके अलावा राजधानी के सभी मेट्रो स्टेशनों पर भी निगरानी की जा रही है। दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी रखने वाले एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया था कि रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड्स पर टीमों को तैनात किया गया है, जो शहर पहुंचने वाले प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करेंगी।

सख्त कानून व्यवस्था

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में धारा 144 लागू कर दी गई है। इसके तहत चार या उससे ज्यादा लोगों के एक जगह पर एकत्रित होने की अनुमति नहीं है।

महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला बीजेपी को 32 सीटें, अजित कैंप को 4, शिंदे गुट को 10

मुंबई(ए.)। लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन में सीट बंटवारे पर मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा की। शाह ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुलाकात की। इस दौरान बीजेपी नेता और राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस भी मौजूद रहे।

अमित शाह के साथ बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे थोड़ा नरम नजर आए। पहले 22 सीटें मांग शिवसेना ने 13 लोकसभा सीटों पर अपनी बात रखी। अजित पवार ने अपनी मांग में बारामती समेत 8 सीटों की मांग रखी। इस पर अमित शाह ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 10 सीटों का ऑफर किया। साथ ही अजित पवार की पार्टी को चार सीटें ही देने की बात कही।

अजित पवार को मिलने वाली चार सीटों में एक सीट बारामती और दूसरी सीट गढ़ चिरौली की होगी। बारामती वो सीट है, जहां से अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा को मैदान में उतारना चाहते हैं। बारामती सीट से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले मौजूदा सांसद हैं। गढ़ चिरौली से अजित पवार राज्य सरकार में मंत्री धर्मराव बाबा आत्राम को मैदान में उतारना चाहते हैं।

भाजपा चाहती है कि वो 48 में से 32 सीटें खुद लड़े और बाकी सीटें गठबंधन के साथियों को दी जाएं। अमित शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के जीतने की संभावनाएं ज्यादा हैं। इसलिए अभी बीजेपी को अधिक सीटें दी जानी चाहिए। विधानसभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन के साथियों के लिए अधिक सीटें छोड़ देगी। इस डील के साथ अमित शाह ने अमित शाह ने एक तरीके से एक बड़ा वादा भी कर दिया।

बीजेपी चाहती है कि परभणी, औरंगाबाद, उस्मानाबाद और रत्नागिरी सिंधुदुर्ग की सीटों में भी फेरबदल भी कर लिया जाए। मुंबई की बात करें तो यहां एकनाथ शिंदे की पार्टी ने दो सीटों की मांग रखी है, लेकिन केवल ठाणे सीट ही देना चाहती है। यह सीट शिवसेना का गढ़ रही है। साथ ही इस सीट पर एकनाथ शिंदे का खासा प्रभाव रहा है। देर रात तक चली इस बैठक में अमित शाह ने गठबंधन के सहयोगियों से साफ कहा कि आप लोग अभी कम सीटे ले लीजिए।

विधानसभा चुनाव में इसकी भरपाई कर दी जाएगी। बता दें, अमित शाह का महाराष्ट्र दौरा सीट बंटवारे को लेकर काफी अहम माना जा रहा है।

नई न्याय प्रणाली मानवीय संवेदनाओं को देती है सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम साय

- ■ मुख्यमंत्री की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ पुलिस एवं हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विवि के मध्य नवीन आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण हेतु हुआ एमओयू
- ■ ऐसा एमओयू करने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में नवीन आपराधिक कानूनों पर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने हेतु छत्तीसगढ़ पुलिस एवं हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नवा रायपुर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। एमओयू के तहत नवीन कानूनों भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 पर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नवीन कानून छत्तीसगढ़ राज्य के कानूनी परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगे। नवीन अपराधिक कानूनों पर छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों को व्यापक रूप से प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के मध्य समझौता ज्ञापन पर

हस्ताक्षर हुआ। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना कानूनी प्रणाली को मजबूत करने एवं सभी के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार नवीन आपराधिक कानूनों की मंशानुरूप छत्तीसगढ़ के नागरिकों को त्वरित एवं समुचित न्याय प्रदान करने कृत संकल्पित है। हमारी नई न्याय प्रणाली मानवीय संवेदनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। यह भारतीय न्याय प्रणाली का बहुत बड़ा टर्निंग पाईंट है एवं देश में नये अध्याय की शुरूआत होती है। जहां अंग्रेजों के कानून में दंड पर जोर दिया गया है, वहीं देश के नवीन कानून न्याय की बात करता है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि तीन कानूनों के संदर्भ में जब चर्चा प्रारंभ हुई तब हमने भी राज्य में विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि महिलाओं के विरूद्ध कोई अपराध घटित होता है तो इस मामले में समुचित कार्रवाई के लिए महिला थाना की संख्या बढ़ानी चाहिए। इसे हमने संकल्प के रूप में लेकर प्रथम बजट में ही जिलों में नवीन महिला थाना खोले जाने का प्रावधान किया है। 07 साल से अधिक के प्रकरण में फोरेंसिक जांच होनी चाहिए। हम फोरेंसिक जांच को और अधिक सशक्त बनाएंगे। इस हेतु बिलासपुर यूनिवर्सिटी से करार कर एम.एस.सी इन फोरेंसिक की पढ़ाई हो इसके प्रयास किये जा रहे हैं। नवीन कानून में संगठित अपराध, आतंकवाद को परिभाषित किया गया है एवं माब लिंचिंग एवं अनाचार के मामलों में मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। उद्बोधन के अंत में उनके द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस एवं हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को बधाई दी गई।

न्यूज गैलरी

शिक्षक पद की ऑनलाइन काउंसिलिंग अंतिम तिथि आज

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षक सीधी भर्ती 2023 में शिक्षक पद हेतु अभ्यर्थियों की पंचम चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग 6 मार्च 2024 दोपहर 3 बजे से 7 मार्च 2024 रात्रि 10 बजे तक स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट में प्रारंभ की जा रही है। उक्त काउंसिलिंग में व्यापम की परीक्षा परिणाम के अनुसार शिक्षक पद के कटऑफ रैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल पर देखी जा सकती है। उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस काउंसिलिंग में कुल 1021 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। शालाओं के आबंटन पश्चात् अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन आबंटित संभाग के कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग, बस्तर/सरगुजा में किया जायेगा। अभ्यर्थी समस्त आवश्यक मूल अभिलेखों सहित निर्धारित समयावधि में कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग में उपस्थिति प्रदान करेंगे।

विदेशी करंसी सहित आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना गंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित एक धर्मशाला में

एक व्यक्ति रूका है, जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा है तथा अपने पास विदेशी करेंसी मुद्रा रखा है, कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा धर्मशाला में जाकर व्यक्ति से पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम फिरोज लखानी निवासी सूरत गुजरात का होना बताया। पुलिस टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में अलग - अलग देशों की विदेशी करेंसी मुद्रा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा फिरोज लखानी के पास रखें अलग - अलग देशों की विदेशी करेंसी मुद्रा भारतीय मुद्रा में 7,06,720/- रूपये को धारा 102 जा.फौ. के तहत थाना गंज में जप्त किया गया है तथा आयकर विभाग को सूचना दी गई है। फिरोज लखानी के विरूद्ध थाना उरला के प्रकरण में न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है, जिसमें फिरोज लखानी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध

चलाये जा रहे निजात अभियान के तहत समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। 5.03.2024 को थाना आजाद चौक की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति अपने पास अवैध मादक प्रदार्थ गांजा रखा है तथा बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई एवं नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा द्वारा थाना प्रभारी आजाद चौक को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 05.190 किलो ग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 50,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 61/2024 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

दीक्षांत समारोह में 93 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक

- ■ युवाओं के समग्र विकास में उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका : राज्यपाल
- ■ 43 विद्यार्थियों को पीएचडी और एक मानद उपाधि

रायपुर/नवप्रदेश। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर का चतुर्थ दीक्षांत समारोह राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि उच्च शिक्षा युवाओं के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए उन्नत ज्ञान, कौशल और अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे। दीक्षांत समारोह में 93 छात्रों को गोल्ड मेडल, 43 छात्रों को पीएचडी और एक मानद उपाधि प्रदान की गई। समारोह में राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने उद्बोधन में कहा कि उच्च शिक्षा के माध्यम से युवा गंभीर सोच क्षमताओं, रचनात्मकता

और नैतिक मूल्यों को प्राप्त करते हैं, जो उन्हें जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। यह बेहतर करियर संभावनाओं के द्वार खोलता है, आर्थिक विकास में योगदान देता है और अपने समुदायों में सशक्त नेताओं और सक्रिय नागरिकों को तैयार करता है। एक साक्षर युवा किसी भी समाज, राज्य या देश के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ सरकार विशेष रूप से युवाओं से अपेक्षा

करती है कि वे शांति, सद्भाव और प्रगति के मूल्यों को बनाए रखते हुए अपने समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्हें रोजगार क्षमता बढ़ाने और क्षेत्रीय विकास में योगदान देने के लिए शिक्षा और कौशल विकास पहल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी और शोधकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बस्तर समृद्ध, प्राकृतिक प्रचुरता और जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं से समृद्ध भूमि है। प्रकृति ने बस्तर को अप्रतिम सौंदर्य का उपहार दिया है। इसके हरे-भरे जंगल, बहती नदियाँ और खनिज युक्त मिट्टी इसकी पारिस्थितिक समृद्धि का प्रमाण हैं। बस्तर के आकर्षण के केंद्र में इसकी जीवंत सांस्कृतिक पच्चीकारी निहित है। गोंड, माड़िया और मुरिया जैसी जनजातियों ने अद्वितीय भाषाओं, रीति-रिवाजों और कला रूपों का पोषण किया है। बस्तर में आधुनिकता को अपनाते हुए सतत विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की पहल की जा रही है। श्री हरिचंदन ने कहा कि आधुनिक उपकरणों, प्लेटफार्मों और संसाधनों तक पहुंच के साथ, आज के युवाओं के पास गरीबी, असमानता, जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य देखभाल जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग करने की क्षमता है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि विश्वविद्यालय को केंद्रीय परियोजना ''मेरु'' के तहत 100 करोड़ रुपये के अनुदान की स्वीकृति मिली है, जिससे विश्वविद्यालय में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

चेट्रीचंड्र महोत्सव पर रहेगा शासकीय अवकाश : सीएम

रायपुरझ्र/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार करेंगे। मुख्यमंत्री आज शाम यहां राजधानी रायपुर के अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम मेडिकल कॉलेज में चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति, रायपुर और संपूर्ण सिंधी समाज, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने चेट्रीचंड्र महोत्सव पर शासकीय अवकाश की घोषणा की। अभिनंदन समारोह में प्रदेश भर से आए सिंधी समाज के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के विभाजन का सबसे ज्यादा दंश सिंधी समाज ने ही झेला है। देश को आगे बढाने में सिंधी समाज का बहुमूल्य योगदान

है। चाहे व्यापार का क्षेत्र हो या राष्ट्र भक्ति की बात हो। सिंधी समाज हमेशा अग्रणी रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि भारत को फिर से विश्व गुरु बनाना है। भारत फिर से सोने की चिड़िया बने। एक विकसित भारत का निर्माण हो। दस वर्षों के मोदी जी के प्रयास से हमारा देश आर्थिक सेक्टर में 11वें स्थान से पांचवे स्थान आ गया है। आने वाले 5 साल में देश को आर्थिक क्षेत्र में तीसरे स्थान पर लाना है। इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। विकसित भारत के लिए विकसित छत्तीसगढ़ बनाना जरूरी है। विकसित छत्तीसगढ़ के लिए आप सभी के व्यापार को भी विकसित व्यापार बनाना जरूरी है। सभी के सहयोग से विकसित छत्तीसगढ़ बनेगा, इसमें सिंधी समाज की बड़ी भूमिका होगी।

महाशिवरात्रि महोत्सव प्रारंभ : 8 को भोलेनाथ के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचेंगे श्रद्धालु

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। राजधानी सहित प्रदेश में इन दिनों महादेव की आराधना के लिए भक्तों द्वारा उनके विभिन्न स्वरूपों को पूजा जा रहा है। 8 मार्च शुक्रवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रदेश भर में भोलेनाथ की आराधना के लिए सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालु पहुंचेंगे। पौराणिक मान्यता के अनुसार फाल्गुन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी चतुर्दशी तिथि के मध्य बम बम भोले का विवाह माता पार्वती से उनके द्वारा की गई

अखंड तपस्या के उपरांत हुआ था। राजधानी रायपुर में प्राचीनतम मंदिरों में हटकेश्वरनाथ महादेवघाट, बिरंची मंदिर, बूढ़ेश्वर महादेव, दुधाधारी मठ स्थित शंकर मंदिर, नीलकंठेश्वर महादेव टिकरापारा, कुलेश्वर महादेव राजिम, भूतेश्वर महादेव गरियाबंद, बंजारी मंदिर रावाभाठा सुरेश्वर महादेव मंदिर खम्हारडीह सहित प्रदेश भर के शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार विशेष रूप से किया जा रहा है। हर हर महादेव को प्रिय धतुरा, लाल मंदार का फूल, बेल पतरी, दूध, दही, घी, शहद, चावल, दाल, मुंग, अपराजिता का फूल आदि का भोग महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों द्वारा अर्पित किया जाएगा। साथ ही भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया जाएगा।

कोयलीबेड़ा नक्सल मुठभेड़ की न्यायिक जांच के लिये कांग्रेस ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र में हुये तथाकथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ की हाईकोर्ट के वर्तमान जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कांकेर जिले की पुलिस द्वारा 25 फरवरी को कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र में हुये तथाकथित पुलिस और नक्सली मुठभेड़ के संबंध में मुठभेड़ में मारे गये लोगों के बारे में उनके परिजनों तथा ग्रामीणों द्वारा गंभीर सवाल खड़ा किया जाना तथा कहना कि मारे गये तीनों लोग नक्सली नहीं थे उनके यह आरोप बेहद ही चौकाने वाले है तथा उन सभी के परिजनों ने मृतकों के बैंक पासबुक, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी

कार्ड सभी कुछ दिखाया है। मारे गये लोगों मृतक अनिल हिड़को, रामेश्वर नेगी, सुरेश तेता की पत्नियों, माता-पिता, परिजनों एवं ग्रामवासियो का कहना है कि वे सब चावल, दाल लेकर रस्सी लेने जा रहा हूं बोलकर निकले थे। अभी तेंदूपत्ता बूटा कटाई का समय है। अप्रेल में तेंदूपत्ता तोड़ाई होता है उसके लिए सब लोग अभी रस्सी जुगाड़ कर लेते है। उसी को लेने ये लोग जंगल गए थे, हमारे पति नक्सली नहीं है, और ये लोग जो समान दिखा रहे है, वैसा कुछ नहीं है। हमारे पति को नक्सली बता कर मारा गया है। ग्रामीणों की शिकायतें बेहद ही गंभीर और संवेदनशील है। आरोप पुलिस पर लगे है। आरोपों को गंभीरता को देखते हुये यह आवश्यक है कि इस मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की जानी चाहिये। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में इस मुठभेड़ की जांच कराई जाये। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व सांसद छाया वर्मा, एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय आदि शामिल थे।

एमडीएम ड्रग्स सप्लायर दिल्ली से गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना सिविल लाईन में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 88/24 धारा 22(बी) नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में दिनांक 07.02.2024 को आरोपी दीपांकज मोहंती पिता वासुदेव

मोहंती उम्र 28 साल निवासी बैकुण्ठपुर जामपारा, थाना बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया हाल पता बेलकम हाईट शंकर नगर थाना सिविल लाईन रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अलग-अलग पुड़ियों में रखें कुल लगभग 4.31 ग्राम एम.डी.एम. ड्रग्स, घटना में प्रयुक्त 01 नग आई-फोन, 01 नग एल.सी.डी. डिस्प्ले एवं नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 50,000/- रूपये जप्त किया गया था। गिरफ्तार आरोपी से एम.डी.एम. ड्रग्स के सप्लाई चैन के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी दीपांकज मोहंती द्वारा एम.डी.एम. ड्रग्स को दिल्ली निवासी आकाश भारद्वाज से क्रय करना बताया गया था। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सिविल लाईन पुलिस की संयुक्त टीम को दिल्ली रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा दिल्ली पहुंचकर दिल्ली में लगातार कैम्प करते हुए आरोपी की पतासाजी कर अंततः आरोपी आकाश भारद्वाज को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पूछताछ में आरोपी आकाश भारद्वाज द्वारा एम.डी.एम. ड्रग्स को आरोपी दीपांकज मोहंती के पास सप्लाई करना बताया गया।

अम्बेडकर अस्पताल और महाविद्यालय परिसर को तम्बाकु मुक्त बनाने अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय परिसर को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए जिला तम्बाकू नियंत्रण सेल, रायपुर एवं अम्बेडकर अस्पताल की टीम द्वारा मंगलवार को अभियान चलाया गया और चालानी कार्यवाही की गई। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिगरेट एंड अदर टोबैको प्रोडक्ट अधिनियम (कोटपा) 2003 के अनुपालन में चलाये गये इस अभियान के तहत संयुक्त टीम द्वारा आस-पास के दुकानों एवं ठेलों पर चालानी

कार्यवाही करते हुए कुल 22 चालान काटा गया। इस अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के तम्बाकू नियंत्रण सेल के नोडल ऑफिसर डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थान एवं चिकित्सालय परिसर को तंबाकू मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में यह कार्यवाही की गई है। इस अधिनियम के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद का क्रय-विक्रय या किसी व्यक्ति द्वारा सेवन किया जाता है तो नोडल अधिकारी द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के अंतर्गत चालानी कार्यवाही किया जाना अनिवार्य है। इस क्रम में परिसर के आस-पास धूम्रपान मुक्त निषेध क्षेत्र एवं तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का बोर्ड एवं जागरूकता के लिए पोस्टर लगाये गए। डॉ. पात्रे ने कहा कि चिकित्सालय परिसर के अंदर किसी भी रूप में तम्बाकू रखना एवं इसका सेवन करना दंडनीय अपराध है।

विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : राजस्व मंत्री

- ■ खेलकूद, चित्रकला, सलाद सजाओं जैसे विविध प्रतियोगिता में महिलाओं ने लिया हिस्सा

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा है कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ का सपना महिलाओं को सशक्त बनाकर ही पूरा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। महिलाओं में आर्थिक स्वावलंबन, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। इस योजना में महिलाओं को साल

में 12 हजार रूपए की राशि दी जाएगी। इस योजना की पहली किस्त 7 मार्च को दी जाएगी। श्री वर्मा तिल्दा में आयोजित सशक्त नारी सम्मान समागम कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। बीएनबी स्कूल में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए बालिकाओं की शिक्षा के लिए समाज को जागरूक होना पड़ेगा। शिक्षित महिलाओं से ही समाज आगे बढ़ेगा। महिलाओं की शिक्षा से समाज में फैली अनेक कुरूतियां, भेदभाव को मिटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकार सम्पन्न महिला न केवल परिवार अपितु समाज और देश की निर्माण और उन्नति में महती भूमिका कर सकती है। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में महतारी सदन के नाम से भव्य भवन निर्माण कराया जाएगा। इस सदन में सभी मूलभूत सुविधाएं होंगी, जहां महिलाएं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर सकेंगी। इस सदन से जुड़ा बड़ा मैदान भी होगा। जहां महिलाओं के लिए खेलकूद और अन्य आयोजन किया जा सकेगा। इस अवसर पर महिलाओं के लिए पाककला, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने इस सभी गतिविधियों में उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सम्मानित उत्कृष्ट महिलाओं में तहसीलदर ज्योति मशियारे, स्वास्थ के क्षेत्र में डॉ. उमा पैकरा, ममता सुनानी, एवम विविध क्षेत्र में कला साहित्य शशि दुबे, पुष्पा वर्मा, सीमा शर्मा पत्रकारिता, जैसे महिलाओ का सम्मान किया गया।

भारत चेम्बर ऑफ कॉमर्स और रक्षा उत्पादन विभाग मंत्रालय भारत सरकार का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार 7 मार्च 2024 को सुबह 11:00 से रायपुर स्थित होटल हयात में एक दिवसीय जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है जिसमें एमएसएमई सेक्टर को ध्यान में रखते हुए रक्षा क्षेत्र में व्यवसाय के अवसर सृजित करने हेतु कार्यशाला रखी गई है। छत्तीसगढ़ चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने यह जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से भारत चेंबर एवं रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। श्री भसीन ने यह भी बताया कि एमएसएमई को देश की रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में उद्यम करने और तेजी से बढ़ते रक्षा निर्यात बाजार में अपना योगदान बढ़ाने संबंधित उद्यमियों को जानकारियां प्रदान की जाएगी ताकि लघु एवं मध्यम वर्ग के उद्योगों के लिए एक नवीन मंच प्राप्त हो सके तथा यह उद्योग और तीव्र गति से स्वयं की उत्कृष्ट की ओर बढ़े। कार्यक्रम में राजकुमार अग्रवाल,उपाध्यक्ष, भारत चेंबर ऑफ कॉमर्स, एयर चीफ मार्शल अरूप राहा,पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम , अमर पारवानी प्रदेश अध्यक्ष,छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, जयन्त कुमार,संयुक्त सचिव, एयरोस्पेसरक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, के.के.यादव,निदेशक, डीआईसी रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, कर्नल राजेंद्र भादुड़ी , रक्षा और सामरिक विश्लेषक और निदेशक-विमानन स्पार्टन पहल, मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, आईएएस, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन अतिथि वक्ता के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करेंगे।

सुविचार

जो कांटों पर चलते हैं वे मंजिल पर जल्द पहुंचते हैं क्योंकि कांटों की चुभन कदमों की रफ्तार बढ़ा देती है। - अज्ञात

संपादकीय

अपराधी के प्रति ये कैसी ममता

बंगाल में कानून और व्यवस्था की स्थिति किस कदर खराब हो चुकी है। यह बात किसी से छिपी नहीं है। संदेशखाली की घटना के बाद तो अब बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की पूरे देश में थू-थू हो रही है। इसके बावजूद ममता बनर्जी की सरकार और पुलिस मुख्य आरोपी शेख शाहजहां पर ममता लुटा रही है। संदेशखाली में गुंडागर्दी के बल पर अपना काला साम्राज्य खड़ा करने वाले शेख शाहजहां के खिलाफ जब हजारों करोड़ के राशन घोटाले मामले में ईडी ने जांच शुरू की थी। तो उसमें अपने गुंडों के जरिए ईडी की टीम पर ही हमला करा दिया था। इस घटना के बाद से वह फरार हो गया था। इस बीच शेख शाहजहां और उसके गुर्गों द्वारा संदेशखाली की महिलाओं के साथ अनाचार के गंभीर आरोप सामने आए। जिसे लेकर न सिर्फ भाजपा बल्कि कांग्रेस और वामपंथी दलों के नेताओं ने भी ममता सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और शेख शाहजहां की गिरफ्तारी की मांग को लेकर संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं भी सड़क पर उतर आईं थी। इसके बावजूद बंगाल सरकार और पुलिस मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को गिरफ्तार नहीं कर रही थी। बंगाल हाईकोर्ट की कड़ी फटकार के बाद 55 दिनों के बाद शेख शाहजहां को गिरफ्तार किया गया और यह मामला जांच के लिए सीआईडी को सौंप दिया गया। बंगाल पुलिस की हिरासत में भी शेख शाहजहां जैसा ठशन दिखा रहा था। उससे साफ जाहिर होता है कि पुलिस हिरासत में उसे वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा था। इसके बाद हाई कोर्ट ने शेख शाहजहां को सीबीआई को सौंपने और उसके खिलाफ सभी मामलों की जांच सीबीआईए से कराने का आदेश पारित किया। हाईकोर्ट के आदेश पर जब सीबीआई शेखाशाहजहां को अपनी कस्टडी में लेने के लिए कोलकाता स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंची तो सीआईडी ने सुप्रीम कोर्ट में हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका का हवाला देकर शेख शाहजहां को सीबीआई के सुपुर्द करने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि ममता बनर्जी की सरकार ने हाई कोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और इस मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की थी। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। इस बीच सीबीआई ने फिर हाई कोर्ट में जाकर यह अपील की है कि सीआईडी के खिलाफ हाई कोर्ट की अवमानना का केस चलाया जाए। कुल मिलाकर ममता बनर्जी सरकार अभी भी संदेशखाली के कुख्यात खलनायक शेख शाहजहां को बचाने के लिए हर तरह का हथकंडा अपना रही हैं। बंगाल सरकार यह चाहती ही नहीं है कि संदेशखाली घटना की सीबीआई जांच करें। क्योंकि सीबीआई जांच में टीएमसी के और भी बड़े नेताओं के पापों से पर्दा उठ सकता है। यही वजह है कि वह शेख शाहजहां को बचाने की आखिरी दम तक कोशिश कर रही है। इस बीच बंगाल दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेशखाली की घटना को लेकर ममता बनर्जी की सरकार को आड़े हाथों लिया और उनकी सरकार को महिला विरोधी करार देते कहा कि टीएमसी बंगाल की नारी शक्ति का अपमान कर रही है। और उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बहरहाल अब यह देखना होगा कि कानूनी दांव पेंच में उलझा यह मामला आगे क्या रंग लाता है?

धर्मांतरण रोकने कड़े कदम जरूरी

छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण की बढ़ती घटनाएं वाकई गंभीर चिंता का विषय है। हाल ही में दुर्ग में धर्मांतरण के मामले को लेकर हिंदुवादी संगठनों ने जमकर विरोध जताया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर धर्मांतरण कराने वाली मिशनरियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इसके पहले भिलाई और राजधानी रायपुर में भी इस तरह की घटनाएं सामने आई थी और इसे लेकर बहुत बवाल मचा था। धर्मांतरण को लेकर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती ने दुर्ग में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि धर्मांतरण शासन तंत्र की दुर्बलता का परिणाम है। इसे राजनेता अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए बढ़ावा दे रहे हैं। गरीबी और सेवा के नाम पर हिंदुओं को अल्पसंख्यक बनाने का बड़ा षडयंत्र चल रहा है। जिसे रोकने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में लंबे समय से धर्मांतरण का कुचक्र चलता रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने धर्मांतरण को अपना चुनावी मुद्दा बनाया था और कांग्रेस की सरकार पर धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया था। अब प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बन गई है। और उसने छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को रोकने के लिए धर्मांतरण रोधी कानून बनाने का मसौदा भी तैयार कर लिया है। जिसके तहत धर्मांतरण कराने वाले लोगों के खिलाफ 2 साल से 10 साल तक की सजा और 50 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। राज्य सरकार को चाहिए कि वह धर्मांतरण रोकने के लिए जल्द से जल्द और कड़े से कड़े कदम उठाएं।

मुकेष ऋषि

इसके अतिरिक्त उपावस की अवधि में रूदाभिशेक करने से भगवान शंकर अत्यन्त प्रसन्न होते है। शिव अभिशेक विधि महाशिवरात्रि के दिन शिव अभिशेक करने के लिये सबसे पहले एक मिट्टी का बर्तन लेकर उसमें पानी भरकर, पानी में बेलपत्र, आक धतूरे के पुष्प, चावल आदि डालकर शिवलिंग को अर्पित किये शाते है। व्रत के दिन शिवपुराण का पाठ सुनना चाहिए। और मन में असात्विक विचारों को आने से रोकना चाहिए। शिवरात्रि के अगले दिन सवेरे शौ, तिल, खीर और बेलपत्र का हवन करके व्रत समाप्त किया जाता है। पूजन करने का विधि-विधान महाशिवरात्रि के दिन शिवभक्त का जमावडा शिव मंदिरों में विशेष रूप से देखने को मिलता है। भगवान भोले नाथ अत्यधिक प्रसन्न होते है, शब उनका पूजन बेल-पत्र आदि चढ़ाते हुए किया जाता है। व्रत करने और पूजन के साथ शब रात्रि जागरण भी किया जाये, तो यह व्रत और अधिक शुभ फल देता है। इस दिन भगवान शिव की शादी हुई थी, इसलिये रात्रि में शिव की बारात निकाली जाती है। सभी वर्गों के लोग इस व्रत को कर पुन्य प्राप्त करते है।

महाशिवरात्रि व्रत से अश्वमेध यज्ञ के समान फल की प्राप्ति

देवों के देव भगवान भोलेनाथ के भक्तों के लिये श्री महाशिवरात्रि का व्रत विशेष महत्व रखता हैं। यह पर्व फाल्गुन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन मनाया जाता है। वर्ष 2024 में यह शुभ उपवास, 8 मार्च-शुक्रवार के दिन का रहेगा। इस दिन का व्रत रखने से भगवान भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न हो उपवासक की मनोकामना पूरी करते हैं। इस व्रत को सभी स्त्री-पुरूष, बच्चे, युवा, वृद्धों के द्वारा किया जा सकता हैं। 8 मार्च-2024 के दिन विधिपूर्वक व्रत रखने पर तथा शिवपूजन, शिव कथा, शिव स्तोत्रों का पाठ व ''ॐ नमः शिवाय'' का पाठ करते हुए रात्रि जागरण करने से अश्वमेघ यज्ञ के समान फल प्राप्त होता हैं। व्रत के दूसरे दिन ब्राह्माणों को यथशक्ति वस्त्र-क्षीर सहित भोजन, दक्षिणादि प्रदान करके संतुष्ट किया जाता हैं। महाशिवरात्रि व्रत कथा एक बार एक गॉव में एक शिकारी रहता था। पशुओं की हत्या करके वह अपने कुटुम्ब को पालता था। वह एक साहूकार का ऋणी था, लेकिन उसका ऋण समय पर न चुका सका। क्रोधवश साहूकार ने शिकारी को शिवमठ में बंदी बना लिया। संयोग से उस दिन शिवरात्रि थी। शिकारी ध्यानमग्न होकर शिव संबंधी धार्मिक बातें सुनता रहा। चतुर्दशी को उसने शिवरात्रि की कथा भी सुनी। संध्या होते ही साहूकार ने उसे अपने पास बुलाया और ऋण चुकाने के विषय में बात की। शिकारी अगले दिन सारा ऋण लौटा देने का वचन देकर बंधन से छुट गया। अपनी दिनचर्या की भांति वह जंगल में शिवर के लिए निकला, लेकिन दिनभर बंदीगृह में रहने के कारण भूख-प्यास से व्याकुल था। शिकार करने के लिए वह एक तालाब के किनारे बेल वृक्ष पर पड़ाव बनाने लगा। बेल-वृक्ष के नीचे शिवलिंग था जो बिल्वपत्रों से ढॅका हुआ था। शिकारी को उसका पता न चला। पड़ाव बनाते समय उसने जो टहनियां तोड़ीं, वे संयोग से शिवलिंग पर गिरीं। इस प्रकार दिनभर भूखे-प्यासे शिकारी का व्रत भी हो गया और शिवलिंग पर बेलपत्र भी चढ़ गए। एक पहर रात्रि बीत जाने पर एक गर्भिणी मृगी तालाब पर पानी पीने पहुंची। शिकारी ने धनुष पर तीर चढ़ाकर ज्यों ही प्रत्यंचा खींची, मृगी बोली, 'मैं गर्भिणी हूं। शीघ्र ही प्रसव करूंगी। तुम एक साथ दो जीवों की हत्या करोगे, जो ठीक नहीं है। मैं अपने बच्चे को जन्म देकर शीघ्र ही तुम्हारे सामने प्रस्तुत हो जाऊंगी, तब तुम मुझे मार लेना।' शिकारी ने प्रत्यंचा ढीली कर दी और मृगी झाड़ियों में लुप्त हो गई। शिकार को खोकर उसका माथा ठनका। वह चिंता में पड़ गया। रात्रि का आखिरी पहर बीत रहा था। तभी एक अन्य मृगी अपने बच्चों के साथ उधर से निकली शिकारी के लिए यह स्वर्णिम अवसर था। उसने धनुश पर तीर चढ़ाने में देर न लगाई, वह तीर छोड़ने ही वाला था कि मृगी बोली, 'हे पारधी! मैं इन बच्चों को पिता के हवाले करके लौट आऊॅगी। इस समय मुझे मत मार।' शिकारी हॅसा और बोला, 'सामने आए शिकार को छोड़ दूॅं, मैं ऐसा मूर्ख नहीं। इससे पहले मैं दो बार अपना शिकार खो चुका हूॅं। मेरे बच्चे भूख-प्यास से तड़प रहे होंगे।' उत्तर में मृगी ने फिर कहा, 'शैसे तुम्हें अपने बच्चों की ममता सता रही है, ठीक वैसे ही मुझे भी, इसलिए सिर्फ बच्चों के नाम पर मैं थोड़ी देर के लिए शीवनदान मॉग रही हूॅं। हे पारधी! मेरा विश्वास कर मैं इन्हें इनके पिता के पास छोड़कर तुरंत लौटने की प्रतिज्ञा करती हूं।' मृगी का दीन स्वर सुनकर शिकारी को उस पर दया आ गई। उसने उस मृगी को भी जाने दिया। शिकर के आभाव में बेलवृक्ष पर बैठा शिकारी बेलपत्र तोड़-तोड़कर नीचे फेंकता जा रहा था। पौ फटने को हुई तो एक हृष्ट-पुष्ट मृग उसी रास्ते पर आया। शिकारी ने सोच लिया कि इसका शिकर वह अवश्य करेगा। शिकारी की तनी प्रत्यंचा देखकर मृग विनीत स्वर में बोला, 'हे पारधी भाई! यदि तुमने मुझसे पूर्व आने वाली तीन मृगियों तथा छोटे-छोटे बच्चों को मार डाला है तो मुझे भी मारने में विलंब न करो, ताकि उनके वियोग में मुझे एक क्षण भी दुःख न सहना पड़े, मै उन मृगियों का पति हूं। यदि तुमने उन्हें शीवनदान दिया है तो मुझे भी कुछ क्षण शीवनदान देने की कृपा करो। मैं उनसे मिलकर तुम्हारें सामने उपस्थित हो जाऊंगा।' मृग की बात सुनते ही शिकारी के सामने पूरी रात का घटना-चक्र घूम गया। उसने सारी कथा मृग को सुना दी। तब मृग ने कहा, 'मेरी तीनों पत्नियां शिस प्रकार प्रतिज्ञाबद्ध होकर गई हैं, मेरी मृत्यु से अपने धर्म का पालन नहीं कर पाएंगी। अतः जैसे तुमने उन्हें विश्वासपात्र मानकर छोड़ा है, वैसे ही मुझे भी जाने दो। मैं उन सबके साथ तुम्हारे सामने शीघ्र ही उपस्थित होता हूं।' उपवास, रात्रि शागरण तथा शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से शिकरी का हिंसक हृदय निर्मल हो गया था। उसमें भगवद्शक्ति का वास हो गया था। धनुष तथा बाण उसके हाथ से सहश ही छूट गए। भगवान शिव की अनुकम्पा से उसका हिंसक हृदय कारूणिक भावों से भर गया। वह अपने अतीत के कर्मों को याद करके पश्चाताप की ज्वाला में जलने लगा। थोड़ी ही देर बाद मृग सपरिवार शिकारी के समक्ष उपस्थित हो गया, ताकि वह उनका शिकार कर सके, किंतु जंगली पशुओं की ऐसी सत्यता, सात्विकता एवं सामूहिक प्रेमभावना देखकर शिकारी को बड़ी ग्लानि हुई। उसके नेत्रों से आंसुओं की झड़ी लग गई। उस मृग परिवार को न मारकर शिकारी ने अपने कठोर हृदय को शीव हिंसा से हटा सदा के लिए कोमल एवं दयालु बना लिया। देव लोक से समस्त देव समाज भी इस घटना को देख रहा था। घटना की परिणति होते ही देवी-देवताओं ने पुष्प वर्षा की। तब शिकारी तथा मृग परिवार को मोक्ष प्राप्त हुआ। शिवरात्रि व्रत की महिमा इस व्रत के विशय में यह मान्यता है कि इस व्रत को जो जन करता है, उसे सभी भोगों की प्राप्ति के बाद, मोक्ष की प्राप्ति होती है, यह व्रत सभी पापों का क्षय करने वाला है व इस व्रत को लगातार 14 वर्षे तक करने के बाद विधि-विधान के अनुसार इसका उद्धापन कर देना चाहिए। महाशिवरात्रि व्रत का संकल्प व्रत का संकल्प सम्वत, नाम, मास, पक्ष, तिथि-नक्षत्र, अपने नाम व गोत्रादि का उच्चारण करते हुए करना चाहिए। महाशिवरात्री के व्रत का संकल्प करने के लिये हाथ में जल, चावल, पुष्प आदि सामग्री लेकर शिवलिंग पर छोड दी जाती है। महाशिवरात्रि व्रत की सामग्री उपवास की पूशन सामग्री में जिन वस्तुओं को प्रयोग किया जाता हैं, उसमें पंचामृत (गंगाजल, दुध, दही, घी, शहद), सुगंधित फूल, शुद्ध वस्त्र, बिल्व पत्र, धूप, दीप, नैवेध, चंदन का लेप, ऋतुफल आदि। महाशिवरात्रि व्रत की विधि महाशिवरात्रि व्रत को रखने वाले जन को उपवास के पूरे दिन भगवान भोले नाथ का ही ध्यान किया जाता हैं। प्रातः स्नान करने के बाद भस्म का तिलक कर रूद्राक्ष की माला धारण की जाती है। इसके ईशान कोण दिशा की ओर मुख कर शिव का पूशन धूप, पुष्पादि व अन्य पूजन सामग्री से पूजन करना चाहिए। इस व्रत में चारों पहर में पूजन किया जाता है, प्रत्येक पहर की पूजा में ''ॐ नमः शिवाय''व'' शिवाय नमः'' का जप करते रहना चाहिए। अगर शिव मंदिर में यह जाप करना संभव न हों, तो घर की पूर्व दिशा में, किसी शान्त स्थान पर शाकर इस मंत्र का शाप किया शा सकता हैं। चारों पहर में किये शाने वाले इन मंत्र शापों से विशेश पुन्य प्राप्त होता है।

आज का इतिहास

1875 अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीग्राफ का आविष्कार किया था। 1887 उत्तरी कैरोलिना राज्य विश्वविद्यालय कैरोलिना कृषि और मैकेनिक कला के कॉलेज के रूप में स्थापित किया गया। 1887 उत्तरी कैरोलिना महासभा ने भूमि अनुदान संस्था के रूप में उत्तरी कैरोलिना में सबसे बड़े विश्वविद्यालय, आज उत्तरी कैरोलिना राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की। 1906 फिनलैंड ने महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला। 1914 वायसियन के प्रशियन विलियम ने अल्बानिया के नव स्वतंत्र राज्य के संप्रभुता के रूप में अपना लघु शासन शुरू किया। 1916 जर्मन ऑटोमोबाइल कंपनी बीएमडब्लू की स्थापना म्यूनिच में हुई। 1918 कोलोरेक्टल कैंसर होने से फ्रेंच संगीतकार क्लाउड डेबस्ट का पेरिस में निधन हुआ। 1936 नाजी जर्मन सेनाओं ने वर्साय की संधि और लोकार्नो संधियों दोनों का उल्लंघन करते हुए, विश्व युद्ध के बाद हस्ताक्षर किए गए राइनलैंड पर फिर से कब्जा कर लिया। 1939 आर्मंड कैलिनिसू रोमानिया के प्रधानमंत्री बने।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

फूली सरसों खेत मे

फूली सरसों खेत मे, आया है आनन्द। हल्की-फुल्की धूपमें शीत लहर कुछ मन्द। शीत लहर कुछ मन्द,दिवाकर जी के डर से। खगकुल करते शोर,निकल के अपने घर से। सेंक रहे नम धूप,मिली हो जैसे बरसों। हरियाली धर रूप ,खेत मे फूली सरसों।।

-रानी इंदु

मन के अंदर एक गूंगा



मन के अंदर एक गूंगा कुछ कहना चाहता है.उसकी आवाज़ तो सुनाई देती है,पर शब्द स्पष्ट नहीं होते और अर्थ उलझ जाते हैं.कभी लगता है,कह रहा हो सामने चलते दृश्यों को देख हँसना चाहिये,कभी लगता है इन्हें देखकर रोना चाहिये.कई बार तो ऐसा भी लगा कि कह रहा हो-मुझे उसके पास आना ही नहीं चाहिये।

-शेष अमित

ख़ास पाती | ### ऐ चाँद, तू मेरे कदमो के साथ क्यों चलता है

ऐ चाँद , तू मेरे कदमो के साथ क्यों चलता है , मेरी नियति से , तू क्यों नही डरता है , तेरी तो फितरत है , तू कभी घटता तो कभी बढ़ता है , मेरी किस्मत तो देख , मेरे साथ मेरा साया भी खेलता है , मैं तो वो ठहरा पानी हूँ , जिसके पास कंकडो की न कोई निशानी है , बनते बिगड़ते दायरे की न कोई कहानी है , मेरे लिए तो फिर भवर के रिश्तों की बात भी बेमानी है।

-नमन कुमार मिश्रा

मेरे अंदर शेष है एक देहाती लड़की

मेरे अंदर शेष है एक देहाती लड़की । जो चाहती है चलना, सरसों की खेतों की पगडंडियों पर। चाहती है अपनी सुर मिलाना कोयल की मीठी कूक के साथ। जो चाहती है, मिट्टी के आँगन से चाँद तारों को निहारना, और चाहती है आम के पेड़ों पर, जुगनुओं का सुंदर नृत्य देखना। । चाहती है, नंगे पैर मिट्टियों पर देर तलक चलना। और चाहती है बरसात में, मिट्टी की खुश्बुओं को सांसों में भरना। इस देहाती लड़की को खोया नही, शहर में भी सम्भालकर रखा है। मुझे इश्क़ है देहातीपन से, इसलिए आज भी, मेरे अंदर शेष है एक देहाती लड़की...

-मोनिका आद्या

जुल्फ़देखी है या नज़रों ने

जुल्फ़ देखी है या नज़रों ने घटा देखी है लुट गया वो जिसने भी तुम्हारी अदा देखी है। अपने चेहरे को अब हम से ना छिपाना मुद्दतों बाद किसी मरीज़ ने दवा देखी है।। आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो....

-कमलकांत डोंगरे

क्या कभी आपने अनुभव किया है

क्या कभी आपने अनुभव किया है आत्मग्लानि को इसका अनुभव तब कर सकोगे जब कभी अपने साथ बैठोगे और जब इसका अहसास होता है व्यक्ति को झंझोर कर रख देता है आत्मग्लानि आपके द्वारा किया ऐसा कार्य जिसके बारे मे सोचने भर से आप पश्चाताप करना चाहो..कुछ को तो पश्चाताप करने का मौका भी नही मिलता पर उन्हें मिलता है जो कभी अपने साथ बैठ कर अपने भीतर झाँकते हैं अपने आपको ढूंढ़ते हैं अपने द्वारा किये गए सही और गलत कार्यों का मूल्यांकन करते हैं तो क्या आप ये करना चाहेंगें क्या आप करना चाहेंगे अपना आत्मनिरीक्षण।

-भागीरथी सिंह

गांव की लड़की वह बहुत समझदार

गांव की लड़की वह बहुत समझदार है उसे अच्छे गलत की पहचान खूब है वह किसी से अपना दुखड़ा नहीं कहती परिवार की डोरी से बंधी सब सहती है खुशी के पल हो या दुखत पल वह खुशी -खुशी समझौता कर लेती है यह साधारण बात नहीं है वह समझती है ज़िंदगी के फलसफे उसे खुद पर विश्वास है वह अकेली ही लड़ती है उसके पास हर प्रश्न का जवाब है वह नहीं करती गुस्सावह समझ गई है जीवन का मंसूबा।

-लक्ष्मी नारायण लहरे

प्रेम की दरकार हर उम्र

प्रेम की दरकार हर उम्र की बिरासत है। नमी आंखों की सोख लेता है प्रेम, दिल विंड चाइम है अहसास शीतल हवा का झोंका सींझने दो नस-नस में प्रेम का मधुर संगीत।। सुनो दोस्त महके उठते हो तुम अक्सर वीरान दुनिया में, बहारों की तरह बहकी बहकी सी किरण महकी महकी सी फ़िज़ा।। सुना है ऋतुराज आये हैं सबस यूं ही कुछ भी,

-डॉ किरण मिश्रा स्वयंसिद्धा।

प्रेरक प्रसंग

धीर वीर और नेमी

घटना सन् 1646 की है। बंबई बंदरगाह के नौ सैनिकों ने विद्रोह का झंडा ऊँचा कर दिया था। अंग्रेज अधिकारियों ने उन्हें गोली से भून देने की धमकी दी थी, साथ ही भारतीय नौ सैनिकों ने जबाव में उनको खाक कर देने की चुनौती दे रखी थी। बड़ी भयानक स्थिति थी। उस समय बंबई का नेतृत्व सरदार पटेल के हाथ में था। लोग उनकी तरफ बड़ी घबड़ाई नजरों से देख रहे थे, किंतु सरदार पर परिस्थिति का रंच-मात्र भी प्रभाव नहीं पड़ा। न तो वे अधीर थे और न विचलित। बंबई के गवर्नर ने उन्हें बुलाया और काफी तुर्शी दिखाई। इस पर सरदार ने शेर की तरह दहाड़कर गवर्नर से कह दिया कि वह अपनी सरकार से पूछ लें कि अंग्रेज भारत से मित्रों के रूप में विदा होंगे या लाशों के रूप में। अंग्रेज गवर्नर सरदार का रुद्र रूप देखकर काँप उठा और फिर उसने कुछ ऐसा किया कि बंबई प्रसंग में अंग्रेज सरकार को समझौता करते ही बना।

QUIZ TIME

1) बीच गेम्स 2024 कहाँ आयोजित किया गया?

2) भारत के कौन प्रधानमंत्री मांडा के 41 वें राजा बहादुर थे?

3) 12 जनवरी 2024 को जापानी सरकार द्वारा लॉन्च किए गए सूचना संग्रह उपग्रह का क्या नाम है?

4) विश्व का पहला समाचार पत्र किसने प्रकाशित किया?

5) किसने भारत की पहली मौखिक गर्भनिरोधक गोली सहेली की खोज की थी?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दीव (2) विश्वनाथ प्रताप सिंह (3) ऑप्टिकल-8 (4) जोहान कैरोलस (5) डॉ. नित्या आनंद

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:56, सूर्यास्तः 06:23
चन्द्रोदयः 21:39, चन्द्रास्तः 08:36
अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतुः वसंत
शक सम्वतः 1945 (शोभकृत)
विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल)
मास -फाल्गुन, पक्ष -कृष्ण
तिथि द्वादशी, नक्षत्र -उत्तराषाढ़
योग वृद्धि
प्रथम करण बव (15:07 तक)
द्वितीय करण बालव (28:18 तक)
॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य कुम्भ, चंद्र तुला (20:59 से)
मंगल मकर (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी)
गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शनि कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी)
राहु मीन, केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अमृत काल 27:13 से 29:00
सर्वार्थसिद्धि योग 06:45 से 07:33
विजय मुहूर्त 14:25 से 15:11
गोधूलि मुहूर्त 18:12 से 18:37
सायाह्न सन्ध्या 18:15 से 19:29
निशिता मुहूर्त 24:04 से 24:54
राहुकाल 15:00 से 16:30
राहुवास दक्षिण-पश्चिम
यमगण्ड 08:11 से 09:37
होमाहुति मंगल

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी आज आकस्मिक खर्च रहने से थोड़ी परेशानी होगी।

वृष- आज के दिन आप प्रत्येक कार्य को देखभाल कर ही करेंगे लेकिन फिर भी किसी भी कार्य मे आशाजनक परिणाम नही मिल पाएंगे।

मिथुन-आपका आज का दिन अशांत बीतेगा। घर हो या बाहर सब जगह अपनी आदत के कारण बैठे बिठाए झगड़ा मोल लेंगे।

कर्क-आज के दिन आपके दिमाग मे कोई खुरापात लगी रहेगी। बड़ी बड़ी योजनाए बनाएंगे लेकिन सहयोग एवं धन की कमी इनको करने की अनुमति नही देगी।

सिंह- आज के दिन भी आपको सफलता के कई अवसर मिलेंगे परन्तु आज आपको भ्रम में डालने वाले प्रसंग भी साथ मिलते रहेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए शुभाशुभ फलदायी रहेगा। दिन के आरंभ में प्रत्येक कार्य मे सुस्ती रहेगी दैनिक कार्य भी विलम्ब से पूर्ण होंगे।

तुला-आज आप अपने एवं परिजनों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें दवाओं के ऊपर खर्च बढ़ने की संभावना है।

वृश्चिक-आज के दिन आपको धन के साथ ही मान-सम्मान की भी प्राप्ति होगी साथ ही आज आलोचको की संख्या में भी वृद्धि होगी।

धनु-आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। दिन के आरंभ में व्यवसाय से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिलेगी।

मकर-आपके लिए आज का दिन सुख-शांति दायक रहेगा लेकिन अधूरे कार्यो को पूर्ण करने की जल्दी में दौड़-धूप लगी रहेगी।

कुंभ-आपका आज का दिन प्रतिकूल परिस्थितियों वाला रहेगा। पूर्व निर्धारित योजनाए विफल होने से निराश रहेंगे। आज किसी को धन देकर भी काम बनाना आसान नही होगा।

मीन- आज का दिन भी आपके लिए आनंद दायक रहेगा। कुछ छोटी मोटी बातो को छोड़ व्यवसाय एवं घरेलू कार्य निर्विघ्न चलते रहेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -355

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 354 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

अधोसंरचना विकास के लिए निकायों को 56.23 करोड़ आबंटित

बिलासपुर नगर निगम को मिले 4.7 करोड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अधोसंरचना विकास के लिए प्रदेश के 30 नगरीय निकायों को कुल 56 करोड़ 23 लाख 19 हजार रुपए जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने अधोसंरचना मद से नगरीय निकायों को ये राशि आबंटित की है। विभाग ने राज्य के छह नगर निगमों के लिए 20 करोड़ चार लाख 94 हजार रुपए, चार नगर पालिकाओं के लिए सात करोड़ 61 लाख आठ हजार रुपए और 20 नगर पंचायतों के लिए 28 करोड़ 57 लाख 17 हजार रुपए जारी किए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए रायपुर नगर निगम के लिए 26 लाख रुपए, रिसाली नगर निगम के लिए पांच करोड़ रुपए, बिलासपुर नगर निगम के लिए चार करोड़ छह लाख 96 हजार रुपए, रायगढ़ नगर निगम के लिए एक करोड़ 38 लाख 30 हजार रुपए, अंबिकापुर नगर निगम के लिए दो करोड़ 84 लाख 38 हजार रुपए और चिरमिरी नगर निगम के लिए छह करोड़ 49 लाख 30 हजार रुपए आबंटित किए हैं। विभाग द्वारा अहिवारा नगर पालिका के लिए तीन करोड़ नौ लाख आठ हजार रुपए, बेमेतरा नगर पालिका के लिए दो करोड़ 55 लाख रुपए, सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 87 लाख रुपए एवं मनेंद्रगढ़ नगर पालिका के लिए दस लाख रुपए की राशि जारी की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने समोदा नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 89 लाख रुपए, टुण्डरा नगर पंचायत के लिए पांच लाख 58 हजार रुपए, फिंगेश्वर नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 56 लाख 56 हजार रुपए, पाटन नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 98 लाख रुपए, डौंडीलोहारा नगर पंचायत के लिए 89 लाख 75 हजार रुपए, गंडई और छुरिया नगर पंचायत के लिए 70-70 लाख रुपए, बोड़ला नगर पंचायत के लिए 40 लाख रुपए और पिपरिया नगर पंचायत के लिए 18 लाख 97 हजार रुपए आबंटित किए हैं। वहीं गीदम नगर पंचायत के लिए तीन करोड़ 24 लाख रुपए, लखनपुर नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 62 लाख एक हजार रुपए, प्रतापपुर नगर पंचायत के लिए एक करोड़ नौ लाख 84 हजार रुपए तथा झगराखंड नगर पंचायत के लिए दो करोड़ 35 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

स्वीकृत राशि की किश्त के रुप में 6 नगर निगमों को 20.05 करोड़, 4 नगर पालिकाओं को 7.61 करोड़ और 20 नगर पंचायतों को 28.57 करोड़ मिलेंगे

इन निकायों को एक से दो करोड़ मिले

गौरेला नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 40 लाख रुपए, नया बाराद्वार नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 92 लाख 71 हजार रुपए, शिबरीनारायण नगर पंचायत के लिए 79 लाख रुपए, नवागढ़ (जिला जांजगीर-चांपा) नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 51 लाख 65 हजार रुपए, बरमकेला नगर पंचायत के लिए ढाई करोड़ रुपए, पत्थलगांव नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 25 लाख 42 हजार रुपए, कुनकुरी नगर पंचायत के लिए दो करोड़ 49 लाख 68 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिनोबानगर गायंत्री मदिर में आज दूसरे दिवस छत्तीसगढ योग आयोग के पूर्व सदस्य व पार्षद रविन्द्र सिंह के द्वारा हजारों के सख्या में नया राशनकार्ड वितरण किया गया। समान्य व बीपीएल राशनकार्ड वितरण शिविर हितग्राहियो के लिए अभी और तीन दिनों के लिए रखा गया है। राशनकार्ड वितरण शिविर में आज प्रमुख रुप से बिनोबानगर वार्ड क्रमांक 27 के वरिष्ठ पार्षद रविन्द्र सिंह ठाकुर, शिवा मुदिलयार, एस पी चतुर्वेदी, हरीश तिवारी, चन्द्रहास शर्मा, उतम चटर्जी, किशोरलाल गुप्ता, विजय दुबे, रजीत खनुजा, रामु शुक्ला, चन्द्रनाथ चटर्जी, चन्द्रहास केशरवानी, संजय दवे, राघवेन्द्र सिंह, राहुल दुबे, प्रशांत पाण्डेय, संगीत मोईत्रा, संतोष पाण्डेय, केशव गोरख, संतोष चौहान, सदीप मिश्रा, संजय साहु, अजय तिवारी, ईशाक कुरैशी, राकेश केशरीय, जावेद खान, राज चौहान, विजय तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, शकिल खान, राजेश जोसफ, मार्गेट बेंजामिन, निटु परिहार, दिलीप साहु, नरेंद्र सिंह, विक्की नानवानी, योगेश पिल्ले, पियुष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

हनुमान मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर से लगे ग्राम महमंद में श्री पंचमुखी हनुमंत धान मंदिर में युवक ने दानपेटी से रुपए चोरी कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेंद्र निषाद निवासी महमंद थाना तोरवा जिला बिलासपुर के द्वारा 3 को अज्ञात आरोपी द्वारा सुकवा तालाब महमंद के पास बने श्री पंचमुखी हनुमंत धाम मंदिर से मंदिर के अंदर रखे दान पेटी, हनुमान जी का चांदी का मुकुट डीवीआर एम्प्लीफायर चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि रिपोर्ट पर थाना तोरवा में अपराध क्रमांक 8 / 2024 धारा 457,380, भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। इसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भापुसे),अति. पुलिस अधीक्षक शहर, राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार(भापुसे) को दी गई थी जिस पर तत्काल अज्ञात आरोपी की पता तलाश कर धरपकड करने के निर्देश प्राप्त हुए थे जिसके परिपालन में थाना प्रभारी तोरवा अंजना केरकेट्टा के नेतृत्व में टीम तैयार कर लगातार पता तलाश की जा रही थी, पता तलाश दौरान तोरवा पुलिस ने मुखबिर से सूचना पर आरोपी संदेही अनीश मसीह पिता स्वर्गीय अशोक मसीह उम्र 38 साल निवासी नहर पारा काली मंदिर के पास देवरी खुर्द को पकडकर पूछताछ किया जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार किया जिनके कब्जे से दान पेटी, दान की रकम 1003रु, हनुमान जी का कि चाँदी की मुकुट, डीवीआर ,वाई-फाई रूटर, घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त किया गया है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

घुटकू की पारस कोलवाशरी की जनसुनवाई रद्द करने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर शहर से लगे ग्राम घुटकू में 9 फरवरी को पारस कोल वाशरी को लेकर होने वाली पर्यावरण जनसुनवाई रद्द करने और अवैध रूप से संचालित इस वाशरी बंद करने की मांग ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। ग्रामवासियों ने बताया कि घुटकू स्थित पारस कोल वाशरी के आने जाने के लिए अपनी कोई रोड नहीं है, किसानों की निजी भूमि पर कोल वाशरी की गाडियां दौड़ रही हैं। अपशिष्ठ पदार्थो के लिए कोई प्रबंध नहीं है। वेस्ट कोल खेतों में कई फीट लेयर के रूप में जम जाने से किसानों की खेती प्रभावित हो रही है। कोई भी बाउंडी वाल नहीं है, जो सरासर उद्योग नीति का उल्लंघन किया जा रहा है। उद्योग स्थापित होने के पूर्व जनसुनवाई अपनी निजी भूमि पर अवैध रुप कराई गई थी, जिससे स्पष्ट होता है कि यह कोलवाशरी अवैध है। उद्योग नीति 2006 के अनुसार उद्योग स्थापना के लिए पर्यावरणीय नियम एवं शर्तों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने जनसुनवाई रद्द करने की मांग कलेक्टर से की है।

दो घंटे इंतजार के बाद मिले कलेक्टर

कोल वाशरी की जनसुनवाई रद्द करने के मांग को लेकर आए गांव की महिलाओं ने बताया कि करीब दो घंटे के इंतजार के बाद कलेक्टर से मिले और इस दौरान हमें अपनी समस्या रखने का मौका तक नहीं दिया गया। न ही कलेक्टर से कोई ठोस आश्वासन मिला। महिलाएं इस बात से बेहद नाराज थीं।

आंदोलन की दी चेतावनी

महिलाओं ने यह भी बताया कि कोलवाशरी की वजह से मानव स्वास्थ्य के आलाव खेती-बाड़ी भी प्रभावित हो रही है। धड़ल्ले से वाहनों के आने -जाने से लोगों में दुर्घटन का डर बना रहता है। जनसुनवाई रद्द नहीं होती है तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

हाईकोर्ट ने सारंगढ़ उपजेल मामले में मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। उपजेल सारंगढ़ में कैदियों से मारपीट के मामले को हाईकोर्ट ने स्वतः जनहित याचिका के रूप में संज्ञान लिया है। सुनवाई के दौरान आनलाईन वसूली की बात सामने आई है। कोर्ट ने इस पर कोर्ट ने राज्य शासन से जवाब तलब किया है। सारंगढ़ उपजेल के पीड़ित बंदियों के परिजनों ने घटना की जानकारी न्यायालय को दी थी। किसी जेलर के जेल जाने का प्रदेश में यह पहला मामला है। दरअसल, जेल के कैदियों से वसूली और मारपीट की घटना का खुलासा होने के बाद उपजेल के सहायक अधीक्षक सहित 3 जेल प्रहरियों को निलंबित कर दिया गया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस में अपराध दर्ज होने के बाद आज सहायक जेल अधीक्षक सहित 4 जेल कर्मियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। जिसके बाद न्यायाधीश ने कलेक्टर को इसिक संबंध में कार्रवाई के लिए कहा था। सारंगढ़ एसडीएम को जांच का जिम्मा सौंपा गया। पीड़ित पक्ष ने सारंगढ़ थाना एवं एसपी से भी शिकायत की थी। जांच में पता चला कि जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे जेलर ने प्रहरियों के साथ मिलकर बंदियों को वहां बुलाया, घर से रुपए मंगाने के लिए कहा, मना करने पर बुरी तरह पीटा गया। एक बंदी का सिर फूट गया वहीं दूसरे बंदी को मार-पीट कर अधमरा कर दिया गया। मारपीट 25 फरवरी को सुबह 6 से 10 बजे हुई थी। बंदियों के परिजनों को जेलर द्वारा रुपयों का इंतजाम करने के लिए कहा गया था। नहीं देने पर प्रहरियों के साथ मिलकर बंदियों की बेरहमी से पिटाई की गई। जिन बंदियो को सबसे ज्यादा चोट आई है उसमें दिनेश चौहान का नाम है।

राइस मिलर का ड्राइवर दस लाख से भरा बैग लेकर फरार

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर के राइस मिलर का ड्राइवर कार और 10 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर संगम नगर निवासी कैलाश अग्रवाल वर्तमान में बिलासपुर में निवास करते हैं और उनकी तखतपुर थाना अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में राइस मिल संचालित है आज सुबह घर से लगभग 10 लाख रुपए अपनी बैग में लेकर ड्राइवर वेद प्रकाश सिंह उर्फ गोलू पिता दशरथ सिंह उर्म 30 वर्ष निवासी साईं मंदिर बिलासपुर के पास रहने वाला युवक उनके यहां का ड्राइवर का काम पिछले एक महिने से कर रहा है आज सुबह ड्राइवर के साथ तखतपुर थाना अंतर्गत ग्राम खमहरिया की राइस मिल में पहुंचे तब ड्राइवर कुछ देर कार में ही बैठा रहा और कैलाश अग्रवाल जैसे ही राइस मिल अंदर गए तब देखा कि ड्राइवर गाड़ी से बैग और समान उतार कर नहीं लाया और गाड़ी को रिवर्स कर खड़ा कर दिया इसके बाद जब कैलाश अग्रवाल राइस मिल अंदर चला गया तब ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया कैलाश अग्रवाल कुछ देर बाद जब बाहर आकर देखा तो उसका ड्राइवर और कार नहीं थी कार में लगभग 10 लख रुपए बैग में थे।

घर में आग लगाने वाला युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी लता यादव पति लक्ष्मी प्रसाद यादव उम्र 37 वर्ष निवासी अरविंद नगर बंधवापारा की लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने परिवार के साथ रहती है, बगल में ही इसका देवर राम प्रसाद यादव अपने परिवार के साथ रहता है जो शराबी प्रवृत्ति का है नशा करके हमेश झगड़ा विवाद करते रहता है कि 3 मार्च के रात्रि 8 बजे वह घर में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ तिफरा मायके गयी थी 4 के करीब 4 बजे पता चला कि रात्रि 11.00 बजे इसका देवर रामप्रसाद अपनी पत्नि रमा बाई को झगड़ा करके भगा दिया और घर में आग लगा दिया जिससे आग फैलकर इनके कमरे पर भी लग गया जिससे घर के सामान जल कर नुकसान हो गया है। प्रार्थिया के उक्त रिपोर्ट पर अपराध कमांक 291/24 पारा 436 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह (मा.पु.से) को अवगत कराया गया जिनके द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देशित किये।

कविता पाठ में डॉ. आशा प्रथम कविता रहीं द्वितीय

श्रद्धा महिला मंडल ने स्वरचित कविता पाठ का किया आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। 8 मार्च अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल की अध्यक्षा पूनम मिश्रा, उपाध्यक्षा संगीता कापरी तथा सुजाता खमारी की उपस्थिति में 5 मार्च को एसईसीएल वसंत विहार स्थित बसंत क्लब में स्त्री शक्ति, सामर्थ्य एवं क्षमता विषय पर स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धा महिला मंडल की सद्स्याओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवम अपना स्वरचित कविता पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों का नाम घोषित किया गया जिसमें प्रथम-डा.आशा रॉय, द्वीतीय-श्रीमती कविता कुमार, तृतीय-श्रीमती बिन्नी श्रीवास्तव रही। इस स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य जाने माने भाषाविद रश्मि रामेश्वर गुप्ता तथा डॉ. सनीश चंद्र, जनसंपर्क अधिकारी रहे। कार्यक्रम के संचालन का दायित्व पूनम सिंह ने निभाया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा पूनम मिश्रा ने पुरस्कृत किया ।

मस्तूरी ब्लॉक के गांवों में किसानों ने किया फसल प्रदर्शन

निरीक्षण अधिकारी ने लिया जायजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम रैलहा में चना प्रदर्शन 20 हेक्टेयर, ग्राम भुरकुण्डा एवं जैतपुरी में सरसों प्रदर्शन, ग्राम हिर्री में मूंगफली प्रदर्शन 20 हेक्टर का अवलोकन एवं मूल्यांकन निरीक्षण अधिकारी सरजू पल्लेवाल ने किया। इसके साथ ही उन्होंने बीज उत्पादन प्रोगाम के तहत ग्राम रिस्दा में मटर फसल 10 हेक्टेयर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने योजना क्रियान्वयन, फसल, बीज मिनीकीट, समूह प्रदर्शनी की वर्तमान स्थिति, प्रगति सह रबी फसल की स्थिति व कटाई एवं अन्य योजनाओं के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु विकासखण्ड मस्तूरी के विभिन्न गांवों में फसल प्रदर्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक एम.के. चैहान, उप संचालक पी. हथेश्वर, सहायक संचालक अनिल कौशिक, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ए.के. आहिरे, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी विजय धीरज एवं समस्त किसान मौजूद थे।

जिला पंचायत की बैठक 9 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक अब 9 मार्च को जिला पंचायत सभाकक्ष में रखी गई है। जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान करेंगे। सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4.30 बजे होगी। बैठक में विद्युत, वन, क्रेडा, कृषि, पशु पालन, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया जारी है, जो कि 22 मार्च तक खुली रहेगी। इच्छुक आवेदक जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण), महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी एवं हवलदार एसएसी के पदों के लिए वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अग्निवीर क्लर्क के पद का नाम परिवर्तित किया गया है, अब इसे अग्निवीर असिस्टेंट कहा जाएगा। साथ ही इसके लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने उक्त भर्ती प्रक्रिया के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए है। साथ ही पंजीयन के लिए सभी विभागों को लक्ष्य आबंटित किया गया है। निर्देशानुसार आयुक्त, नगर पालिक निगम को 200, अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग को प्रत्येक शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों के 400, संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं को प्रत्येक शासकीय एवं निजी आईटीआई के 250, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को छात्रावास के छात्र एवं छात्रा के 100, जिला शिक्षा अधिकारी को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए 600, सीईओ जनपद पंचायत को प्रत्येक जनपद पंचायत के 400, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को प्रत्येक नगर पंचायत/नगर पालिका के 300, सभी प्राचार्य, पॉलीटेक्निक कॉलेज को प्रत्येक पॉलिटेक्निक के 100, सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण पंचायत को 100 एवं जिला सेनानी, नगर सेना को 100 उम्मीदवारों के पंजीयन का लक्ष्य दिया गया है।

यात्री सुविधा | पूरी-जोधपुर-पूरी, बिलासपुर-भगत की कोठी व विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेनों का होगा नए स्टेशनों में ठहराव

तीन एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव विस्तारित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा रेल मण्डल के अंतर्गत आने वाले शामगढ़ रेलवे स्टेशन में गाड़ी संख्या 20813/20814 पूरी-जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस का एवं सुवासरा रेलवे स्टेशन में गाड़ी संख्या 20843/20844 बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव की सुविधा 9 मार्च से प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले मुरेना रेलवे स्टेशन में 12807/12808 विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव की सुविधा 7 मार्च से प्रदान की जा रही है। यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छः माह के लिए दिया जा रहा है । 10 मार्च से जोधपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस का शामगढ़ रेलवे स्टेशन में 00.33 बजे पहुचकर 00.35 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में 15 मार्च से पुरी रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20813 पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस का शामगढ़ रेलवे स्टेशन में 00.18 बजे पहुचकर 00.20 बजे रवाना होगी। 9 मार्च से भगत की कोठी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस का सुवासरा रेलवे स्टेशन में 13.41 बजे पहुंचकर 13.43 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में 12 मार्च से बिलासपुर रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस का सुवासरा रेलवे स्टेशन में 14.21 बजे पहुचकर 14.23 बजे रवाना होगी। 5 मार्च से विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12807 विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस का मुरेना रेलवे स्टेशन में 13.18 बजे पहुचकर 13.20 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में 7 मार्च, से निज़ामुद्दीन रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस का मुरेना रेलवे स्टेशन में 10.38 बजे पहुचकर 10.40 बजे रवाना

शिवनाथ व इंटरसिटी होगी आरामदायक, डोंगरगढ़ में ठहरेगी वंदे भारत ट्रेन

एलएचबी कोच से चलेंगी दोनों ट्रेनें, 12 से मिलेगी सुविधा शिवनाथ व इंटरसिटी एक्सप्रेस के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है।

यात्रियों का सफर इस ट्रेन में पहले से आरामदायक व सुरक्षित हो जाएगा। पांरपरिक कोच हटाकर रेलवे अब इन दोनों ट्रेनों को एलएचबी कोच के साथ चलाएगी। यह सुविधा 12 मार्च से मिलने लगी। रैक उपलब्ध होने के बाद परिचालन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच काफी सुरक्षित भी है। यही कारण है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नहीं, बल्कि पूरे भारतीय रेलवे में धीरे-धीरे ट्रेनों के परिचालन के लिए इसी कोच का उपयोग किया जा रहा है। जैसे-जैसे रैक उपलब्ध हो रहे हैं, अलग-अलग ट्रेनों आइसीएफ कोच को हटाकर उसकी जगह पर इस कोच लगाए जा रहे हैं। बिलासपुर रेल मंडल की बात करें तो यहां अधिकांश ट्रेनें एलएचबी कोच से चलती है। शिवनाथ एक्सप्रेस व इंटरसिटी एक्सप्रेस के यात्री इससे वंचित थे। जिसे भी अब एलएचबी से चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। इन कोचों में सामान्य कोचों की तुलना में ज्यादा जगह होती है। आइसीएफ़ कोच की तुलना में एलएचबी कोच में बर्थ की संख्या भी अधिक होती है। इससे रेल यात्रियों को अधिक से अधिक बर्थ उपलब्ध होगी। एलएचबी कोच में हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है। वही दाएं - बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है। 18240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस में 12 मार्च से और 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस के यात्रियों को 13 मार्च से यह सुविधा मिलेगी। इसी तरह 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस 12 मार्च से व 12856 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में 14 मार्च एलएचबी कोच के साथ चलेगी। यह दोनों ट्रेनें जोन की प्रमुख ट्रेन है। यात्रियों को रेलवे ने बड़ी सुविधा दी है।

■ न्यूज गैलरी

जिला पंचायत में होगा महतारी वंदन का जिला स्तरीय कार्यक्रम

कांकेर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशि अंतरित करने हेतु प्रत्येक जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में सम्मेलन का आयोजन 7 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य के सभी जिला मुख्यालय एवं ब्लाक मुख्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर हितग्राहियों को संबोधित करेंगे एवं डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक पात्र महिलाओं के खाते में राशि अंतरित करेंगे। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के पात्र हितग्राहियों को 01 हजार रूपए की सहायता राशि मिलेगी। जिला मुख्यालय में यह कार्यक्रम जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह 11.00 बजे से आयोजित है तथा सभी ब्लाक मुख्यालयों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

सरकारी कार्यालयों का एक करोड़ 86 लाख से अधिक का बिजली बिल की वसूली

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में बकाया बिजली बिल के विरूद्ध अब तक कुल 01 करोड़ 86 लाख 82 हजार 216 रूपए की राशि विद्युत विभाग को प्राप्त हुई है। विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले के सर्वाधिक पुलिस विभाग से 01 करोड़ 06 लाख 75 हजार 417, शिक्षा विभाग से 41 लाख 80 हजार 889 रूपए, महिला एवं बाल कल्याण विभाग से 07 लाख 85 हजार 91 रूपए, वन विभाग से 05 लाख 70 हजार 960 रूपए एवं विभिन्न बैंकों से 02 लाख 69 हजार 466 रूपए, न्यायालय से 01 लाख 85 हजार 346 रूपए, लोक निर्माण विभाग से 01 लाख 82 हजार 540, ग्राम स्वास्थ्य विभाग से 01 लाख 60 हजार 235 रूपए, शासकीय डिग्री कॉलेज से 01 लाख 53 हजार 429 रूपए, उद्यान विभाग से 01 लाख 39 हजार 120, आदिम जाति कल्याण विभाग से 1 लाख 26 हजार 312 रूपए, जनपद पंचायत 01 लाख 07 हजार 940 रूपए एवं आईटीआई से 01 लाख 02 हजार 792 रूपए राशि सहित अन्य विभागों से विद्युत बिल बकाया राशि की रिकवरी की गई है।

सुकांति बेटियों की शिक्षा के लिए करेगी राशि का उपयोग

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रदेश मे महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज मे महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओ को प्रतिमाह एक हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

महतारी वंदन योजना के तहत चयनित हितग्राही सुकांति सिंग भी उन चयनित लोगों में से है जिन्हे 8 मार्च को योजना के तहत पहली किश्त मिलेगी। जगदलपुर जनपद के आडावाल निवासी सुकान्ति सिंग ने बताया कि सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना प्रारंभ करने घोषणा के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग की कर्मचारियों से मुहल्ले में जानकारी दी जा रही थीं सूचना मिलने के बाद इलाके के सामुदायिक केंद्र में लगे शिविर में आवेदन की थी।

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पोर्टल को कल किया जाएगा लांच

■ **25 फीसदी सहकारी समिति भारत में 30 करोड़ लोग जुड़े हैं**

कांकेर/नवप्रदेश। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में 8 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पोर्टल लॉन्च एक दिवसीय कार्यशाला देश की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित होगी। यह कार्यशाला कार्यक्रम जिसमें जिला वनोपज सहकारी संघ अध्यक्ष एवं सहकारी नेता नितिन पोटाई एवं जिला वनोपज संघ के उपाध्यक्ष नंदलाल मंडावी भाग लेंगे।

इस विषय पर चर्चा करते हुए जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने बताया कि यह राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पोर्टल का शुभांरभ और एनसीडी पोर्टल पर तकनीकी कार्यशाला 8 मार्च को सुबह 9 बजे भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम, एनएएससी कॉम्प्लेक्स, आईसीएआर, नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित की जाएगी। सहकारिता क्षेत्र का सुनियोजित विकास करने के लिए एक डेटाबेस आवश्यक है। इसी दिशा में सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से, एक व्यापक, प्रामाणिक और अद्यतित राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस विकसित करने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

गरीबी, खाद्य और रोजगार की समस्या मिटाने में कारगर- विश्व की 25 प्रतिशत सहकारी समितियां भारत में मौजूद है। देश में करीब 8 लाख सहकारी समितिया है जिसमें लगभग 30 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। ये देश के हर जिले में 35 से ज्यादा सेक्टरों में फैले हुए हैं। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, गरीबी मिटाने, खाद्य की समस्या, रोजगार की समस्या मिटाने में बहुत बड़ी भूमिका निभा सकती है। देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए योजना, नीति निर्माण और कार्यान्वयन में केंद्रीय मंत्रालय, राज्य सरकारें, सहकारी संघ, सहकारी समितियां और नाबार्ड जैसे क्षेत्रीय संस्थान आदि शामिल हैं। डेटाबेस सहकारी समितियों के भौगोलिक प्रसार के संदर्भ में अंतराल की पहचान करने में भी मदद करेगा। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित करने का उद्देश्य देश भर में विभिन्न क्षेत्रों की 8.5 लाख सहकारी समितियों पर प्रामाणिक और अद्यतन जानकारी तक एकल बिंदु पहुंच प्रदान करना है। डेटाबेस सहकारी समितियों से संबंधित कई मापदंडों यानी स्थान और संख्या पर डेटा एकत्र करेगा।

डाक मतपत्र के लिए करें आवेदन

कांकेर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया गया। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में अंतिम प्रकाशन की स्थिति में जारी मतदाता सरल क्रमांक के आधार पर ही मतदान सम्पन्न कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने अपील करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिनकी ड्यूटी मतदान कामिर्को (पुलिस कार्मिक, वनकर्मी, वाहन चालक एवं अन्य) के रूप में लगाई जाएगी, वह सरल क्रमांक की सहीं जानकारी के साथ ही निर्धारित प्रपत्र में डाक मतपत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। मतदाता सूची में मतदाता अपना नाम देखने के लिए https:// electoralsearch. eci.gov.in लिंक में जाकर सर्च कर सकते हैं। उक्त लिंक में जाकर अपना भाग संख्या एवं मतदाता सरल क्रमांक देखकर पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदाताओं में जागरूकता हेतु ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट्स मशीनों का आम जनता में प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे नवीन मतदाताओं एवं आम जनता में इव्हीएम एवं व्ही व्ही पेट्स के प्रति जागरूक किया जा सके।

किसानों को शीघ्र किया जाएगा लंबित बोनस का भुगतान

■ **तहसील कार्यालयों में हो रहा सत्यापन**

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर 300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के खरीफ वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर किया गया था। जिले के किसानों को अब तक 92 करोड़ 71 लाख 44 हजार रूपये धान उत्पादक प्रोत्साहन राशि का भुगतान हो चुका है। जिन किसानों के धान बोनस राशि का भुगतान लंबित है, वे अपने संबंधित तहसील कार्यालय में जाकर खाता संख्या के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि जिले में संचालित 70 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के खरीफ वर्ष 2014-15 के कुल 42 हजार 807 कृषकों को 54 करोड़ 61 लाख 88 हजार रुपए एवं खरीफ वर्ष 2015-16 में कुल 33 हजार 748 कृषकों को 39 करोड़ 97 लाख 21 हजार रुपए का बोनस राशि भुगतान किया जाना है, जिसमें वर्ष 2014-15 के कुल 41 हजार 840 किसानों को 53 करोड़ 43 हजार 85 हजार रूपये का भुगतान किया जा चुका है और कुल 967 किसानों को 01 करोड़ 17 लाख 98 हजार रूपए की राशि भुगतान लंबित है। इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में 33 हजार 186 किसानों को 39 करोड़ 27 लाख 59 हजार रूपए का भुगतान किया जा चुका है एवं कुल 562 किसानों को 69 लाख 66 हजार रूपए की राशि भुगतान हेतु लंबित है।

भुगतान हेतु लंबित किसानों का तहसीलदार द्वारा सत्यापन तहसील मॉड्यूल में किया जा रहा है, जिसमें आज दिनांक तक वर्ष 2014-15 में कुल 727 किसान सत्यापन हेतु शेष है। इसी प्रकार 2015-16 में कुल 491 किसान शेष है, जिसका सत्यापन जिले की 8 तहसीलों में तहसीलदार द्वारा किया जा रहा है। लंबित कृषकों का तहसील से सत्यापन उपरांत बैंक द्वारा भुगतान की प्रक्रिया सतत् जारी है।

आस्था गुरुकुल में नए सत्र से 9-10 वीं की कक्षाएं भी लगेंगी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में दूरस्थ अंचलों के नक्सली अहिंसा से पीड़ित अनाथ बच्चों के लिए जिला प्रशासन की अनोखी पहल आस्था गुरुकुल आवासीय विद्यालय, इस विद्यालय की स्थापना 2007-08 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से नक्सल पीड़ित परिवारों के बच्चों के लिए स्थापित किया गया है। यह विद्यालय दंतेवाड़ा जिले में शैक्षणिक संस्थानों में से एक है, जो क्षेत्रीय विकास और शिक्षा के प्रसार में योगदान दे रहा है।

गौरतलब है कि राज्य में चल रहे नक्सली हिंसा से अनाथ हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, आवास, भोजन, स्वास्थ्य, खेल, मनोरंजन आदि की सुविधा प्रदान कर विभाग संरक्षक की भूमिका निभाते हुए रोजगार में स्थापित कर ऐसे बच्चों के जीवन में स्थायित्व पैदा करना है। इस विद्यालय में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाएं जैसे ग्रंथालय, कंप्यूटर शिक्षा, अवकाश कालीन प्रशिक्षण, चिकित्सा सुविधा, मनोरंजन एवं खेलकूद की सुविधा, व्यावसायिक शिक्षा आदि शामिल है। आस्था गुरुकुल विद्यालय में वर्तमान में पहली से आठवीं तक कक्षा संचालित थी। आस्था गुरुकुल आवासीय विद्यालय में बीते दिनों कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दरमियान विद्यालय के अधीक्षक और बच्चों द्वारा विभिन्न समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया। उन्होंने बच्चों और अधीक्षक की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नए स्कूल भवन का निर्माण कार्य आस्था गुरुकुल विद्यालय दंतेवाड़ा में प्रारंभ करने की भी निर्देश संबंधित को दिए गए। जिससे आने वाले सत्र में बच्चों के लिए 9 वीं से 10 वीं तक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश भी दिए।

शोयबा फातिमा बनी गोल्ड मेडलिस्ट

कोंडागांव/नवप्रदेश। शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा बीकॉम भाग. 3 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर विश्विद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में गोल्ड मैडल प्रदेश के मुख्यमंत्री के हाथों प्रदान किया है। शोयबा फातिमा केशकाल निवासी मोहम्मद फिरोज मेमन एसलमा बानो की पुत्री हैं। माता सलमा बानो ने बताया कि शोयबा बचपन से ही पढ़ाई में होनहार रहीं है।

जंगल में लाखों खर्च कर बनाए गए तालाबों में पानी नहीं

पखांजूर/नवप्रदेश। जंगलों वन्य प्राणियों के लिए विभाग व्दारा लाखों खर्च कर तालाब बनाए गए हैं। परंतु इसका लाभ वन्य प्राणियों को नहीं मिल रहा है। वर्तमान में गर्मी पड़नी शुरु भी नहीं हुई है और पानी के लिए हाहाकार मच गया है। लाखों खर्च कर बनाए गए तालाब टूट गए हैं। इससे अधिकारी बेखबर,वन परिक्षेत्र पूर्व के अधिकारी का कारनामा, लाखों खर्च कर बनाया तालाब पहली गर्मी में जीव जंतुओं को पानी पीने का नसीब नहीं हुआ, गर्मी के मौसम जंगल के जीव जंतुओं को प्यास बुझाने के लिए सरकार करोड़ों खर्च तो कर दिया पर सरकार की योजनाओं को जंगल मे कितने कगार साबित हुआ। इसका जीता जागता तस्वीर सामने हैं, जंगल की आड़ में अधिकारी ने मात्र पचास हजार खर्च कर चोटी छोटी नाली को बांध दिया गया। पत्थर की पिचिंग कराया गया है। जो साल भर बी नहीं टिक पाया। तालाब के लिए 10 से 12 लाख रुपए की मंजूरी दी गई थी। जिसमें वन विभाग के अधिकारियों ने गड़बड़ी की है। तालाब की गहराई देखकर नहीं लगता अधिकारी पूरा खर्च कर मजबूती के साथ बनाया होगा । जिसके चलते एक साल में टूट कर बिखर गया,अब सवाल उठता है आखिर वन विभाग जंगल मे दर्जनों तालाब बनाया गया आखिर इसके पीछे मकसद क्या है जंगली जीव जंतुओं पशु पक्षियों को प्यास बुझाने के उद्देश्य से या अपने जेब भरने के लिए ये तो बनने वाले अधिकारी ही बता पाएंगे,पूर्व वन परिक्षेत्र बांदे द्वारा उलिया तथा माड़पखांजूर जंगल में बीते वर्ष दर्जनों तालाब बनाए गए थे। जो सिर्फ और सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। आखिर विभाग में पदस्थ वनपरिक्षेत्राधिकार अधिकारी ने कितने ईमानदारी के साथ तालाब निर्माण किया है। गर्मी में लाखों के तालाब में पानी नहीं है। सरकार की योजना दम तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। लाखों करोड़ों खर्चने के बाद भी अगर कोई लाभ ना मिले तो विभागीय कर्मचारी अधिकारी के कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजिमी हैं।

शासकीय कार्यालयों को तंबाकु मुक्त बनाने के निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक ली। बैठक में शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों में तंबाकू मुक्त बनाने के लिए आवश्यक उपाय करने के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों अपने-अपने कार्यालयों को तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित करने सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए और कहा कि कार्यालयों में कोई भी तंबाकू, गुटखा, सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद का सेवन करने पर उस पर कोटपा एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी तंबाकू या तंबाकू युक्त अन्य उत्पादों की बिक्री या सेवन करने वालों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री अविनाश खरे ने बताया कि सभी विभागों के अधीनस्थ कार्यालयों में कोटपा एक्ट के उल्लंघन करते पाये जाने पर 200 रुपए की जुर्माना राशि वसूली जाएगी। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर वनमंडलाधिकारी जाधव श्रीकृष्ण, अपर कलेक्टर द्वय एस. अहिरवार एवं बीएस उईके, जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

बीएमओ और आरईएस के अधिकारियों को नोटिस

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर ने आमजनता के लिए संचालित सुविधाओं के जायजा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य माकड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र के आईसोलेशन वार्ड जनरल वार्ड भंडार कक्षए दवा वितरण केन्द्र एनआरसी लेबोरेटरी आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां उन्होंने आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य में विलम्ब को देखते हुए निर्माण एजेंसी आरईएस के अधिकारियों को नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होंने एनआरसी पहुंच दर्ज संख्या कम होने पर असंतुष्टि व्यक्त की साथ ही उन्होंने बच्चों के परिजनों से चर्चा करते हुए पूरक पोषण आहार की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की। जिसमें बच्चों को पूरक पोषण आहार न मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए बीएमओ को नोटिस जारी करते हुए 07 दिनों के भीतर व्यवस्थाओं के सुधार हेतु निर्देशित किया। एनआरसी में कलेक्टर द्वारा अपने समक्ष बच्चों का वजन कर उनकी जांच करवायी। उन्होंने मरीजों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वॉटर कुलर की व्यवस्था करने को कहा। मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा के दौरान परिजनों द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र में कुछ रक्त जांच सुविधाओं के उपलब्ध न होने की जानकारी दी गयी। जिस पर कलेक्टर ने जल्द से जल्द रक्त जांच प्रारंभ कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

केन्द्रीय दल ने किया एनीमिया मुक्त कोंडागांव अभियान का निरीक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। हायर सेकेंडरी स्कूल मसोरा में एनीमिया मुक्त कोंडागांव अभियान का निरीक्षण नीति आयोग के दो सदस्यीय केन्द्रीय दल ने मंगलवार को किया। इस दल में नीति आयोग के अवर सचिव जगदीश सिंह तथा आवास एवं नगरीय प्रशासन विभाग के अवर सचिव दीपक कुमार द्वारा अभियान का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर दल द्वारा जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया उन्मूलन हेतु किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विस्तारपूर्वक अभियान की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने अभियान को कोण्डागांव सहित सभी जिलों के लिए अनुकरणीय बताते हुए योजना की बारिकियों एवं संचालन के संबंध में होने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान को जाना। कोंडागांव अभियान का सुचारू रूप से संचालन जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया जा रहा है।

कलेक्टर ने वृद्धाश्रम का किया आकस्मिक निरीक्षण

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कोण्डागांव के डीएनके कॉलोनी में संचालित समर्पण वृद्धाश्रम का बुधवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने व्यवस्थाओं की जांच करते हुए सर्वप्रथम सभी संचालन पंजियों की जांच करते हुए उपस्थिति के साथ खाने एवं सुविधाओं की प्रविष्टियों की जांच की। जिसमें उन्होंने पंजियों में अपूर्ण प्रविष्टियों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने किचन में जाकर व्यवस्थाओं की जांच करते हुए पुराने फ्रिज को बदलने एवं खाने के मेन्यू के हिसाब से समयानुसार वृद्धों को खाना उपलब्ध कराने को कहा।

वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धों से कलेक्टर ने चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। जिसमें सभी वृद्धों ने व्यवस्थाओं के प्रति संतुष्टि व्यक्त की। कलेक्टर ने सभी कक्षों में लाइट एवं पंखों की भी जांच की जिसमें कई विद्युत उपकरण खराब पाये गए। जिसपर कलेक्टर ने संचालन करने वाली कुरूद की शांति ग्रामीण विकास संस्थान को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाओं को ठीक कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ललिता लकड़ा को कलेक्टर द्वारा नियमित रूप से वृद्धाश्रम का निरीक्षण करने एवं बीमार वृद्धों का इलाज कराने एवं दिव्यांग वृद्धों को सहायक उपकरण उप्लब्ध के निर्देश दिए।

जल जीवन मिशन के कार्यों को एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा बुधवार को छोटेसलना एवं काटागांव में निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम वे काटागांव पहुंचे। जहां उन्होंने धान संग्रहण केंद्र में निर्माणाधीन गोदाम सह कार्यालय निर्माण कार्य में छत और शौचालय का निर्माण प्रारम्भ नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे प्रारंभ करा कर 20 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त छोटेसलना के निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक जल उपलब्ध कराने के लिए पानी टंकी का निर्माण पूर्ण कर पाईप कनेक्शन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य में विलंब पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए ठेकेदार को 07 दिनों में काम पूरा करने को कहा। यदि एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा नहीं होता है तो विभागीय अधिकारियों को ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिया। इस अवसर पर ईई पीएचई एचएस मरकाम, एसडीओ वीरेंद्र पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

नदी के नीचे भारत...

बता दें कि हावड़ा मैदान- एस्पलेनैड मेट्रो खंड में भारत की किसी भी बड़ी एवं तीव्र प्रवाह वाली हुगली नदी के नीचे पहली परिवहन सुरंग है, जो भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है। वहीं तारातला-माजेरहाट मेट्रो खंड का माजेरहाट मेट्रो स्टेशन प्लेटफार्मों और नहर के पार सबसे ऊंचा मेट्रो स्टेशन है।

इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के पुणे में रूबी हॉल क्लिनिक से रामवाड़ी खंड तक पुणे मेट्रो, कोच्चि में एसएन जंक्शन मेट्रो स्टेशन से त्रिपुनिथुरा मेट्रो स्टेशन तक कोच्चि मेट्रो रेल चरण-1 विस्तार परियोजना, आगरा में ताज ईस्ट गेट से मनकामेश्वर तक आगरा मेट्रो का विस्तार और दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का दुहाई-मोदीनगर (उत्तर) खंड का उद्घाटन किया और इन खंडों पर ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखायी। प्रधानमंत्री ने पिंपरी चिंचवड़ मेट्रो-निगड़ी के बीच पुणे मेट्रो रेल परियोजना पहले चरण के विस्तार की आधारशिला भी रखी।

520 मीटर लंबे भाग को 45 सेकंड में पार करेगी

कोलकाता मेट्रो रेल निगम (केएमआरसी) लिमिटेड द्वारा निर्मित इस परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि सुरंग में मेट्रो रेल हुगली नदी के जल प्रवाह के 520 मीटर लंबे भाग को 45 सेकेंड में पार करेगी। अपने तरह की इस अद्वितीय सुरंग को जमीन से 33 मीटर और नदी की तलहटी के 16 मीटर नीचे, जर्मनी से आयातित विशेष मशीन अर्थ प्रेशर बैलेंसिंग मशीन (ईपीबीएम) से तैयार किया गया है।

छह भूमिगत और छह एलिवेटेड हैं

हावड़ा मैदान से सेक्टर 5 के बीच 16.55 किलोमीटर लंबी पूर्व-पश्चिम मेट्रो परियोजना में 9.25 किलोमीटर का हिस्सा सियालदह से सेक्टर 5 पर पहले ही परिचालन हो रहा है। सियालदह से हावड़ा मैदान के बीच में 12 स्टेशन हैं , जिसमें छह भूमिगत और छह एलिवेटेड हैं।

पैसे की कमी से 1923 से ठंडे बस्ते में रही परियोजना

दस्तावेजों के अनुसार पैसे का इंतजाम नहीं हो पाने की वजह से यह परियोजना 1923 में ठंडे बस्ते में डाल दी गई। यदि उस समय पैसे की कमी नहीं होती तो एक सदी पहले ही यह सपना साकार हो चुका होता। बाद में 1949-50 में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री डॉ विधान चंद्र रॉय ने इसे परियोजना को उठाने की कोशिश की। उन्होंने फ्रांस से विशेषज्ञों की एक टीम बुलाई, लेकिन कुछ हो नहीं पाया।

एक सदी से अधिक ...

बनारस रोड सल्किया तक 10.4 किलोमीटर की ÷ईस्ट वेस्ट ट्यूब रेलवे÷ यानी मेट्रो रेल परियोजना की रिपोर्ट पेश की थी जिसकी लागत 35.27 लाख पाउंड आने का अनुमान लगाया गया था। यह राशि मौजूदा समय में करीब सात हज़ार करोड़ रुपये होती। इस परियोजना को 1925-26 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। यह मेट्रो लाइन हुगली नदी की तलहटी के नीचे सुरंग के रास्ते बनाने का प्रस्ताव था।

धर्मशाला में ठहरे युवक ...

गुजरात सूरत के रहने वाला फिरोज लखानी स्टेशन रोड के पास स्थित अहीर धर्मशाला में ठहरा हुआ था।

आरोपी के खिलाफ रायपुर के तीन अलग-अलग थानों में 420 जैसे धाराओं में मामले दर्ज है। ये तमाम थाने आजाद चौक, उरला और राजेंद्र नगर है। बताया जा रहा है कि आरोपी के बेटे पर भी इस तरह के आरोप हैं। फिलहाल आरोपी ऐसे ही एक मामले की पेशी में रायपुर पहुंचा था।

बीजेपी विधायक के ...

सिलसिले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। मृतक नीरज पासवान आपराधिक पृष्ठभूमि से था। वह पूर्व मेयर शिवराज पासवान हत्याकांड में भी आरोपी था। वह हाल ही में जेल से रिहा हुआ था।

प्रशासन में हड़कंप- कांग्रेस ...

विधानसभा क्षेत्र बहुत बड़ा है। इस क्षेत्र के लोगों को मुझसे मुलाकात करने के लिए 100 किमी दूर आना पड़ता है। सरकार और प्रशासन मुझे व्यवस्था का हिस्सा नहीं मानती इसलिए मुझे सुविधा नहीं दे रही है।

खुद के लिए आवास नहीं, सुरक्षा कर्मियों को कहां रखूंगा

उन्होंने कहा कि मैनपुर नाहनबिरी स्थित अपने आवास में मैंने अपने खर्चे पर सुरक्षा व्यवस्था कराई है। उन्होंने बताया कि मेरे पास देवभोग में आवास की व्यवस्था नहीं है, मेरे स्वंय के रहने की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में मैं अपने सुरक्षाकर्मियों को कहां रखूंगा। इस मामले से कई बार प्रशासन को अवगत करा चुका हूं।

खेलो इंडिया में खेलने ...

और व्यवहार्य कैरियर विकल्प में बदलना। खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे।

कांग्रेस ने विधायक सुधीर ...

सहित छह विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी। कांग्रेस ने इन विधायकों को पार्टी विरोधी गतिविधि के कारण अयोग्य ठहराने की विधानसभा अध्यक्ष से अपील की थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

राजनांदगांव जिले के बच्चों ने किया मैत्री गार्डन का शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन ज जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे के निर्देशन में जिले के विकासखंड डोगरगढ़, छुरिया, डोगरगांव तथा राजनादगांव के प्रारंभिक तथा माध्यामिक शालाओं के विद्यार्थियों ने मैत्री गार्डन भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बच्चो ने वहां स्थित चिड़िया घर में वन्य पशुओं को विचरण करते हुए देखा। इस अवसर पर बच्चों ने चिड़ियाघर में विभिन्न शेर, भालू, तेंदुआ, अजगर, बारहसिंगा, हिरण, मृग, कई प्रकार के बंदर, कई प्रकार के चिड़िया आदि जीव-जंतुओ को देखा और उनके बारे मे जानकारी प्राप्त की। मैत्री बाग चिड़ियाघर के साथ बच्चों को पार्क का भ्रमण कराया गया। इस पार्क में कई गार्डन, झील, मानव निर्मित वाटरफॉल, म्यूजिकल फाउंटेन और टॉय ट्रेन भी है। साथ ही पार्क में एक स्तंभ भी है, जिसे प्रगति मीनार के नाम से जाना जाता है। यहां से मैत्री बाग और स्टील प्लांट का विहंगम नजारा देखने को मिलता है, जिसे देखकर बच्चे काफी खुश और रोमांचित भी हुए और यह भ्रमण उनके लिये एक यादगार और आकर्षण का केंद्र रहा।

कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। ज़िले में आगामी लोकसभा निर्वाचन को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन रणबीर शर्मा ने बीते सोमवार को देर शाम यहां कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में बैठक के माध्यम से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सहायक मतदान केंद्र पर विचार-विमर्श किया गया। वही लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु पेयजल, दरी, फैन, पंडाल, खाद्य पदार्थ आदि जैसे विभिन्न सामग्रियों के साथ वाहन, नाचा दल, आदि के दर का निर्धारित हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा निर्वाचन-2023 अनुमोदित की गयी दर की सहमति दी गयी।।

अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक संपन्न

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज यहाँ जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक कलेक्टर ने जिलें के अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न विभागों के शासकीय योजनाओं के तहत कार्यो की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सफाई की स्थिति जानने पहुंचे आयुक्त

दुर्ग। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने आज सुबह कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता हरिशंकर साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व स्वास्थ्य विभाग अमला के साथ गांधीचौक, कचहरी चौक, महावीर कॉलोनी, बैद्यनाथपारा, कलेक्ट्रेट के पीछे बिजली ऑफिस के आसपास के अलावा पटेल चौक क्षेत्र सहित आदि स्थानों में सफाई व्यवस्था देखी। इसके बाद आयुक्त ने वार्ड 51 बोरसी मधुबन कालोनी में हो रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को नाला निर्माण कार्य समय एवं गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के कई वार्डो में सड़क, नाली के किनारे बिल्डिंग मटेरियल रखने पर सामग्री जब्त करें एवं सड़क क्षेत्र किनारे कबाड़ गाड़ियों को हटाने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिये, रेत, गिट्टी रखने के कारण नालियां हो रही जाम आयुक्त ने बताया कि भवन निर्माण हेतु बिल्डिंग मटेरियल रखने की व्यवस्था रखें।

विधायक बोहरा ने समस्या के तत्काल निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

■ **समस्याओं के निराकरण के साथ ही जनता के सुझाव भी हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं,तभी होगा क्षेत्र का विकास : भावना बोहरा**

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा के विकास और जनता की समस्याओं के लिए निरंतर कार्य करते हुए विधायक भावना बोहरा ने आज ग्राम कुंडा में जन-भावना मुलाकात कार्यक्रम के तहत जनता से रूबरू हुई। विधानसभा सदन हो या विधानसभा क्षेत्र, भावना बोहरा द्वारा जनहित के लिए लगातार प्रयास किये जा रहें हैं जिससे क्षेत्र की जनता को भी लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में भावना बोहरा ने कुंडा मंडल में ÷जन-भावना मुलाकात÷ के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और वहां उपस्थित समस्त शासकीय विभागों के अधिकारियों को उनके तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए।

भावना बोहरा ने कहा कि आज कुंडा क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए हमने जन भावना मुलाकात कार्यक्रम के जरिए एक प्रयास किया है कि क्षेत्रवासियों को उनके गाँव के समीप ही सुविधा मिल सके। आज यहां बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्यापत विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे हैं इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां

उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे। इसलिए हमने यह प्रयास किया है और प्रतिमाह ऐसे प्रयास हम करते रहेंगे, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण के लिए हम कार्य करते रहेंगे।

जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता से मुलकात में बहुत सी मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं के आभाव होने की सूचना थी। पूर्व की कांग्रेस सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होपाता था और क्षेत्र का विकास भी पूरी तरह ठप्प था। लेकिन अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सुशासन का सूर्योदय हुआ। इससे जनता में भी एक नया विश्वास आया है और उनके इस विश्वास को पूरा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े हर विषय को लेकर हम संवेदनशील हैं और उसका समाधान करना ही हमारा उद्देश है। ऐसे कार्यक्रम जनता से जुड़ने का भी एक बहुत ही अच्छा माध्यम भी है जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को बता सकते हैं। वो एक उम्मीद के साथ आते हैं और उनकी इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए ही हमने यह प्रयास किया है ताकि एक जनप्रतिनिधि व जनता के बीच बेहतर सामंजस्य हो, किस प्रकार क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा इसके लिए उनके सुझाव हमें मिले। इन्हीं सुझावों व आपसी सामंजस्य से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझपर विश्वास कर जो जिम्मेदारी दी है उसे निभाने के लिए मैं कटिबद्ध हूँ। क्षेत्रवासियों समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना न पड़े इसके लिए प्रतिमाह इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जनता के बीच जाएंगे, उनके गाँव में जाकर जन-भावना मुलाकात के माध्यम से उनकी मूलभूत सुविधाओं, प्रमुख मांग व समस्या से अवगत होंगे तथा तत्काल उसका समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

बिना अनुमति के मंत्री से मिलने गया पटवारी, कलेक्टर ने थमाया नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के एक पटवारी राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मिलने रायपुर स्थित उनके बंगले पहुंच गया। सक्षम अधिकारी से अनुमति लिए बगैर मुलाकात के लिए सीधे मंत्री के सामने पहुंच गए। मंत्री श्री वर्मा ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर बिलासपुर को अनुशासनात्मक कारवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित पटवारी को शो कॉज नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे में जवाब तलब किया है। मामला मोपका से स्थानांतरित किए गए पटवारी आलोक तिवारी का है। गौरतलब है कि जिला कार्यालय द्वारा गत 29 फरवरी को पटवारी आलोक तिवारी का तबादला बेलगहना तहसील के हल्का बहेरामुडा किया गया। उसी दिन उन्हें बहेरामुड़ा में ज्वाइनिंग देने के लिए भारमुक्त भी कर दिया गया। भारमुक्ति उपरांत श्री तिवारी अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर न जाकर सीधे राजस्व मंत्री श्री वर्मा से मिलने रायपुर पहुंच गए। अपना तबादला मोपका से बाहर नहीं करने की गुहार लगाई।

स्वच्छ भारत मिशन केंद्रीय योजना भ्रष्टाचार मामले के मौनी संरक्षक बने सांसद पांडे : कांग्रेस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने संसद संतोष पांडे के कार्यकाल को निष्क्रिय काल निरूपित करते हुए कहा कि सांसद अपने क्षेत्र की जनता के हितों को भी ध्यान रखने में बेसुध रहे, जिसके कारण ही स्वच्छ भारत मिशन (शौचालय) केंद्रीय योजना में संसदीय क्षेत्र में हुए व्यापक स्तर पर करोड़ों रुपए की सुनियोजित हेरा-फेरी की प्रमाणित दस्तावेजी शिकायत 15 मार्च 2023 दिए जाने के बाद भी केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने में असफल रहे है, जांच होने पर हितग्राहियों को राहत मिलती, किंतु निष्क्रिय नेतृत्व के कारण यह हो ना सका।

प्रवक्ता दुबे ने आगे कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में व्यक्तिगत शौचालय के लिए संसदीय क्षेत्र के हितग्राहियों को 12000 रूपये की राशि उनके बैंक खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से कर उन्हें योजना से लाभान्वित करना था, लेकिन राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में किसी भी हितग्राही को 12000 रूपये की राशि का भुगतान नहीं किया गया और एक सुनियोजित साजिश के तहत यह कार्य सरपंचों के माध्यम से कराकर सरपंचों को फंसाने का खुला खेल खेला गया। फर्जी ओडीएफ घोषित कर वाहवाही लूट लिये, जिसके चलते बहुत से सरपंचों को राशि हेरा-फेरी एवं गबन के मामले में जेल जाने की नौबत आ गई थी, जबकि इस योजना के अंतर्गत छग की भाजपा सरकार लोक सुराज अभियान 2016 में शासकीय पुस्तक छपा कर योजनानुसार राशि हितग्राहियों को दी जानी है, वह वितरित किया था।

उड़न दस्ता दल ने सुदूर वनांचल क्षेत्र में चल रहे परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर के आदेशानुसार छग माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में नकल अथवा किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकने तथा निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु जिला स्तर पर चार उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में गठित दल क्रमांक-2 में प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव को नियुक्त किया गया है एवं सहायक अधिकारी के रूप में पीआर झाड़े सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव एवं दल के अन्य सदस्य मनीष कुमार सोनी व्याख्याता, श्रीमती स्वाति वर्मा व्याख्याता को दायित्व सौंपा गया है। इस उड़नदस्ता दल द्वारा 4 मार्च को आयोजित 12वीं की परीक्षा अंग्रेजी विषय में कुल 5 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चारभांठा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बागरेकसा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोठीटोला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरतलाव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंडी शामिल है। उक्त सभी परीक्षा केन्द्रों में नकल प्रकरण एवं अनुचित साधन उपयोग के कोई भी प्रकरण नहीं पाये गये।

समय सीमा बैठक में लंबित प्रकरणों का गंभीरता से करें निराकरण -कलेक्टर

■ **राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की**

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने सप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शिकायत और जन शिकायतों से जुड़ी लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जन शिकायतों, आम जनो और राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रियान्वयन एवं निराकरण के लिए सम्मलित किया जाता है, इस एजेंडा में शामिल प्रकरणों को बहुत गंभीरता से ले और निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होने राज्य शासन द्वारा संचालित

महतारी वंदन योजना की क्रियान्वयन एवं दावा-आपत्ति के बाद पात्र हितग्राहियों की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के ठीक एक दिन पहले सात मार्च को राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में सीधे उनके बैंक खाते में इस योजना की पहली किश्त का भुगतान किया जाना है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री वर्चुअल इस कार्यक्रम में जुडेंगे। इसलिए इसकी समूचित तैयारी सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि महतारी वंदन योजना के प्राप्त आवेदनों को दावा-आपत्तियों को निराकरण करते हुए ग्राम स्तर पर अंतिम पात्र सूची का प्रकाशन कर लिया गया है। जिले में इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की संख्या 2लाख 55 हजार 840 है। जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त लाभार्थियों की संख्या 34 हजार 754 है। 2574 आवेदनों में दावा आपत्ति आई थी, जिसका नियमानुसार निराकरण कर लिया गया है। कलेक्टर ने जनशिकायतों से जुड़ी आवेदनों पर समीक्षा करते हुए समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नांदघाट पुलिस ने कोचियों से 176 पौवा शराब किया जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना नांदघाट में 4 मार्च को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 4 कोचियों विजय घृतलहरे ऊर्फ बाबी पिता अनिल घृतलहरे उम्र 20 साल साकिन तिगड्डा चौक लिमतरा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार एवं तीन विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचियों से कुल 176 पौवा देशी मशाला शराब किमती 19360 रूपये व दो नग मोटर सायकल कीमती 50000 रूपये कुल जुमला 69360 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

सरकार बनाने संकल्प सिद्ध करेंगे कार्यकर्ता : बघेल

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। निकट आ चुके लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। भिलाई जिले के वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिये चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सांसद विजय बघेल, जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, विधायक रिकेश सेन द्वारा किया। वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जुट जाने व भाजपा की जीत का परचम लहराने का आह्वान वरिष्ठ नेताओं ने किया। सांसद बघेल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार केन्द्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा

की सरकार बनानी है। भाजपा के ऊर्जावान कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत का संकल्प लेकर कार्य में जुट जाएं। छत्तीसगढ़ में कार्यकर्ताओं के कड़े परिश्रम से भाजपा की सरकार स्थापित हुई है, अब केन्द्र में देवतुल्य के सार्थक प्रयासों से लोकसभा चुनाव में भाजपा की विजय सुनिश्चित होगी। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष वर्मा ने कार्यकर्तो को सम्बोधित करते हुवे कहा की हम सभी की मेहनत से विधानसभा मे एक बड़ी जीत प्राप्त की। अब लोकसभा मे भी इतिहास रचने हमारे कार्यकर्ता तैयार है। हमारे जिले के सभी कार्यकर्ता पहले अपने बूथ विजय की तैयारी मे लग गये है। विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन मौके पर प्रमुख रूप से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा की जो वादा किया वो निभाया। प्रदेश मे डबल इंजन की सरकार त्रिव्य गति से कार्य कर रही है। वैशालीनगर विधानसभा संयोजक कन्हैया सोनी ने कहा की कांग्रेस आज प्रत्याशी चयन करने मे भी असमर्थ नज आ रही। कांग्रेस नेता को डर इतना है की कही कोंग्रेस हमें बली का बकरा ना बना दे।

डॉ राजाराम त्रिपाठी का अंदकुरी गाड़ा समाज ने किया स्वागत

कोंडागांव/नवप्रदेश। अंदकुरी गाड़ा समाज पर की गई प्रथम पीएचडी की उपाधि लेकर कोंडागांव पहुंचने पर नगर सीमा में समाज के द्वारा गाजेबाजे के साथ डॉ राजाराम त्रिपाठी का परंपरागत तरीके से स्वागत किया। स्वागत पश्चात वन विभाग के ऑप्शन हाल में जनसभा कर डॉक्टर त्रिपाठी का नागरिक अभिनंदन किया गया। ड़ा राजाराम त्रिपाठी गाड़ा समुदाय पर हाल ही में अपना शोध पूर्ण किया। शोध के लिए प्रदेश के गवर्नर तथा मुख्यमंत्री के हाथों शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि आप लोगों ने जो अपार प्यार और सम्मान दिया है इसका तहेदिल से आभारी हूं और आज वो अपनी पीएचडी महान गाड़ा समाज को अर्पित करते हैं। यह चमकते सूरज की तरह सच्चाई है कि आप एक गौरवशाली महान शूरवीर वीर पूर्वजों के वंशज हैं। इसके पहले डॉ त्रिपाठी का स्त्री पुरुषों ने परंपरागत गाड़ा बाजे की धुन पर नाचते

गाते आतिशबाजी के साथ उनके निवास तक पहुंचाया। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला अध्यक्ष करन कोर्राम वरिष्ठ जिला सचिव बुद्धमन कुलदीप, प्रांतीय सचिव अनिल कोर्राम युवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल जिला सलाहकार राजेश मरकाम प्रांतीय कोषाध्यक्ष नवल मरकाम चरण सिंह गंधर्व प्रांतीय सलाहकार महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुभद्रा कोर्राम प्रांतीय सचिव युवती कोर्राम वरिष्ठ प्रकोष्ठ से कहर सिह मरकाम बृजलाल बघेल दिनेश नाग अमर सिंह मरकाम दुर्गा प्रसाद मडावी सहित जिला ब्लाक व् तीनों प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और समाज के लोग मौजूद थे।

महिला का पूर्व परिचित चौकीदार ही निकला हत्यारा

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी दिलीप कुमार पाटले पिता सिलऊ राम पाटले उम्र 47 साल साकिन करेली थाना बेरला जिला बेमेतरा के रिपोर्ट दर्ज पर मर्ग क्रमांक 19/2024 धारा 174 दप्रस की जांच दौरान शव पंचनामा कार्यवाही एवं पीएम रिपोर्ट में मृतिका श्रीमती मीना बाई पाटले पति स्वं. अश्वनी कुमार पाटले उम्र 50 साल साकिन करेली हाल चण्डीभाठा थाना बेरला जिला बेमेतरा की मृत्यु गला दबाकर हत्या करला लेख करने पर अपराध सदर धारा का घटित होना पाये जाने से थाना बेरला में अपराध सदर धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारी सहित थाना बेरला द्वारा तत्काल मौके का मुआयना किया गया। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग के सतत मॉनिटरिंग एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक विवेक पाटले एवं थाना स्टाफ को अज्ञात हत्यारे की पतासाजी हेतु लगाया गया। हत्या के प्रकरण में विवेचना के दौरान एवं परीस्थितिजन्य साक्ष्य के अधार पर प्रकरण में परिजन एवं आसपास के लोगो से पुछताछ की गई।

मौके पर लगातार पुलिस टीम की मौजूदगी एवं अज्ञात आरोपी के बारे में पूछताछ करने पर अन्य कई ऐसी बाते उजागर हुई जो संदेह को जन्म देती थी। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में जो टीम गठित हुई थी उनका मौके पर लगातार बने रहने एवं वैज्ञानिक तथा पुरानी पद्धति से मौके को ना छोड़ना लगातार हत्या के संबंध में पूछताछ करते रहना और आरोपी पता साजी हेतु उसके रिश्तेदार परिवार आदि के यहां लगातार पुलिस के पुछताछ करने से पुलिस का दबाव बना। पुलिस के लगातार प्रयास से प्रकरण में विवेचना के दौरान परीस्थितिजन्य साक्ष्य मृतिका के परिजनों एवं गवाहों के साथ पहुचकर संदेही दिलीप यादव उम्र 52 वर्ष साकिन मुड़पार थाना बेरला जिला बेमेतरा पर दबिश देकर हिरासत में लेकर उक्त घटना के संबंध में बारिकी से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया और बताया कि 25 फरवरी को शाम करीबन 4 बजे यह मछली लेकर ईंटा कंपनी आया जिसे साफ कर सब्जी बनाने के लिये मीना बाई को दिया था। रात करीबन 8.30 बजे भुपेश यादव से पता चला कि चांवल को मीना बाई ने शराब के नशे में ज्यादा पकाकर गीला कर दी हैं जो खाने लायक नहीं हैं, ढाबा से खाना खायेंगे बोले तब यह भी दद्दु ढाबा चण्डीभाठा से खाना खाया हैं और रात करीबन 9 बजे यह फैक्ट्री में अपने बिस्तर में बैठा था, उसी समय मीना बाई ईंटा फैक्ट्री में भुपेश यादव, दुर्गेश ठाकुर को खाना खाने बुलाने आई उस समय भुपेश यादव, मनोज मांझी, दुर्गेश ठाकुर अपने अपने बिस्तर में थे, तभी मीना बाई ने दिलीप यादव को गाली गुप्तार कर नियत खोर कमीना है बोल रही थी जिसे गाली गलौज करते सभी लोग सुने हैं। कुछ समय बाद यह भूपेश यादव, दुर्गेश ठाकुर, मनोज मांझी को बोला कि वह जाग रहा हूं, तुम लोग सो जाओ तब वे लोग सो गये। रात्रि करीबन 11.30 बजे भुपेश यादव शौच के लिये उठा जो शौच करने के बाद पुनः अपने बिस्तर में आकर सो गया।

चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से चोरी की हुई करीब 3 लाख रूपये की संपत्ति बरामद किया गया है।

चौकी स्मृतिनगर क्षेत्र में लगातार चोरी होने का शिकायत प्राप्त हो रहा था। दीनदयाल कालोनी से प्रार्थी त्रिलोक धनकर साकिन ग्राम कुसुमकसा डौण्डी जिला बालोद, देवेन्द्र सोनी, उमेश एवं प्रतिभा सहानी निवासी दीनदयाल कालोनी खम्हरिया चौकी स्मृतिनगर से चोरी होने की रिपोर्ट पर चौकी स्मृतिनगर में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। उक्त चोरी के घटनाओ को पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा गंभीरता से लेते हुए अभियान चलाकर अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु निर्देश दिए। टीम तैयार कर अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु अभियान के दौरान संदेही नागेश्वर चंदेल उर्फ नागेश को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ किया गया जो अपने एक अन्य सहयोगी हेमंत कुमार पटेल के साथ मिलकर उपरोक्त स्थानो में चोरी करना स्वीकार किये।

सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन

जामुल। नगर पालिका जामुल में विकास कार्य अनवरत रूप से जारी है। इसी तारतम्य में वार्ड क्र. 14 में 8.50 लाख के सीमेंटीकरण मार्ग का भूमिपूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। भूमिपूजन अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि जामुल पालिका के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के अनुरूप विकास कार्य लगातार जारी है। साथ ही वार्ड पार्षद एवं आम जनता के अपेक्षा अनुरूप कार्य कराये जा रहे है। जिसका सीधा लाभ सभी को मिलेगा। साथ ही प्रत्येक वार्ड में जैसे-जैसे मांग आ रहा है। उसकों पालिका में अधिकारियों द्वारा तत्काल सर्वे किया जा रहा है एवं प्राक्कलन तैयार कर कार्य योजना बनाया जा रहा है। जिसके आधार पर जामुल में विकास कार्य लगातार जारी है। भूमिपूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद राम दुलार साहू, लल्लन सिंह, अश्वनी यादव, अजय साहू, धनेश्वरी साहू, पुष्पा पांडेय, सरिता बंजारे, विजय सिंह, मंजू यादव, कविता शर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित थें।

न्यूज गैलरी

विकसित भारत अभियान के तहत संगीत विवि मे लगाई गई योग प्रदर्शनी

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में विकसित भारत अभियान के तहत योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन में विश्वविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के योग केन्द्र प्रभारी और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अजय पांडेय ने बताया कि इस योग प्रदर्शनी का आम जनमानस को भी लाभ मिला। विकसित भारत अभियान के अंतर्गत योग के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण नवाचार है। डॉ. पांडेय ने बताया कि योग की कक्षाओं के प्रोजेक्ट और आंतरिक मुल्यांकन की दृष्टि से भी यह योग-प्रदर्शनी महत्वपूर्ण रही। इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में शोध की प्रवृत्ति विकसित होती है। कार्यक्रम में अधिष्ठातागण नमन दत्त, राजन यादव, योगेंद्र चौबे, राजेश गुप्ता, आशुतोष चौरे, प्रखर शरण सिंह, समेत विश्वविद्यालय शामिल हुआ। विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय भ्रमण करने वाले आगंतुक भी योग प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे।

चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तारी

भाटापारा/नवप्रदेश। गत सप्ताह मंडी रोड पर स्थित 3 दुकानों में ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में शहर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की है,पकड़ में आरोपियों से पुलिस ने 3 हजार रुपए नकद और 1 सीसी टीवी कैमरा जब्त किया है। उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि प्रार्थी विनोद कुमार जायसवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 27/02/2024 को रात्रि हम तीन लोग अपने अपने दुकान मे शटर बंद कर ताला लगाकर अपने अपने घर गये थे। इसके बाद दिनांक 28/02/24 के रात्रि करीबन 02.45 बजे दुकान का शटर मे लगा हुआ ताला तोड़ कर कोई अज्ञात चोर उनकी दुकान के कॉउंटर मे रखा नगदी 22,000 रूपये चोरी कर ले गया है। चोरों ने उसी रात बगल की हिडाल्सा मेडिकल स्टोर्स से 4000 हजार रुपए नकद तथा शाहजादा डेलीनीड्स दुकान के कॉउंटर मे रखा 1000 रूपये नगदी तथा दुकान के अंदर लगा हुआ MI कम्पनी का CCTV कैमरा कीमती 1000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाना बताया है। की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में सउनि सुरेंद्र सिंह प्रधान आरक्षक भुखन वर्मा आरक्षक विजय ठाकुर,दुर्गेश साहू एवं सिटी सर्विलांस प्रभारी विनोद सिंह आरक्षक दिनेश नेताम का विशेष योगदान रहा।

लोकोत्सोव का आयोजन 27 अप्रैल से

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय विश्रामगृह में छत्तीसगढ़ी लोककला उन्नयन मंच भाटापारा की आवश्यक बैठक हुई । जिसमे लोकोत्सव 2024 के आयोजन एवं उसकी तिथि पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। निर्णय अनुसार तीन दिवसीय लोकोत्सव का आयोजन 27, 28 एवं 29 अप्रैल को किया जाएगा। दिनांक 27.4.2024 को दोपहर 2:00 बजे से सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में साहित्यिक गोष्ठी आयोजित होगी एवं 27 ,28 ,29 अप्रैल को रात्रि 8:00 बजे लोकोत्सव मंच से लोक कला मंचों की रंगारंग प्रस्तुति होगी । इस वर्ष का लोकोत्सव मंच के कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्णतः समर्पित रहे स्वर्गीय गणेशाराम सेन अधिवक्ता के नाम समर्पित रहेगा। मंच के निर्णय अनुसार भाटापारा के सपूत एवं धरसीवा से निर्वाचित विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा के साथ इस वर्ष संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संगीत नाटक अकादमी और उत्साद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कारों से अलंकृत प्रख्यात लोक कलाकार श्रीमती पूनम तिवारी एवं सुश्री समप्रिया चौरिया का मंच से विशेष रूप से अभिनंदन किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा ,कला संस्कृति ,साहित्य ,समाज सेवा चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली विभूतियों का तथा प्रत्येक कला मंचों का भी मंच से प्रतिदिन सम्मान किया जाएगा ।

सड़क सुरक्षा की भावी योजनाओं पर कार्यशाला में मंथन

- पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों ने रोड सेफ्टी एण्ड इंफोर्समेंट में भागीदारी दी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों के लिये रोड सेफ्टी एण्ड इंफोर्समेंट कार्यशाला का आयोजन पुलिस ट्रांजिट मेस सभागार में किया गया। भारत शासन सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट डेव्हलपमेंट, अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा, यातायात पुलिस छत्तीसगढ़ के समन्वय से आयोजित कार्यशाला में भावी योजनाओं पर चर्चा हुई। सड़क सुरक्षा के संवेदनशील विषय पर आधारित कार्यशाला के शुभारंभ उद्बोधन मे सत्येन्द्र गर्ग (आई.पी.एस 1987) पूर्व विशेष पुलिस आयुक्त नई दिल्ली, पूर्व पुलिस महानिदेशक अंडमान ने दिल्ली में किये गये विशेष प्रयासो से सड़क दुर्घटना मृत्यु दर में कमी के संबंध मे महत्वपूर्ण जानकारी दी।

अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय शर्मा ने राज्य के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, शासन के विभिन्न विभागो द्वारा किये गये प्रयासो एवं भावी योजनाओ के बारे में अवगत कराया।

शाम से रात तक सबसे अधिक दुर्घटनाएं

शाम 05 से 09 बजे सर्वाधिक दुर्घटनाओ के कारण अधिक सावधानी की आवश्यकता हैं। शहरी क्षेत्रो मे 34 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे 66 प्रतिशत दुर्घटना हो रही है। सर्वाधिक सड़क दुर्घटना दुपहिया वाहन से हुई है, राज्य मे 06 ट्रामा सेंटर एवं 08 ट्रामा स्टेब्लाइजेशन सेंटर स्वीकृत हैं। डायल 112 द्वारा सड़क दुर्घटना तथा मेडिकल एम्बुलेंस की लगभग साढ़े 5 लाख सुचनाओं मे त्वरित प्रतिक्रिया/ सहायता दी गई।

इन विषयों की मिली जानकारी

इस अवसर पर पूर्व उपायुक्त परिवहन विभाग दिल्ली अनिल चिकारा ने मोटर व्हीकल एक्ट, सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स, टेक्नो रिफार्म इन ट्रांसपोर्ट रिलेटेड टू रोड सेफ्टी विषय पर विस्तार से जानकारी दी। अमित गुप्ता ज्वाइंट डायरेक्टर आई.टी.डी.आर. रायपुर ने इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग एवं ट्रेफिक रिसर्च की कार्य प्रणाली के बारे मे बताया गया साथ ही जानकारी दी कि लगभग 18 हजार ड्रायवरों तथा 700 ट्रेफिक पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण संस्थान में दिया गया। आटोमेटेड ड्रायविंग टेस्टिंग ट्रेक तथा सिम्युलेटर से प्रभावी प्रशिक्षण उपरांत सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाई जा सकती हैं।

बाजार अतरिया मे रक्तदान शिविर 9 को

खैरागढ़/नवप्रदेश। रक्तदान महादान को जन अभियान बनाने के उद्देश्य से सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राजनांदगांव के नेतृत्व में जैन श्री संघ व अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लाक के बाजार अतरिया में किया जा रहा है। शिविर 9 मार्च को आयोजित होगा। शिविर में युवाओं को रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य की मुख्य धारा से जोडने तथा रक्तदान से होने वाले लाभ को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास है। ग्रामीण इलाको में रह रहे दूरंत क्षेत्र के लोगों तक रक्तदान के प्रति सकारात्मक विचार को पहुँचाने लगाए जा रहे।

शिवमय हुआ शहर, शिवभक्ति की छटा

- फ्तेह मैदान में आयोजित 1008 पार्थिव शिवलिंग रूद्राभिषेक में 5 हजार से अधिक शिवभक्तो ने किया अभिषेक

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के फ्तेह मैदान में दूसरी बार आयोजित 1008 पार्थिव शिवलिंग महारूद्राभिषेक में भक्तों की जमकर भीड़ उमड़ी । स्वयंसेवी संस्था श्रीराम गौसेवा समिति जय जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान, राजपरिवार दुर्गाउत्सव समिति, गोपीनाथ मंदिर समिति के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित महारूद्राभिषेक में फ्तेह मैदान में भव्य तैयारियों के बीच रतनपूर के पंडित सृजन महाराज ने पार्थिव शिवलिंग की विधिवत पूजा कराते रूद्राभिषेक कराया । कार्यक्रम में खैरागढ़ छूईखदान गंडई सहित डोंगरगढ़, राजनांदगाव, दूर्ग , भिलाई, रायपूर, समेत महाराष्ट, हैदराबाद मप्र के शिवभक्त भी परिवार सहित शामिल हूए । देररात तक चले आयोजन में शिवभक्तों के साथ उनके परिजनों ने भी शामिल होकर पार्थिव शिवलिंगों का रूद्राभिषेक किया । इस दौरान शहर समेत पूरा फ्तेह मैदान शिवमय हो गया । अभिषेक के पूर्व शिवभक्तो द्वारा हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया । इसके बाद पार्थिव शिवलिंगों का पंचाक्षरी मंत्रों के साथ रूद्राभिषेक प्रांरभ किया गया । आयोजन मे जिले सहित विभिन्न जगहो के 5 हजार से अधिक लोग शामिल हूए और पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया ।

फ्तेह मैदान में 1008 पार्थिव शिवलिंग महारूद्राभिषेक में उमड़ी भीड़ शाम से ही शूरू हो गई थी । मुख्य मार्ग पर बस स्टैण्ड के सामनें फ्तेह मैदान द्वार पर व्यवस्था बनानें पुलिस प्रशासन को भी मशक्कत करनी पड़ी । पुलिस जवानों की अगुवाई मे यहाँ यातायात व्यवस्था बहाल रही । शाम से शिवभक्तों के मैदान पहुँचने का सिलसिला शूरू हो गया । जो महारूद्राभिषेक शूरू होने तक लगातार जारी रहा । इस दौरान मैदान में आयोजन समिति के सदस्य देररात तक पूरी व्यवस्था बनानें में जूटे रहे । इस महारूद्राभिषेक में शिवभक्तों के लिए पूजन सामाग्री सहित पार्थिव शिवलिंग की पूरी व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा बनाई गई थी ।

अधिकारी कर्मचारी सहित महाराष्ट, मप्र के शिवभक्त बने साक्षी

1008 पार्थिव शिवलिंग महारूद्राभिषेक में शिवभक्तों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी महारूद्राभिषेक में शामिल होने में पीछे नही रहे । महारूद्राभिषेक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियो कर्मचारियों सहित उनका परिवार भी शामिल हूआ और रूद्राभिषेक किया । महारूद्राभिषेक के बाद अंतिम में बनारस की तर्ज पर आयोजित गंगा आरती मे बड़ी संख्या मे लोग जूटे और शामिल हूए । महाप्रसादी वितरण के साथ देररात महारूद्राभिषेक का आतिशबाजी के साथ समापन हूआ । इस दौरान बड़ी संख्या में जिले भर के जनप्रतिनिधि भी जूटे।

नारी शक्ति की योजनाओं के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद : मधु रॉय

नवागढ़/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर नवागढ़ के विधानसभा स्तरीय नारी शक्ति वंदन पदयात्रा का आयोजन महिला मोर्चा की जिला महामंत्री मधु राय के नेतृत्व में किया गया। जिसमें बड़ी सख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और दौड़ लगाई।

मधु रॉय ने कहा कि नारी शक्ति वंदन पदयात्रा में महिलाएं रन फॉर नेशन व रन मोदी के थीम पर पदयात्रा की है। इस पदयात्रा द्वारा महिलाओं ने उज्ज्वला योजना, हर घर शौचालय, जैसी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खेल की पहली कड़ी अनुशासन पर आधारित है और सभी प्रतिभागियों को इसका बेहद ध्यान रखना होगा। आज पूरे देश में नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया गया है। भारत के विकास में नारी शक्ति ने जो प्रदर्शन किया है, उसी की वजह से आज देश वैश्विक स्तर पर सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर बना हुआ है।

इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा सोनी, मण्डल अध्यक्ष खेमिन साहू, अमिता बघेल, महामंत्री खेमिन साहू, तारकेश्वरी सोनकर, उत्तरा सोनकर, कांति सोनकर, नेहा तिवारी, सेवती पुरबिया सहित महिलाए शामिल

बिना तैयारी राशनकार्ड वितरण अव्यवस्था से परेशान हुए लोग

खैरागढ़/नवप्रदेश। राशन नवीनीकरण के बाद आज से शुरू हूए वितरण मे नगरपालिका द्वारा राशन कार्ड का वितरण किए जाने के दौरान जमकर अव्यवस्था हो गई । सोमवार को राशनकार्ड वितरण के लिए पालिका द्वारा शहर मे मुनादी कराई गई थी । मुनादी के बाद सोमवार को शहर भर के लोग अपना राशनकार्ड लेने पालिका पहुँच गए । बिना तैयारी और व्यवस्था बनाए राशनकार्ड वितरण के दौरान शहर के सभी वार्डो से राशनकार्ड धारियो के पालिका कार्यालय पहुँचने से वहाँ अव्यवस्था हो गई । अलग अलग वार्डो के हिसाब से कोई व्यवस्था नही बनाए जाने के कारण अपना राशनकार्ड लेने पहुँचे लोगो को परेशान होना पड़ा । पालिका कार्यालय के सामने लोगो की भारी भीड़ लग गई । भीड़ पालिका के मुख्य दरवाजे के साथ अंदर भी पहुँच गई । इस दौरान कई वार्डो के पार्षद भी अपने वार्डवासियो के राशनकार्ड का वितरण करने पालिका पहुँच गए । इसके चलते व्यवस्था और गड़बड़ा गई । अधिकारियो की अनुपस्थिति मे राशनकार्ड वितरण मे बढ़ रही अव्यवस्था को देखते आखिरकार पालिका कर्मचारियो ने कूछ देर के लिए राशनकार्ड का वितरण पूरी तरह रोक दिया । राशनकार्ड वितरण फ्लिहाल शुरू किया गया है । लेकिन राशनकार्ड का नवीनीकरण होने के बाद इस माह नए राशनकार्ड से ही खादयान का वितरण किए जाने की खबर फैलने के चलते राशनकार्ड लेने बड़ी संख्या मे राशनकार्डधारी पालिका कार्यालय मे टूट पड़े । अव्यवस्था की जानकारी होने के बाद कई पार्षद और उनके प्रतिनिधि भी पालिका पहुँचे और कर्मचारियो द्वारा मनमाफ्कि व्यवस्था बनाए जाने पर नाराजगी जताते वार्डो के आधार पर निर्धारित मात्रा मे ही राशन कार्ड वितरण किए जाने कहा । तब लेदेकर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया गया । लेकिन राशनकार्ड लेने पहुँचे लोग इस दौरान पालिका के कर्मचारियो को ही कोसते रहे । और अपना राशनकार्ड लेने पालिका कार्यालय के सामने डटे रहे ।

7 हजार से अधिक कार्डधारी

अलग अलग बीस वार्डो मे लगभग सात हजार से अधिक राशनकार्ड धारी है । इसमे बीपीएल, एपीएल के साथ विकलांग,अंत्योदय राशनकार्डधारी भी शामिल है । पिछले माह भर से राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य लगातार जारी रहा । राशनकार्डो के नवीनीकरण के बाद इसका वितरण कार्डधारियो को किया जाना है। मुनादी कराए जाने के बाद शहर भर के राशनकार्डधारी अपना कार्ड लेने एकसाथ पालिका पहुँच गए जिसके चलते व्यवस्था गड़बड़ा गई । बाद मे कर्मचारियो ने वार्डवार राशनकार्ड का वितरण करने व्यवस्था बनाई ।

लोस प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी का राजिम में आत्मीय स्वागत

- सभी कार्यकर्ता मिलकर मेहनत करेंगे तो निश्चित ही महासमुंद लोकसभा में फ्रि से भाजपा की जीत होगी - रूप कुमारी चैधरी

गरियाबंद/नवप्रदेश सोमवार को भारतीय जनता पार्टी महासमुंद लोकसभा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती रूप कुमारी चैधरी पहली बार राजिम पहुंची। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय में श्रीमती चैधरी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक ली। बैठक में उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से समर्थन भी मांगा। इस दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, बसना विधायक संपद अग्रवाल, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय के साथ बड़ी संख्या में जिले के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। लोकसभा प्रत्याशी बनने के बाद पहली बार राजिम पहुंची श्रीमती रूप कुमारी चैधरी ने कहा कि भाजपा हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है। लोकसभा चुनाव में मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। मैं आपके बीच सहयोग और समर्थन लेने पहुंची हूं। सभी कार्यकर्ता मिलकर मेहनत करेंगे तो निश्चित ही महासमुंद लोकसभा में फ्रि से भाजपा की जीत होगी। इस अवसर पर बैठक में जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार साहू, राहुल सेन, महेश यादव, चिरजीव देवांगन, सोम प्रकाश साहू, विकास साहू, रेखा सोनकर, प्रशांत श्रीवास्तव, सागर मयाणी, सांसद प्रतिनिधि रिकेश साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, मधु नत्थानी, खुशी साहू, देवकी साहू आदि उपस्थित थे।

शरद पारकर, पुरण साहू, कमलेश साहू, लिकेश साहू, गौतम शर्मा, पुष्पा गोस्वामी, नेहरू साहू, महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग अम्बिकापुर , जिला सरगुजा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 748/NIT-21/ 2023-2024/व.ले.लि. दिनांक 05/03/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13/03/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 19/03/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 20/03/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

कार्य हेतु :-

निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750.00 रुपए, निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' तक तथा कार्य की अवदि समस्त हेतु दिनांक 31.08.2024 तक वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

एनआईटी क्र. 21 निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOf Calls (प्रथम आमंत्रण)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
T0252	जशपुर जिले में लोक निर्माण विभाग भ./स. संभाग जशपुर के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में बजट कार्य, जमा कार्य एम.ओ.डब्लू. विशेष मरम्मत एवं वार्षिर मरम्मत के संभावित विद्युतीकरण कार्य	20.00-15000.00-300000.00
T0253	जशपुर जिले में लोक निर्माण विभाग भ./स. संभाग पत्थलगांव के अंतर्गत एवं गैर आवासीय भवनों में बजट कार्य, जमा कार्य, एम.ओ.डब्लू. विशेष मरम्मत एवं वार्षिक मरम्मत के संभावित विद्युतीकरण कार्य।	20.00-15000.00-300000.00
T0254	जशपुर जिले में ब्लाक कांसाबेल, फरसाबहार एवं सी.एम. बंगला के शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में बजट कार्य, जमा कार्य, एम.ओ.डब्लू. विशेष मरम्मत एवं वार्षिक मरम्मत के संभावित विद्युतीकरण कार्य।	20.00-15000.00-300000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग
अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

जी-08321/3

धर्मांतरण शासनतंत्र की दुर्बलता का परिणाम

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज तीन दिवसीय प्रवास पर दुर्ग पहुंचे। इस दौरान महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट बायपास रोड के पास आयोजित हिंदू राष्ट्र धर्म सभा में उन्होंने एक बार फ्रि भारत के उत्कर्ष और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि यह देश सनातनियों का है। हिंदू राष्ट्र उनका अधिकार है। इसलिए भारत को हिंदू राष्ट्र जल्द घोषित किया जाना चाहिए। धर्मसभा में शंकराचार्य महाराज ने धर्म, विज्ञान और कई धार्मिक मान्यताओं पर श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। धर्मसभा में दुर्ग-भिलाई के अलावा प्रदेशभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। दुर्ग प्रवास के अंतिम दिन मंगलवार को शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने मीडिया से चर्चा की। उन्होंने राष्ट्र उत्कर्ष व भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के संकल्प अभियान से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि भगवान के स्मरण का बल, सदभावनापूर्वक संवाद, सेवा का प्रकल्प और संगठन सेवा इन चार विषयों को अगर सरकार स्थान देगी, तो हिंदू राष्ट्र जल्द बन जाएगा। सभी के पूर्वज सनातनी वैदिक आर्य हिंदू थे। यह श्रीमद् भागवत व अन्य ग्रंथो के विश्लेषण से स्पष्ट हो गया है। शंकराचार्य जी ने कहा कि जो सनातनी धर्म को नहीं मानता है। उसका जीवन खतरे में है। उसका कभी उत्कर्ष नहीं हो सकता है। विज्ञान व वैज्ञानिकों का सनातन धर्म ने मार्गदर्शन किया है। सनातन धर्म के सिद्धांत का नेतृत्व करने वाले विकसित हुए हैं, जबकि इसके विपरीत इसे निपटाने की सोच रखने वाले विलुप्त हो गए हैं। सनातन धर्म सृष्टि की रचना करता है। परमात्मा जो सिद्धांत को मानते हैं, वही सनातन का सिद्धांत है, वही सनातन धर्म है। जिसका कोई कभी बाल बांका नहीं कर सकता है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या नहीं जाने संबंधी सवाल के जवाब में शंकराचार्य ने कहा कि अयोध्या वे जाते रहते हैं। मुझे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में एक व्यक्ति को साथ में लेकर आने का न्योता मिला था।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-1710/PUBLICATION/ 1148 Korba West, dtd. 05.03.2023
TENDER NOTICE No. 284/2024. (e Bidding)

Online tenders are invited from experienced & prospective bidders for the following Works:

S. No	Tender No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date and time of submission
1.	RFX No. 8100036434	Procurement of 'Nomax bag filter and Cages with diffuser' of silo for Ash Handling Plant, 1x500 MW, HTPS, Korba West.	590/-	11,820/-	26.03.2024
2.	RFX No. 8100036441	Procurement of Rubber Expansion Bellow for CW/ Backup ACW and Raw water pump discharge line, installed at Turbi ne Maint. Div., BOP, 1x500 MW, HTPS, Korba West.	590/-	12,470/-	26.03.2024
3.	RFX No. 8100036410	Assistance in DM Plant and ETP operation work 1x500 MW, HTPS, Korba West for 365 days.	590/-	5,340/-	26.03.2024

NOTE:-1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **www.cspc.co.in--e-Bidding**. 2. Quantity as per tender schedule.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION S. 39928/2

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र दंतेवाड़ा
(छ.ग. गृह निर्माण मण्डल कार्यालय भवन अटल विहार चितालंका, दंतेवाड़ा)
Email-eecghdnt@gmail.com, website- www.cghb.gov.in

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गए आबंटी को छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग दंतेवाड़ा द्वारा मिश्रित आवास योजनांतर्गत बड़े बचेली में आबंटित भूखँड/ भवन को नन को विक्रय के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन एवं विक्रय अनुबंध की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय/ निजी संस्था को, आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में लिखित रूप से प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र. 1 आबंटी श्री चिंता श्रीधर पिता/पति का नाम स्व. चिंता भुजंगा राव, क्रेता का नाम श्री शेख सुलेमान पिता श्री शेख रमजान, कालोनी का नाम मिश्रित आवास योजना बड़े-बचेली, भूखंड-भवन क्र. LIG 41।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र दंतेवाड़ा

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास)
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, छत्तीसगढ़
(E-mail actd.koriya@nic.in, Phone/Eax No. 07836-232859)

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक/निर्माण/आ.वि./2023-24/969 मनेन्द्रगढ़, दिनांक 04/03/2024

छ.ग. के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्य के लिए कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर में नीचे दर्शाये गये विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ''सी'' श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसीची जो दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युतीकरण दर अनुसूची जो दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील है। एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा की राशि (लाखों में)
1	153632	विशेष रूप से कमजोर जनजाति आवासीय विद्यालय में प्राथमिक विद्यालय भवन निर्माण (भाग-1) ग्राम कौढ़िया विकासखण्ड भरतपुर	49.46

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

टीप- इस कार्य हेतु अमानत राशि 37500.00 है। इस कार्य के निविदा प्रपत्र का मूल्य 3000.00 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन बीड सम्मिट करने की अंतिम तिथि 26/03/2024 रजिस्टर्ड/ स्पीड पोस्ट से चालान की प्रति एवं दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 28/03/2024

(उषा लकड़ा)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर

जी-08335/3

■ न्यूज गैलरी

चिराग परियोजना के तहत कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। चिराग परियोजना के तहत मुंगेली विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उद्यान विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि 27 फरवरी से 2 मार्च तक ग्राम देवरी, करही, गीधा, लिम्हा, लालाकापा, लक्षनपुर, पालचुवा और नुनियाकछार में कृषकों को जिला परियोजना प्रबंधन इकाई न्यूट्रिशन स्पोर्ट एण्ड रेसिलियेट हार्टिकल्चर विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में बीज उपचार, बीज शुद्धिकरण, बीज अंकुरण, बीज गुणवत्ता, बाड़ी विकास, सामुदायिक बाड़ी, किचन गार्डन, बहुफसलीय खेती प्रमुख सब्जी फसलों की नर्सरी प्रबंध तथा उसके फायदे, पोषक तत्व का विवरण, जैविक रूप से बनाए जाने वाले पोषक तत्व, हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जैव उर्वरक, सिंचाई प्रणाली के प्रकार आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए विधायक अग्रवाल

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल विधानसभा क्षेत्र मंडल उदयपुर के ग्राम नमना पहुंच भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीणों से रूबरू हुये तथा आगामी लोकसभा चुनाव से मुतालिक चर्चा करते हुए केंद्र एवं राज्य में भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान राकेश अग्रवाल, उदयपुर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण काफी संख्या में शामिल रहे।

फुटबॉल प्रतियोगिता में कुन्नी की टीम विजेता

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम अमगसी नवापारा दशहरा मैदान में नाकाउट फूटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ग्राम कुन्नी एवं धनौरा टीम के बीच 5 मार्च दिन मंगलवार को हुई, जिसमें ग्राम कुन्नी के टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए 4 गोल दागे। वहीं ग्राम धनोरा की टीम खेल के आखिरी समय तक कोई गोल नहीं कर सकी। इस तरह से कुन्नी की टीम 4 गोल से विजयी रहा। आयोजित फूटबॉल फाइनल मैच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुन्नी मंडल अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, जय ईश्वर सिंह, नवरंग सिंह, दुहन दास, गिरीश सिंह, हरीश सोनी रहे अतिथियों के कर कमलों से विजेता टीम कुन्नी को 20 हजार नगद ट्राफी तथा उपविजेता टीम धनोरा को 15 हजार नगद एवं ट्राफी का खिताब देकर सम्मानित किया गया। फुटबॉल फाइनल मैच देखने आसपास ग्रामीण अंचल के खेल प्रेमी काफी संख्या में उपस्थित रहे ।

श्रमिक पंजीयन के लिए मोबाइल कैंप आज से

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने पंजीयन हेतु मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सन्निर्माण कर्मकार मण्डल अंतर्गत लोरमी विकासखण्ड के ग्राम जूनापानी में 14 व 15 मार्च, विकासखण्ड पथरिया के ग्राम भटगांव में 7 व 11 मार्च तथा ग्राम पड़ियाईन में 18 व 19 मार्च और विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम फरहदा में 12 व 13 मार्च को मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोबाईल कैम्पों में श्रमिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही योजनाओं के लिए आवेदन लिए जाएंगे तथा पंजीकृत श्रमिकों का पंजीयन नवीनीकरण भी किया जाएगा।

आचार संहिता, नामांकन प्रक्रिया व पोस्टल बैलेट के संबंध में दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर कलेक्टर्स की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही किए जाने वाले आवश्यक कार्यवाहियों के सम्बंध में जानकारी दी गई। इस दौरान आदर्श आचरण संहिता अनुपालन, संपत्ति विरूपण, अनुमतियों, नामांकन प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रथम 24 घंटे में सभी शासकीय संपत्तियों में से विरूपण हटाया जाएगा। प्रथम 48 घंटे में सभी सार्वजनिक संपत्तियों से विरूपण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम 72 घंटे में सभी निजी संपत्तियों से विरूपण हटाया जाएगा। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक, प्रेसवार्ता ली जाए। आदर्श आचार संहिता लगते ही 24 घंटे कंट्रोल रूम हो सक्रिय हो जाएगा। मीडिया सेंटर, एफएसटी, वीएसटी एवं वीवीटी सक्रिय हो जाएंगे। सरकारी वाहनों का गैर सरकारी उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सरकारी खर्चे पर लगाए गए सभी विज्ञापन, होर्डिंग हटाए जाएंगे। सभी निगम-मंडल के राजनीतिक पदाधिकारियों के वाहनों को अधिग्रहित कर लिया जाएगा। लाइसेन्स अस्त्र जमा कर लिए जाएंगे। स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत नहीं किए जाएंगे।

बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के नहीं चलेंगे स्कूल वाहन

बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर ने आरटीओ अधिकारी को कार्रवाई के दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर की अध्यक्षता में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल बसों के रजिस्ट्रेशन और फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट जरूर हों। 1अप्रैल से कड़ाई से इस नियम का पालन सुनिश्चित किया जाए। स्कूलों के बाहर कैंप लगाए जाएं और प्राइवेट साधनों जैसे वैन, ऑटो, रिक्शा आदि में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाए जाने पर निगरानी रखी जाए। वाहनों के आरटीओ पंजीयन जरूर हों और उनकी कॉपी एसडीएम कार्यालय में भी आवश्यकता अनुसार उपलब्ध करा दी जाए। बच्चों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाना जरूरी है। इसके साथ ही कलेक्टर श्री भोस्कर ने बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन की भी जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी उड़नदस्ता दल अपने क्षेत्रों में सघन निगरानी करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएल ध्रुव सहित समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्राइवेट साधनों ऑटो, रिक्शा पर भी ओवरलोडिंग पर रहेगी नजर

सतर्कता व सावधानी से निर्वाचन में करें काम

आगामी लोकसभा निर्वाचन में बेहतर काम करने कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री भोस्कर ने कहा कि निर्वाचन के मद्देनजर सभी अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। सतर्कता और सावधानी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें जिससे उत्कृष्ट निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजातियों के मतदाताओं को जागरूक कर मतदान हेतु प्रेरित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जनदर्शन में मिले 84 आवेदन

समय सीमा की बैठक के बाद जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कुल आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें आर्थिक सहायता, राशनकार्ड संशोधन, भूमि संबंधी मामलों के आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम बरगवां के ग्रामीणों द्वारा राशन ना मिलने की शिकायत पर तत्काल कलेक्टर ने जनदर्शन से ही संबंधित खाद्य निरीक्षक को ग्रामीण बनकर फोन कॉल कर मामले की तस्दीक की। ग्रामीणों की शिकायत पर त्वरित सख्त कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और ग्रामीणों की समस्या के तुरंत निराकरण के निर्देश दिए।

महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न की दी गई जानकारी

सक्ती/नवप्रदेश। एवम बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिलाओं के कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ अनुपमा कंवर, संरक्षण अधिकारी नवा विहान (जांजगीर चांपा) के द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के विषय में बताया गया, जिसमें उनके द्वारा किस प्रकार इस विषय पर कानून बना और उसे लागु किया गया, उसके संबंध में विस्तृत सारगर्भित बातें बताई गई। साथ ही बताया गया कि हिंसा केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक, आर्थिक व समाजिक रूप से भी होती हैं। इसके तहत किसी भी प्रकार से प्रताड़ित महिला अपने कार्यालय में बनी आंतरिक समिति के पास शिकायत दर्ज करा सकती हैं। महिला चाहे किसी भी आयु की हो, जो चाहे नियोजन हो अथवा न हो, लैंगिक उत्पीड़न का कोई कृत्य किये जाने का शिकायत कर सकती हैं।

नपा अध्यक्ष पर नियम विरुद्ध बजट पेश करने का विपक्ष ने लगाया आरोप

कलेक्टर से की गई शिकायत

जांजगीर/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के अध्यक्ष भगवान दास गढेवाल द्वारा नपा अधिकारियों के साथ सामान्य सभा की बैठक में बिना विपक्ष के उपस्थित, नियम विरुद्ध बजट पेश किया गया। जिसका विरोध करते हुए विपक्ष के पार्षदों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से लिखित में किए और सामान्य सभा की बैठक को निरस्त करने की मांग की हैं।

दरअसल जांजगीर नैला नगर पालिका के वित्तीय वर्ष 2024-25 का भगवान दास गढ़ेवाल ने मंगलवार को अपने 11 पार्षदों के सथ मिलकर 5 लाख 21 हजार का लाभ का बजट पेश किया, इस बजट सत्र में खास बात या रहा की विपक्ष के पार्षदों ने बजट सत्र का बहिष्कार कर दिया, कोई भी विपक्ष के पार्षद बजट सत्र में नहीं पहुंचे, विपक्ष के गैरहाजिरी में अध्यक्ष ने बजट को पेश किया। बजट में वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर पालिका द्वारा राजस्व की आय 875.86, राजस्व व्यय 874.30, व्यय के आय के अतिरिक्त (के अतिरिक्त आय पर व्यय)1.56,पूंजीगत प्राप्तियां 3,3000, पूंजीगत व्यय 3,296.35,व्यय पर पूंजीगत प्राप्ति की अतिरिक्त 3.65, शुद्ध अधिशेष 5.21 रखा गया हैं इधर विपक्ष का आरोप है कि अध्यक्ष के द्वारा बिना किसी एजेंडा एवं चर्चा के बजट सत्र को पेश करना जनता के हित में नहीं है. बजट में शहर के कोई नए बड़े काम को भी नहीं रखा गया है जिसका हम विरोध करते हैं। अब विपक्ष की मांग हैं कि, उक्त बैठक को निरस्त कर नई बैठक आहूत की जाय और नगर पालिका अधिनियम का संरक्षण करें।

नरेश अधिवक्ता संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

13 को होना था चुनाव, 5 को नाम वापसी के दिन ही अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

सक्ती/नवप्रदेश। अधिवक्ता संघ का चुनाव 13 मार्च को होना था लेकिन अचानक इस चुनाव में दिलचस्प मोड देखने को मिला कि और सभी अधिवक्ताओं ने अपना एक मत बनाकर नरेश सेवक को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया। हुआ यूं कि अध्यक्ष पद के लिये जिला अधिवक्ता संघ ने 13 मार्च को चुनाव होना था और 5 मार्च को नाम वापसी का दिन तय किया गया था , परंतु नाम वापसी के दिन सभी अधिवक्ताओं ने नरेश सेवक को अधिवक्ता संघ का अध्यक्ष बनाने के लिये सहमति प्रदान की और नरेश सेवक निर्विरोध अध्यक्ष बने। बार रूम का अधिवक्ता संघ का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। अधिवक्ता संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी गनी मोहम्मद एवं सह निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह चुनाव 1 मार्च से फार्म भरने की अंतिम तिथि के बाद 4 मार्च को छठनी, 5 मार्च को नाम वापसी का दिन रखा गया था। चुनाव अधिकारी ने आगे बताया कि अध्यक्ष के लिये 6 उम्मीदवार, उपाध्यक्ष महिला एवं पुरूश 4 उम्मीदवार, सचिव 2, कोशाध्यक्ष 2, ग्रंथपाल 2, सहसचिव 2, सांस्कृतिक एवं क्रीडा सचिव 2 तथा कार्यकारिणी सदस्य में 6 एवं 1 महिला के लिये आरक्षित था। 5 मार्च को अधिवक्ताओं की आम सहमति होने के बाद निर्विरोध निर्वाचित की घोषणा की गई जिसमें अध्यक्ष नरेश सेवक, उपाध्यक्ष पुरूष संजय कुमार अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष प्रेमलता दुबे, सचिव सुरित चन्द्रा, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल पटेल, ग्रंथपाल मुरलीधर देवांगन, सहसचिव परमानंद गबेल, सांस्कृतिक एवं क्रीडा सचिव चन्द्रकुमार भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य कु. अंजना कंवर, अब्दुल रऊफ खान, ईश्वर प्रसाद गबेल, कृश्ण कुमार साहू, परमेश्वर जायसवाल, साखी गोपाल दुबे निर्विरोध निर्वाचित हुये। दिन भर कचहरी परिसर में गहमा गहमी आम सहमति बनाने के लिये होती रही। निर्विरोध घोषणा के बाद अधिवक्ताओं में निर्विरोध निर्वाचित अधिवक्ताओं को बधाई देते हुये गुलाल, फुल मालाओं एवं गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात बाजा गाजा ताशा के साथ मॉ महामाया मंदिर अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने मॉ महामाया मंदिर जाकर मंथा टेका तथा मुंह मीठा कराया । निर्विरोध नव निर्वाचित अध्यक्ष नरेश सेवक ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित में कार्य करूगां तथा सभी अधिवक्ताओं को साथ में लेकर चलूंगा साथ ही हर सुख-दुख में अधिवक्ताओं का सहयोगी रहूंगा।

राजस्व, पुलिस, कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, खाद्य सहित विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल, कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी लोगों को किया गया लाभान्वित

सक्ती/नवप्रदेश। जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में जिले के शहरी और ग्रामीण लोगों के राशनकार्ड, गैस कनेक्शन, खाद, बीज, बिजली, पानी, जमीन से संबंधित कार्य सहित अन्य विभिन्न छोटी-बड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए आज मालखरौदा विकासखंड के दशहरा मैदान में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले विभिन्न विभागों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर स्थल पर विभागों द्वारा लगाये गये सभी स्टाल का निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय शिविर में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती पंकज डाहिरे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा अरुण सोम, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल खरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवा लहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सभी सबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुये।

शिविर का शुभारम्भ विभिन्न जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर और जिलाप्रशासन के अधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन कर की गयी। साथ ही जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर द्वारा शिविर में स्टॉल का अवलोकन करते हुए विभागीय योजनाओ से आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने संबंधित अधिकारियों को कहा गया। मालखरौदा के दशहरा मैदान में आयोजित शिविर में आज राजस्व, पुलिस (चलित थाना संवाद), कृषि,उद्यान, स्वास्थ्य, खाद्य, आबकारी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, सहकारिता विभाग, आदिवासी विकास विभाग, आधार कार्ड शिविर, विद्युत विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, मछली पालन विभाग, श्रम विभाग, आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर पंचायत अड़भार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, रेशम विभाग, पशुधन विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग आदि द्वारा स्टॉल लगाया गया। जिसके माध्यम से आमजनों को शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी मिलने के साथ ही संबंधित हितग्राहियों को योजनाओ से लाभान्वित

मालखरौदा के दशहरा मैदान में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

विधानसभा सक्ती में भाजपा चुनाव कार्यालय उद्घाटित

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती में लोकसभा चुनाव प्रभारी व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने स्टेशन रोड स्थित चंद्रा भवन में भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव प्रभारी श्री अग्रवाल ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बीजेपी कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोकसभा सांसद प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने कहा कि विकास के बल पर भारतीय जनता पार्टी इस बार विजय पताका लहराएगी। देश में माहौल भाजपा के पक्ष में है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि सभी पार्टियां परिवारों की पार्टी बन गईं हैं। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जहां वास्तविक लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि देश पर सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस के पास न तो विजन है और न ही विचार। इस कार्यक्रम में पूर्व नेताप्रतिपक्ष विधायक नारायण चंदेल, सक्ती जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला, जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा,पूर्व विधायक खिलावन साहू, सांसद प्रत्याशी कमलेश जांगड़े, विकास केडिया, मेघाराम साहू, विद्या सिदार, टिकेश्वर गबेल, राम नरेश यादव, राम अवतार अग्रवाल, संजय रामचंद्र अग्रवाल, मांगेराम अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, प्रेम पटेल, हेतराम देवांगन, उमा राजेंद्र राठौर,अरुण शर्मा, धनंजय नामदेव, सहित भाजपा के पदाधिकारी एवम कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

सियासत... भाजपा 15 साल से साहू समाज के उम्मीदवारों पर लगा रही दांव

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में सरगर्मियां तेज

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। बिलासपुर लोकसभा के अंतर्गत मुंगेली, लोरमी एवं बिल्हा विधानसभा क्षेत्र आता है। बिलासपुर लोकसभा चुनाव में प्रायः देखा गया है कि मुंगेली के प्रत्याशियों को ही सफलता प्राप्त हुई है। वर्तमान में लोरमी विधानसभा के विधायक अरूण साव बतौर सांसद चुनाव जीते थे। इसके पूर्व लखनलाल साहू ने जीत दर्ज की थी। लखनलाल साहू के पूर्व में तीन बार तक पुन्नूलाल मोहले बतौर सांसद के पद पर रहे। पुन्नूलाल मोहले के पूर्व कांग्रेस के खेलनराम जांगड़े एवं भाजपा के निरंजन केशरवानी, कांग्रेस के रामगोपाल तिवारी इस लोकसभा के सदस्य रहे। बिलासपुर लोकसभा में अब तक एक भी महिला सांसद नहीं बन पाई है। बतौर सांसद के लिए वाणी राव, करूणा शुक्ला ने अपना भाग्य आजमाया था, किन्तु उन्हे पराजित होना पड़ा था। बिलासपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले मुंगेली जिले को अब तक सौगातों का सब्जबाग दिखाया गया है। वर्षो पुराने मांग पर 10 वर्षो पूर्व मुहर तो लगा, किन्तु फलीभूत होते नजर नहीं आया। केंद्र सरकार द्वारा नेशनल हाईवे पर बनाये जाने वाले बाईपास सड़क भी केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गई है। हमने इस लोकसभा चुनाव में लोगों के अपेक्षाओं को जानने का प्रयास किया, जिनमें से कुछ लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं।

उम्मीदवारों के लिए इस बार भी विकास के मुद्दें होंगे चुनौती

भाजपा सरकार फिसड्डी

कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष लोकराम साहू ने कहा कि विगत 5 पंचवर्षीय लोकसभा में भाजपा के सांसद निर्वाचित हो रहे है। विगत 2 पंचवर्षीय में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जिले को नहीं मिल पाया है। घोषणायें तो की गई है लेकिन अमलीजामा पहनाने में भाजपा सरकार फिसड्डी साबित हुई है। सांसदों ने अपने संसदीय क्षेत्र में कार्यो को कराने में सक्रिय नजर नही आये है। यही कारण है कि केंद्र की अनेक योजनाओं का लाभ जिले को नहीं मिल पाया है। जिनमें प्रमुख रूप से रेल लाईन, नेशनल हाईवे बायपास, केंद्रीय विद्यालय सहित केंद्र सरकार के योजनाओं में प्रमुख रूप से हर जिले में खुलने वाले मेडिकल कॉलेज में भी पहल नही हो पाई है जिसके चलते जिला पिछड़ गया है।

राजनीतिक लाभ लेने शहरवासियों से छल

कांग्रेस के शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने बताया कि केंद्र की अनेक योजनाओं का लाभ जिले को नही मिल पाया है जिले के उत्तरोत्तर उन्नति के लिये जहां केंद्र द्वारा रेलवे का भूमि-पूजन भी करा लिया गया था, किन्तु यह कार्य भी अब तक अधर में लटका है। नगर पालिका क्षेत्र से लगे 3-4 गांवों में भी केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। राजनीतिक लाभ लेने के लिए शहरवासियों को हमेशा छला गया है।

योजनाओं का लाभ नहीं

भाजपा के वरिष्ठ सदस्य पूर्व एल्डरमेन संजय वर्मा ने बताया कि डबल इंजन की सरकार नही होने के कारण केंद्र की योजनाओं का लाभ जिले को नहीं मिल पाया। जिसके लिये सांसद ने लगातार लोकसभा में भी बात रखी थी। भाजपा शासनकाल में ही जिले एवं सड़कों का निर्माण हुआ था। भाजपा सरकार ही इस जिले को बनाई है वही संवारेंगी।

जिले से ही प्रत्याशी चयन, फिर भी विकास नहीं

कांग्रेस के पूर्व जिला जनपद अध्यक्ष सोनू चन्द्राकार ने बताया कि बिलासपुर लोकसभा से प्राय: मुंगेली जिले से ही प्रत्याशी का चयन किया जाता है और ज्यादातर जिले के ही प्रत्याशी चुनकर बिलासपुर लोकसभा का प्रतिनिधित्व करते है, किन्तु दुर्भाग्यजनक बात यह है कि जिले की मूलभूत समस्याओं को भी दूर करने के साथ-साथ केंद्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन कराने में प्रतिनिधि फिसड्डी साबित हो रहे है। अब जबकि लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, ऐसे में प्रत्याशी चयन को लेकर जहां भाजपा ने अपना पत्ता खोल दिया है। वही कांग्रेस फिर से पिछड़ती नजर आ रही है।

न्यूज गैलरी

एनएफएल ने कराया कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम, किसानों को दी जानकारी

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा मे नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख अंगद सिंह राजपूत द्वारा किसानों को उर्वरक प्रबंधन एवं जैविक कृषि के बारे में जानकारी दी गई। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक एस के भगत द्वारा यूरिया गोल्ड एवं ड्रोन तकनीक का कृषि में उपयोग एवं इसके फायदे के बारे में विस्तृत से जानकारी दी, साथ ही सल्फर के उपयोग के बारे में किसानो को जानकारी दी गई। मृदा वैज्ञानिक प्रदीप कश्यप ने किसानों को मृदा परिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई तथा रासायनिक खाद का संतुलित मात्रा के उपयोग एवं संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के अंतर्गत सिटी कम्पोस्ट एवं जैव उर्वरक का फसलो में उपयोग करने की सलाह दी द्य उद्यानिकी विभाग के वैज्ञानिक श्रीमति सविता राजपूत ने किसानों को उद्यानिकी फसलो से सम्बधित समस्याओं का निराकरण किया तथा जीवामृत के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन, कृषि विज्ञान केंद्र, के वैज्ञानिक प्रदीप कश्यप द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में किसान भाइयो को प्रश्नोत्तरी के आधार पर बेंटोनाइट सल्फर पैकेट का निशुल्क वितरण किया गया द्य कार्यक्रम में किसानों का आभार बृज किशोर सिंह जिला प्रभारी बलोदा बाज़ार द्वारा किया गया।

सरकारी स्कूलों में जनभागीदारी की भूमिका सुनिश्चित करने बैठक

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कवर्धा में संचालित शासकीय स्कूलों में जनभागीदारी भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने मंगलवार को जनपद कार्यालय कवर्धा के सभाकक्ष में संकुल समन्वयकों की एक बैठक ली। बैठक में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी,विकासखंड स्रोत समन्वयक सहित संकुल समन्वयक उपस्थित थे। बैठक में वीरेन्द्र साहू ने जनपद क्षेत्र के सभी संकुल समन्वयकों से उनके संकुलों में संचालित शासकीय स्कूलों की विस्तृत जानकारी लेते हुए मौजूदा वक्त में स्कूल भवन की स्थिति, शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, खेल मैदान, खेल सामग्री, शैक्षणिक सामग्री, मध्यान्ह भोजन, शिक्षकों की संख्या, शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली।

कलेक्टर ने पीड़ित परिवारों को सौंपा सहायता राशि का चेक

भाटापारा/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगो के निकटतम परिजनों को कलेक्टर के.एल.चौहान ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 -4 के तहत 4- 4 लाख रुपये का सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इनमें ग्राम पनगांव निवासी बिन्दाबाई सहित 3 हितग्राही शामिल हैं इसके साथ ही कलेक्टर श्री चौहान ने ग्राम करमदा निवासी किसान परमानन्द को नया किसान किताब दिया। कलेक्टर श्री चौहान ने प्राकृतिक आपदा से मृत हुए पीड़ित परिवार को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपये सहायता अनुदान राशि स्वीकृति के प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का निराकरण अधिकतम 72 घंटे के अन्दर करने के निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने कहा। मृत्यु होने पर निकटतम वारिसान को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि दी जाती है।

मारपीट का विरोध, शख्स की पीट-पीटकर हत्या, 6 गिरफ्तार

■ कोठार जमीन को लेकर चल रहा था विवाद, नाती से मारपीट को रोकने बचाव करने गया था मृतक

महासमुंद/नवप्रदेश।। जिले के सांकरा थाना क्षेत्र में सपोस गांव में एक शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि जमीन के पुराने विवाद और अपने नाती से हुए विवाद का विरोध करने मृतक आरोपियों के पास पहुंचा था। इस दौरान उन्होंने मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी मोतीराम ध्रुव ने सांकरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा छोटा भाई शंकर ध्रुव (उम्र 50 वर्ष) के साथ आरोपी मनोहर धृतलहरे के कोठार जमीन को लेकर विवाद था और बीती रात मृतक शंकर ध्रुव के नाती अजय ध्रुव और उसके दोस्त सोमनाथ, तपुराज, हेमंत के साथ आरोपी हेतराम, मनोहर देवराज, करन, चंद्रप्रकाश और सुनील हाथ मुक्का से मारपीट की। उसके बाद मारपीट करने वालों का जब मृतक

शंकर ध्रुव ने विरोध किया तो सभी आरोपियों ने मिलकर लोहे के रॉड से हमला कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया और हेतराम शंकर के सीने और गर्दन में रॉड से हमला किया। वहीं हीराबाई ध्रुव बीच बचाव करने गई तो उनसे भी गाली गलौच करते हुए मारपीट किए। जिसमें हीराबाई के दाहिने हाथ में चोट आई। इस विवाद में गंभीर चोट आने से शंकर ध्रुव की मौत हो गई। इस मामले पर सांकरा थाने में धारा 294, 323, 147, 302 के तहत अपराध दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम हेतराम धृतलहरे उम्र 34 साल मनोहर धृतलहरे उम्र 40 साल देवराज धृतलहरे उम्र 22 साल चंद्रप्रकाश पटेला उम्र 18 साल करन धृतलहरे उम्र 19 साल सुनील अनंत उम्र 19 साल।

महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : खेल मंत्री

■ महिलाओं को मिल रहा योजनाओं का लाभ: मंत्री श्रीमती राजवाड़े

■ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 184 महिलाओं का सम्मान

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े बुधवार को यहां दशहरा मैदान में आयोजित सशक्त नारी समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 184 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इनमें स्वास्थ्य विभाग से 10, शिक्षा विभाग से 17, महिला एवं बाल विकास विभाग से 21, समाज सेवा क्षेत्र से 7, सशक्त नारी 7, स्वच्छ भारत मिशन से 22 तथा करीब 100 खिलाड़ी शामिल है।इसके साथ ही विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 6 लोगों को 4-4 लाख रुपये के मान से 24 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

इस अवसर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वह करती है जिसके फलस्वरूप सबका भरोसा हम पर कायम है। महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। जिसे ध्यान में रख कर लगातार महिलाओं को मजबूत करने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनने के विजन को साकार करने के लिए हम सबको मोदी जी का साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि अब गांव- गांव में महतारी सदन बनेगा जिसमें समूह की महिलाएं बैठक या अन्य कार्यक्रम आसानी से कर सकेंगी। पहले चरण में बलौदाबाजार के 40 गांव में महतारी सदन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार में खेल प्रतिभाओं की कमी नही है। जल्द ही जिला खेल के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ेगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि नारी कैसे आगे बढ़े इसके लिए महिला समूहों का गठन किया गया है। अब महिलाएं केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रही है। प्रधानमंत्री ने जनधन खाता के माध्यम से महिलाओं को बैंक से लेनदेन शुरू करने की पहल की है। अब महिलाएं बेहिचक बैंक जा रही है। घर -घर शौचालय निर्माण कराकर महिला सम्मान बढ़ाने का काम किये हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कम दाम में गैस सिलेंडर देने की बात को भी हमारी सरकार बहुत जल्द अमलीजामा पहनाएगी।

राशन दुकानों में करोड़ों की हेराफेरी के मामले में खाद्य विभाग ने संचालकों को थमाया नोटिस

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिम्मेदार अधिकारियों पर नहीं हो रही कार्रवाई कवर्धा. राशन कार्ड के माध्यम से लोगों को बांटे जाने वाले खाद्य सामग्री चावल, शक्कर व चना में हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। इस मामले को भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने विधानसभा सत्र में जोर-शोर से उठाया था। इसके बाद से खाद्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं दुकान संचालकों से अब वसूली करने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। वहीं सवाल यह भी उठ रहा कि जिम्मेदार अधिकारियों पर शासन कोई कार्रवाई नहीं कर रही. कबीरधाम जिले में भी शासकीय राशन दुकान संचालकों द्वारा बड़ी मात्रा में खाद्यान सामग्री की हेराफेरी की गई है, जिसकी राशि 13 करोड़ रुपए से अधिक है. मामले की खुलासा तब हुआ जब दिसम्बर 2022 से मई 2023 तक जिले के राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें 498 दुकानों में तीन हजार सात सौ इक्कीस मीट्रिक टन राशन सामग्री चावल, शक्कर व चना कम पाया गया. इसकी कीमत लगभग 13 करोड़

26 लाख रुपए है. इसकी भरपाई के लिए खाद्य विभाग ने सभी दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया है. वहीं हेराफेरी के मामले में तीन दुकान संचालकों पर एफआईआर व 8 दुकान को निलंबित किया गया है. शेष दुकानदारों को नोटिस थमाया गया है, लेकिन खाद्यान सामग्री के हेराफेरी के इस खेल में एक भी जिम्मेदार खाद्य अधिकारी के ऊपर ठोस कार्यवाही शासन ने नहीं की है, जो बड़ा सवाल है. जिले के खाद्य अधिकारी आकांक्षा नायक ने बताया 342 दुकान संचालकों से दो हजार नौ सौ छब्बीस मीट्रिक टन खाद्य सामग्री की वसूली की जा चुकी है. पांच सौ चालीस मीट्रिक टन खाद्य सामग्री 38 दुकानदारों से तहसीलदार के माध्यम से वसूली की कार्यवाही की जा रही है।

विशेष दिवस पर लाइनमैन, सहायक लाइनमैन और तकनीकी कर्मचारियों का सम्मान

गरियाबंद/नवप्रदेश। आज गरियाबंद संभाग अंतर्गत गरियाबंद, छुरा, मैनपुर और देवभोग संभाग में लाइनमैन दिवस का आयोजन किया गया। गरियाबंद उपसंभाग में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता अतुल तिवारी रहे। सभी लाइनमैन, सहायक लाइनमैन और अन्य तकनीकी कर्मचारियों का कार्यपालन अभियंता अतुल तिवारी एवम सहायक अभियंता गणेश प्रसाद ने पुष्पगुच्छ (बुके)भेंट कर तथा गुलाल लगाकर स्वागत किया। सभी लाइन कर्मचारियों के निस्वार्थ योगदान के सम्मान के लिए लाइनमैन दिवस का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। अपने उदबोधन में अतुल तिवारीने कहा कि लाइनमैन दिवस आयोजन कर हमें लाइनमैन का सम्मान के लिए भारत सरकार का प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने

लाइन कर्मचारियों के विद्युत सुधार तथा निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाये रखने हेतु उनकी मेहनत और जज्बे को सराहा। साथ ही उन्होंने बताया कि लाइनमैन दिवस के साथ साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह दिनांक 4 मार्च से 10 मार्च तक मनाया जा रहा है। सभी को सुरक्षा नियमो का पालन करते हुए अपने कार्य को करने की समझाइश दी गई। इस कार्यक्रम में लाइन कर्मचारी रामसिंह पाटिये, चमरु साहू, विजय सिन्हा,श्री बलराम प्रधान, गोकुल साहू, शकीलास साहू, उपेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

3 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में आएगी महतारी वंदन योजना की राशि

भाटापारा/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 7 मार्च को महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमे राज्य शासन की महत्वकांक्षी महतारी वंदन योजना अन्तर्गत जिले के पात्र लगभग 3 लाख 20 हजार हितग्राहियों के खाते में पहली किश्त की राशि 1000 रुपये प्रति हितग्राही ऑनलाइन अंतरित की जाएगी। महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विकासखण्ड एवं नगरीय निकायों में भी होगा। जिला स्तरीय आयोजन बलौदाबाजार स्थित दशहरा मैदान में होगा। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन भी होगा। कलेक्टर के.एल. चौहान ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में महतारी वंदन सम्मेलन आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर श्री चौहान ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को जिला, विकासखण्ड एवं नगरीय निकायों में आयोजित होने वाले महतारी वंदन सम्मेलन स्थल पर केबल कनेक्टिविटी, विद्युत कनेक्शन, एलईडी प्रोजेक्टर, विडियो कैमरा, मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों एवं महिला हितग्राहियों के लिए बैठक व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 6 एवं 7 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु मेडिकल की टीम तैनात करने के निर्देश दिए हैं ताकि छूटे हुए लोग वहां आयुष्मान कार्ड बनवा सकें। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए हितग्राही को आधार एवं राशन कार्ड लाना होगा। कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए जमीन की सहज उपलब्धता के लिए सभी तहसीलों में लैंड बैंक बनाने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलदार अपने तहसील में सरकारी जमीन का चिन्हांकन कर अपने आधिपत्य में लेकर रखें ताकि समय पर उसका उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत 'निक्षय मित्र' के लिए वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ ही अधिकारियों को भी सहभागिता करने कहा। 'निक्षय मित्र' के माध्यम से टीबी मरीजों को 6 माह तक पोषण किट

उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में जिले में लगभग 597 टीबी के मरीज हैं। कलेक्टर श्री चौहान ने विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजनों को आसानी से हो सके इसके लिए योजनाओं की स्टैंडी बनवाकर कार्यालय के बाहर रखने के भी निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर व्हीसी एक्का, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

डोंगरगढ़ में वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज भाटापारा में 1 भी ट्रेन का स्टॉपेज नही

भाटापारा /नवप्रदेश। । रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर एवं नागपुर के मध्य चलने वाली 20825/20826 बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर, वन्दे भारत एक्सप्रेस का ठहराव «डोंगरगढ़» स्टेशन पर दिया है। संस्कार धानी राजनांदगांव के सक्रिय सांसद संतोष पाण्डेय की पहल पर हुआ वंदे भारत एक्सप्रेस का डोंगरगढ़ क्षेत्र की जनता को मिलने जा रहा है,इसके विपरित भाटापारा स्टेशन में पिछले 5 वर्षो से एक भी ट्रेन का स्टॉपेज क्षेत्र के सांसद नही करा पाए।

रेल सूत्रों ने बताया कि डोंगरगढ़ में 20826 नागपुर-बिलासपुर, वंदे भारत एक्सप्रेस 6 मार्च से रुकना प्रारंभ होगी तथा 07 मार्च' से गाड़ी संख्या 20825 बिलासपुर- नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस रुकना प्रारंभ हो जायेगी। माता बमलेश्वरी के दर्शन को जाने के लिए यात्रियों को एक अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा उस क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय की पहल और सक्रियता से मिलने लग गई है।इसके विपरित भाटापारा रेलवे स्टेशन पर पिछले 5 वर्षो से 1 भी ट्रेन का स्टॉपेज क्षेत्रीय सांसद नही दिला पाए,जिससे क्षेत्र में अच्छी खासी नाराजगी देखने को मिल रही है।भाटापारा स्टेशन को बिलासपुर से चलने वाली वंदे भारत,चेन्नई एक्सप्रेस,हापाएक्सप्रेस,राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी फायदा नहीं मिल रहा है,जबकि अन्य जोन की ट्रेन अपने गंतव्य स्टेशन के पहले के बड़े स्टेशन पर रुकती है ताकि यात्रियों की भीड़ नियंत्रित रहे।

दीदियों के लिए बना सरस मेला मील का पत्थर

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री एवं गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा के सकारात्मक पहल का असर दिखने लगा है। कबीरधाम जिले में पहली बार आयोजित 10 दिवसीय क्षेत्रीय सरस मेला में जिले वासियों ने बम्पर खरीदी की है। 10 दिवसीय सरस मेला 26 फरवरी से प्रारंभ होकर 6 मार्च तक पीजी कॉलेज ग्राउंड कवर्धा में चल रहा है। मात्र 8 दिनों में ही मेले में 45 लाख रुपए से अधिक की खरीदी जिले वासियों द्वारा विभिन्न स्टालों से की गई है।

उल्लेखनीय है कि सरस मेला में लगभग 200 स्टाल लगाए गए है, जिसमें महिला स्व सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही क्राफ्ट मेला एवं स्वदेशी मंच एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के स्टाल लगे हैं। समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्रियां जैसे काजू उत्पादन जीरा फुल चावल उत्पादन अचार पापड़ निर्माण टोकनी निर्माण बिस्किट्स सहित अन्य दैनिक उपयोग के घरेलू वस्तुओं का विक्रय मेले के माध्यम से किया जा रहा है जो मेले में आने वाले लोगों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि समूह द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल मेले की रौनक देखते ही बन रही है। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों में चीला चौसेला फरा साबूदाना बड़ा मुंगोड़ी भजिया तथा चाइनीस पकोड़ा के साथ दोसा पाव भाजी

चाऊमीन आदि के स्वादिष्ट व्यंजन लोगों की पसंद बनी हुई है यही कारण है कि फूड स्टॉल में लगातार भीड़ बनी रहती है। पॉपकॉर्न बनाने वाले समूह द्वारा प्रत्येक दिन लगभग 6 से 7 हजार रुपए का व्यवसाय किया जा रहा है जो अपने आप में उल्लेखनीय है। श्री जनमेजय महोबे ने आगे कहा कि सरस मेले से ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने वाली महिला स्व सहायता समूह को बेहतर अवसर मिला है। वह अपने उत्पादों को आम जनता तक सीधे पहुंच रही है।

कलेक्टर ने विभिन्न गांवों से पहुंचे आमजनों की सुनी समस्याएं

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे नागरिकों, आमजनों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

आज जनदर्शन में कवर्धा विकासखंड के ग्राम थूवाडीह निवासियों ने ग्राम थूवाडीह में खेत में आने जाने के रास्ते में अतिक्रमण को हटाने और रास्ता दिलाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को जांच कर अतिक्रमण को हटाते हुए त्वरित निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। तहसील रेंगाखार के ग्राम अगरी निवासी श्री समल सिंह गोड ने इक्कीस वर्षों से रह रहे भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा पट्टा बनाने के संबंध में शिकायत की। कलेक्टर ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार को जांच कर त्वरित निराकरण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम बरझी निवासी श्रीमती मिलाबाई ने मकान का पट्टा, ग्राम लालपुर खुर्द निवासी श्री माधोराम साहू ने भूमि के संबंध में आवेदन दिया।

शादी की खुशी में विद्यार्थियों को न्योता भोज

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला कांटाठीह में शनिवार को न्योता भोज का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रंजीत निषाद ने अपने छोटे भाई की शादी की खुशी में प्राथमिक शाला के बच्चों को खीर-पूड़ी व सब्जी का भोज कराया। न्योता भोज में जनपद सदस्य श्रीमती मोनिका ध्रुव, शाला प्रबंध समिति के सदस्य एवं संकुल समन्वयक मनीष देवांगन उपस्थित थे। प्रधान पाठिका श्रीमती मीरा श्रीवास सहित सभी शिक्षकों ने नवदंपति को उपहार देते हुए वैवाहिक जीवन की बधाई दी।

लोस चुनाव निष्पक्ष कराने पुलिस अधिकारियों की कार्यशाला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव दीपक झा के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन कार्यालय से आये मास्टर ट्रेनर कैलाश शर्मा, देवेन्द्र सिंह ठाकुर एवं भूपेश साहू द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागृह में लोकसभा निर्वाचन 2024 सुरक्षित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने हेतु पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा द्वारा कहा गया कि निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। लोग बिना किसी भय, प्रलोभन के मतदान कर सकें, इस हेतु उचित वातावरण बनाये रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पुलिस अधिकारियों को मतदान के पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर पुलिस के कर्तव्य और उनके कार्यों के साथ चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों को अपने उत्तरदायित्व की जानकारी हो इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में आये प्रतिभागी यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने जिला, थाना-चौकी में जाकर मास्टर ट्रेनर के रूप वहां के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। मास्टर ट्रेनर कैलाश शर्मा द्वारा शांतिपूर्ण मतदान कराने के संबंध में चुनाव आयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला।

युंका का महाअभियान पंचायत चलो वार्ड चलो प्रारंभ

खैरागढ़/नवप्रदेश। मोदी की गारंटी जुमला के विरोध मे युंकाईयों के पंचायत चलो वार्ड चलो महा अभियान का आगाज जिले के उदयपुर से किया गया। ग्रामीणों को पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा किए हुए वादों को पूरा नहीं करने के विरोध में जागरूक किया गया। और ग्रामीणों को भाजपा सरकार की विफ्लताओं को भी गिनाया गया। इस अभियान के तहत युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी के नेतृत्व में ग्राम उदयपुर के साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर रैली निकालकर ग्रामीणों को पांपलेट वितरण कर मोदी सरकार द्वारा किए गए झूठे वादे मोदी की गारंटी को जुमला बताया। इस दौरान युंकाईयों ने प्रदेश और केन्द्र सरकार की विफ्लताओं को बताते भाजपा के द्वारा 2014 में किए गए प्रति वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने के झूठे वादे छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही युवाओं को 2500 रूपए प्रति महीने बेरोजगारी भत्ता बंद किए जाने महतारी वंदन योजना में 18 वर्ष या उसे अधिक उम्र की विवाहित महिलाओं को अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिला। की जानकारी भी दी।

अब चुन सकेंगे क्रेडिट कार्ड नेटवर्क

आरबीआई ने कार्ड जारी करने वाली संस्थाओं के लिए जारी की गाइडलाइन

नई दिल्ली। अब क्रेडिट कार्ड लेते समय आपको अपने हिसाब से कार्ड नेटवर्क चुनने की सहूलियत मिलेगी। आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ता बैंक और NBFC's को नई गाइड लाइन जारी की है। इसके अनुसार अब कार्ड जारीकर्ता को अपने कस्टमर्स को क्रेडिट कार्ड जारी करते समय एक से ज्यादा कार्ड नेटवर्क में से चुनने का ऑप्शन देना होगा। बैंकों को ग्राहक से पूछना होगा कि उन्हें किस नेटवर्क का क्रेडिट कार्ड चाहिए।

वहीं पुराने क्रेडिट कार्ड यूजर्स को कार्ड रिन्यू कराते समय कार्ड नेटवर्क बदलने का ऑप्शन मिलेगा। आपको बता दें कि हर क्रेडिट कार्ड की एक वैलिडिटी होती है, जो एक, दो, तीन साल या इससे अधिक की हो सकती है। कार्ड की एक्सपायरी पर आप नेटवर्क बदल सकेंगे।

इन कंपनियों पर लागू नहीं होंगे नियम

नई गाइड लाइन के अनुसार ये नियम उन संस्थाओं पर लागू नहीं होंगे, जिनके द्वारा जारी कार्ड की संख्या 10 लाख या उससे कम है। इसके अलावा कार्ड जारीकर्ता जो अपने स्वयं के अधिकृत कार्ड नेटवर्क पर क्रेडिट कार्ड जारी करते हैं, उन्हें इससे बाहर रखा गया है। बता दें कि ये नियम नोटिफिकेशन की तारीख से 6 महीने तक प्रभावी रहेंगे।

क्या है क्रेडिट कार्ड नेटवर्क?

मौजूदा समय में भारत में 5 कार्ड नेटवर्क कंपनियां- वीजा, मास्टर कार्ड, रूपे, अमेरिकन एक्सप्रेस और डायनर क्लब हैं। इन कंपनियों का अलग-अलग फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन के साथ टाइअप है। इस कारण ग्राहक को अपने पंसद का कार्ड नेटवर्क चुनने का ऑप्शन नहीं मिलता है।

कार्ड यूजर्स को क्या फायदा होगा?

कुछ कार्ड नेटवर्क क्रेडिट कार्ड पर अन्य के मुकाबले ज्यादा सालाना फीस चार्ज करते हैं। ऐसे में अगर कोई बैंक आपको एक से ज्यादा कार्ड नेटवर्क का ऑप्शन नहीं देता है तो आपको मजबूरी में वहीं नेटवर्क चुकाना होगा जिस पर ज्यादा फीस है। वहीं अगर आपको एक से ज्यादा कार्ड नेटवर्क का ऑप्शन मिलेगा तो आप अपनी जरूरत, इसकी फीस और नेटवर्क पर मिलने वाली सुविधा के आधार पर सही ऑप्शन चुन सकेंगे।

सबसे बड़ी कार्ड कंपनी है वीसा, दूसरे नंबर पर मास्टर कार्ड

दुनिया की सबसे बड़ी कार्ड कंपनी है वीसा है। ये 200 से ज्यादा देश और टेरिटरी में मौजूद है। इसका मार्केट कैप 489.50 बिलियन यानी करीब 40 लाख करोड़ रुपए है। वीसा के बाद दुनिया की दूसरी सबसे पॉपुलर कैशलेस पेमेंट कंपनी मास्टरकार्ड है। मास्टरकार्ड आज 150 देशों में मौजूद है और इसका मार्केट कैप 372.55 बिलियन यानी करीब 30 लाख करोड़ रुपए है।

8 करोड़ से ज्यादा कार्ड यूजर

बैंक बाजार की एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल, 2023 तक भारत में 8.6 करोड़ क्रेडिट कार्ड सर्कुलेशन में थे। यह संख्या 2022 के अप्रैल में 7.5 करोड़ के मुकाबले 15% बढ़ गई। माना जा रहा है कि 2024 की शुरुआत में क्रेडिट कार्ड्स की संख्या 10 करोड़ के पार हो जाएगी।

रेलवे ने स्विगी से मिलाया हाथ यात्री कर सकेंगे आर्डर

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने ट्रेनों में फूड डिलीवरी सेवा प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन के मुताबिक, स्विगी बेंगलुरु, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा से यात्रा करने वाले ट्रेन यात्रियों को भोजन वितरित करेगी। कंपनी ने कहा कि आने वाले हफ्तों में इस सेवा का विस्तार देश भर के 59 अतिरिक्त सिटी स्टेशनों तक होने की संभावना है।

स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने बयान जारी कर कहा, अगर इन रेल यात्राओं के दौरान, जो राज्यों और जिलों से होकर गुजरती हैं, किसी के पास भारत की पाक विविधता का पता लगाने के लिए भोजन ऑर्डर करने का विकल्प है, तो यह अनुभव को अधिक सुविधाजनक और आनंददायक बना देगा। स्विगी के माध्यम से प्री-ऑर्डर की गई भोजन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आईआरसीटीसी ऐप पर पीएनआर डालना होगा। भोजन वितरण के लिए पसंदीदा स्टेशन का चयन करना होगा। ऐप पर रेस्तरां की विस्तृत सूची ब्राउज़ करनी होगी और एक रेस्तरां चुनना होगा जो भोजन वितरित कर रहा हो। आईआरसीटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय कुमार जैन ने कहा, स्विगी के साथ यह साझेदारी हमारे यात्रियों के लिए अधिक सुविधा और भोजन विकल्प लाएगी, जिससे उनकी यात्राएं और अधिक यादगार बन जाएंगी।

इसके अलावा, कंपनी ने बताया कि यात्रियों को दिया जाने वाला खाना गर्म और ताजा रखने के लिए इंसुलेटेड स्विगी बैग में पैक किया जाएगा। स्विगी का डिलीवरी पार्टनर डिलीवरी से कुछ मिनट पहले चयनित प्लेटफॉर्म पर पहुंचेगा, ग्राहक को खाना सौंपेगा और चला आएगा।

एचडीएफसी बैंक ने कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए सेल के साथ समझौता पत्र हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल-SAIL) के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत, सेल के 60,000 से अधिक ऑन-रोल और 65,000 संविदा (कॉन्ट्रेक्ट आधार पर कार्यरत) कर्मचारियों को अब एचडीएफसी बैंक के कॉर्पोरेट वेतन खाते (सीएसए) में जाने का अवसर मिला है।

इस कदम से सेल के कर्मचारियों को खाते के हिस्से के रूप में दी जाने वाली सुविधाओं से काफी लाभ होगा। सेल भारत में सबसे बड़ी इस्पात बनाने वाली कंपनियों में से एक है और देश के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के महारत्नों में से एक है।
यह संबंध विशेष रूप से सेल के कर्मचारियों के लिए विस्तारित लाभ भी प्रदान करता है:
पारिवारिक बैंकिंग सुविधा, व्यक्तिगत और हवाई दुर्घटना कवर, मेडिकल टॉप-अप, क्रेडिट कार्ड की विशेष रेंज और व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, ऑटो ऋण और दोपहिया ऋण पर आकर्षक ऑफर प्राप्त करने की सुविधा
सेल के साथ किया गया एमओयू कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के साथ एचडीएफसी बैंक का 5वां गठबंधन है। एचडीएफसी बैंक पहले से ही पेट्रोलियम, बुनियादी ढांचे, खाद्य सुरक्षा और भंडारण सहित विभिन्न उद्योगों में कुछ अन्य पीएसयू के वेतन खातों की सुविधा प्रदान करता है।

डिजिटल भुगतान को बेहतर बनाने फ्लिपकार्ट का बड़ा कदम, यूपीआई हैंडल लांच किया

बेंगलुरु। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने 500 मिलियन से अधिक ग्राहकों सहित सभी ग्राहकों के लिए डिजिटल भुगतान को और बेहतर बनाने के लिए अपना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) हैंडल लॉन्च किया। फ्लिपकार्ट यूपीआई के साथ, ग्राहक अब फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के भीतर और बाहर ऑनलाइन और ऑफलाइन लेनदेन के लिए अपना स्वयं का यूपीआई हैंडल बना सकते हैं। एक शानदार ग्राहक अनुभव के लिए, यूपीआई लॉन्च के बाद सुपरकॉइन्स, कैशबैक, ब्रांड वाउचर, माइलस्टोन के अलावा बहुत सारे लाभों को को प्रदान किया जाएगा।

कंपनी ने एक बयान में कहा, फ्लिपकार्ट ऐप पर, फ्लिपकार्ट यूपीआई का उपयोग किसी भी प्रोडक्ट या सर्विस के भुगतान के लिए किया जा सकता है, जिसमें ई-कॉमर्स लेनदेन, यूपीआई आईडी को स्कैन, भुगतान, रिचार्ज और बिल भुगतान शामिल है। अपने पहले चरण में, फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है, जिसमें ग्राहक फ्लिपकार्ट ऐप का उपयोग कर अपने डिजिटल लेनदेन के लिए ञएफकेएक्सिस हैंडल के साथ यूपीआई के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। फ्लिपकार्ट में फिनटेक और पेमेंट्स ग्रुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज अनेजा ने कहा, गतिशील डिजिटल परिदृश्य को देखते हुए फ्लिपकार्ट यूपीआई की सुविधा और लागत-प्रभावशीलता को सहजता से जोड़ता है, जिसकी उम्मीद हमारे ग्राहक करते हैं। फ्लिपकार्ट में, हम सुपरकॉइन्स, ब्रांड वाउचर और अन्य लाभों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ सुरक्षित और सुविधाजनक भुगतान विकल्पों की पेशकश कर ग्राहकों को सर्वोत्तम श्रेणी का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।अनेजा के अनुसार, फ्लिपकार्ट यूपीआई डिजिटल रूप से सशक्त समाज को आकार देने का हमारा समर्पण दिखाता है और भारत के डिजिटल विकास में उत्प्रेरक के रूप में हमारी अग्रणी भूमिका की पुष्टि करता है। यह रिचार्ज और बिल भुगतान के लिए एक-क्लिक और त्वरित कार्यक्षमता भी पेश करता है, जिससे ग्राहकों के लिए समग्र भुगतान दक्षता बढ़ती है।कंपनी के अनुसार, टैगलाइन, 'इंडियाज़ मोस्ट रिवार्डिंग यूपीआई' के साथ, इस पेशकश का मकसद ग्राहकों को अपने एकीकृत चेकआउट फ़नल के माध्यम से एक सहज, सुरक्षित और सुविधाजनक डिजिटल भुगतान अनुभव और तत्काल रिफंड के लाभ सहित कई अच्छे प्रोत्साहन प्रदान करना है। 2023 में, यूपीआई ने 182.84 ट्रिलियन रुपए के 117 बिलियन से अधिक लेनदेन किए, जो बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और फिनटेक कंपनियों की भागीदारी के साथ एक गतिशील परिदृश्य को दिखाता है।एक्सिस बैंक के अध्यक्ष और प्रमुख ङ्क कार्ड और भुगतान, संजीव मोघे ने कहा, हमने साझेदारी और नवाचारों के साथ यूपीआई में अपनी वृद्धि जारी रखी है। फ्लिपकार्ट के साथ हमारी साझेदारी ने भारत के सबसे सफल को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्डों में से एक को लॉन्च करने से लेकर अब फ्लिपकार्ट यूपीआई सेवा लॉन्च करने तक एक लंबा सफर तय किया है।

ईवी के विकास के साथ कई प्रमुख खनिजों की मांग बढ़ेगी

सोल। इलेक्ट्रिक कार और पवन ऊर्जा उद्योगों में विस्तार के चलते दक्षिण कोरिया में प्रमुख खनिजों की मांग 2021 से 2040 तक 19 गुना बढ़ने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।कोरिया एनर्जी इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट (केईईआई) की रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक कार बैटरी के लिए आवश्यक लिथियम, निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट की मांग 2040 तक क्रमशः 15 गुना, 12 गुना, 19 गुना और 4 गुना बढ़ जाएगी। इलेक्ट्रिक कार मोटरों के लिए आवश्यक नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग 10 गुना बढ़ जाएगी। इसी अवधि में दक्षिण कोरिया में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 11 गुना बढ़ने की उम्मीद है।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पवन ऊर्जा सुविधाएं 2022 से 2040 तक आठ गुना बढ़ जाएंगी, जिससे इन सामग्रियों की मांग बढ़ेगी, जैसे कि नियोडिमियम, प्रेजोडायमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग क्रमशः 2.6 गुना, 3.1 गुना, 21.6 गुना और 2.7 गुना बढ़ने की संभावना है।केईईआई ने कहा कि दक्षिण कोरिया को इलेक्ट्रिक वाहन और सेकेंड्री बैटरी उद्योगों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपनी प्रमुख खनिज आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव लाने के लिए काम करना चाहिए। केईईआई के अनुसार, 2022 तक, दक्षिण कोरिया ने चीन से अधिकांश निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट आपूर्ति का आयात किया था।

इंग्लैंड की प्लेइंग-11 का ऐलान

ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड को मौका

धर्मशाला। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पांचवें मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग-11 जारी कर दी है। कप्तान बेन स्टोक्स ने पिछले प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। तेज गेंदबाज मार्क वुड को ओली रॉबिनसन की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है। जेम्स एंडरसन और टॉम हार्टले टीम में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। टीम ने अपने बैटिंग ऑर्डर में कोई बदलाव नहीं किया। यह मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

तेज गेंदबाज मार्क वुड को ओली रॉबिन्सन की जगह शामिल किया गया। वुड ने पहला और तीसरा टेस्ट खेला था। पहले मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने 4 विकेट लिए थे। वुड के साथ 41 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन लगातार तीसरा टेस्ट खेलेंगे। वह पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। एंडरसन टेस्ट करियर में 700 विकेट पूरे करने से महज 2 विकेट दूर हैं। इंग्लैंड ने अपने बैटिंग ऑर्डर में कोई बदलाव नहीं किया। जैक क्रॉले और बेन डकेट ओपनिंग करेंगे। ओली पोप, जो रूट और जॉनी बेयरस्टो मिडिल ऑर्डर में रहेंगे। बेन फोक्स विकेटकीपिंग करेंगे, वहीं बेन स्टोक्स ही कप्तान रहेंगे। बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर।

सीरीज में 3-1 से आगे भारत

टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज में 3-1 से आगे है। पहला मुकाबला इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने दूसरा मैच 106 रन, तीसरा मैच 434 रन और चौथा टेस्ट 5 विकेट के अंतर से जीत लिया। पांचवां मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

टेस्ट के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, देवदत्त पड्डिकल, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

धनुष की कैप्टन मिलर हिंदी में ओटीटी पर रिलीज को तैयार

8 मार्च से अमजेन प्राइम वीडियो पर होगा प्रीमियर

साल 2024 की शुरुआत में मकर संक्रांति के मौके पर धनुष की एक्शन-थ्रिलर कैप्टन मिलर बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। गुंटूर कारम और हनुमान के साथ बॉक्स ऑफिस पर कैप्टन मिलर की कड़ी टक्कर देखने को मिली थी। फिल्म को दर्शकों ने पसंद किया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने मेकर्स के उम्मीद मुताबिक कारोबार नहीं किया। लेकिन, फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं, धनुष के हिंदी पट्टी फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। मेकर्स ने फिल्म ने फिल्म के हिंदी ओटीटी रिलीज की घोषणा कर दी है। चलिए आपको बताते हैं कि आप कब और किस प्लेटफार्म पर इस फिल्म को देख सकते हैं।साउथ के अभिनेता धनुष की इंडस्ट्री के टॉप सितारों में होती है। हाल के दिनों में धनुष ने एक के बाद कई हिट फिल्में दी। इस साल 12 जनवरी को धनुष की फिल्म कैप्टन मिलर रिलीज हुई थी। इसके बाद मेकर्स ने इस फिल्म ओटीटी प्रीमियर 9 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर किया गया था।हालांकि, उस दौरान इस फिल्म को हिंदी भाषा में नहीं रिलीज किया गया था। जिससे धनुष के हिंदी फैंस काफी नाराज हुए थे, लेकिन अब मेकर्स ने फैंस की नाराजगी दूर करते हुए इस पावर-पैक थ्रिलर को आधिकारिक तौर पर हिंदी में ओटीटी पर रिलीज करने का फैसला किया है।मेकर्स ने सोशल मीडिया पर कैप्टन मिलर की हिंदी ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा की। मेकर्स ने प्राइम वीडियो के आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि कैप्टन मिलर हिंदी में 8 मार्च को रिलीज होगी।

संन्यास के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हूं: मेग लैनिंग

नई दिल्ली। डब्ल्यूपीएल की स्टार खिलाड़ी और दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग, जो मौजूदा डब्ल्यूपीएल में लगातार सफलता हासिल कर रही हैं, ने स्वीकार किया है कि वह अपनी अंतर्राष्ट्रीय सेवानिवृत्ति के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हैं, लेकिन किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करेंगी। महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग एक मशहूर नाम है। शायद इसलिए जब उन्होंने अचानक पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला लिया था, तो क्रिकेट जगत स्तब्ध रह गया। इसके बाद यह 31 वर्षीय खिलाड़ी केवल कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया में घरेलू प्रतियोगिताओं में दिखाई दीं।हाल के दिनों में उन्होंने भारत में अपने जीवन के अगले चरण को अपना लिया है और मौजूदा डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बनीं। जहां वह अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक 117.46 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट के साथ 146 रन बनाए हैं। उनकी इस परफॉर्मेंस ने दिल्ली कैपिटल्स को चार मैचों में तीन जीत के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में शीर्ष पर पहुंचने में मदद की है।

रणजी सेमीफाइनल: यश राठौड़ ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का पहला शतक लगाया

नईदिल्ली। विदर्भ क्रिकेट टीम और मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले में विदर्भ क्रिकेट टीम के बल्लेबाज यश राठौड़ ने शानदार शतक जड़ दिया है।यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका पहला शतक है। उन्होंने मुकाबले के चौथे दिन अपना शतक पूरा किया।राठौड़ के शतक के ही कारण विदर्भ की टीम 300 रन का आंकड़ा पार कर पाई।यश ने मैच में 200 गेंद का सामना किया और 141 रन बनाए। उनके बल्ले से 18 चौके और 2 छक्के निकले। उन्होंने 70.50 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।उन्होंने कप्तान अक्षय वाडकर (77) 279 गेंद में 158 रन की साझेदारी निभाई। इसके अलावा उन्होंने आदित्य सरवटे के साथ 43 गेंद में 58 रन जोड़े।यश और अक्षय के अलावा विदर्भ के लिए अमन मोखाड़े ने भी 100 गेंद का सामना करते हुए 59 रन बनाए। यश ने अपना पहला प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच साल 2022-23 के रणजी ट्रॉफी में ही किया था। उन्होंने अब तक 7 मुकाबले खेले हैं और 450 से ज्यादा रन बनाने में सफल रहे हैं।

कप्तानी में कमिंस की सफलता के पीछे उनकी मां का हाथ

नई दिल्ली। साल 2023 में बतौर कप्तान जो कामयाबी पैट कमिंस ने हासिल की उसके लिए कई दिग्गज कप्तान सालों तक तरसते हैं। लेकिन उनके हाथ खाली रह जाते हैं। मगर, पैट कमिंस की बात अलग है क्योंकि उन्होंने न केवल अपने खेल पर ध्यान दिया बल्कि अपनी मां की सीख को भी अपनाते हुए यह मुकाम हासिल किया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने फरवरी 2023 में भारत के टेस्ट दौरे के दौरान सामने आई चुनौतियों पर विचार करते हुए, अपनी मां की बीमारी से जूझने के दौरान अनुभव की गई भावनात्मक उथल-पुथल के बारे में खुलकर बात की। उनकी कड़ी आलोचना की गई क्योंकि उनकी टीम श्रृंखला 2-0 से हार गई, जिससे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भारतीय टीम के पास रही। कमिंस ने कहा, जब मैं उस विमान (भारत दौरे पर) पर चढ़ रहा था तो मुझे पता था कि मुझे कुछ हफ्तों में वापस आना होगा। शायद केवल कुछ ही लोग जानते थे कि ऐसा होने वाला है। उन कुछ हफ्तों के लिए मैं भारत में था। खासकर अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मेरा मन भारत में नहीं था। पूरे समय घर पर ही मेरा ध्यान लगा हुआ था।

मिस्ट्री थ्रिलर मर्डर मुबारक की रिलीज डेट आउट

15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी सारा, करिश्मा की फिल्म

मर्डर मुबारक ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है. इस मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म में मल्टी स्टार्स है. रिलीज से पहले मेकर्स ने दर्शकों का एक्साइटिंग लेवल हाई करने के लिए सभी कलाकारों के नए पोस्टर का अनावरण किया है. मर्डर मिस्ट्री में सारा अली खान, करिश्मा कपूर, विजय वर्मा, पंकज त्रिपाठी, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर और अन्य भी हैं.

नेटफ्लिक्स ने आज, 29 फरवरी को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर सभी स्टार्स के नए पोस्टर के साथ ओटीटी रिलीज की घोषणा की है. उन्होंने कैप्शन में लिखा है, दिल्ली की पॉश गलियों में हुआ है कत्ल, और ये है हमारे 7 अरोपी. कौन है असली कातिल? मर्डर मुबारक 15 मार्च को आएगा, केवल नेटफ्लिक्स पर. इस फिल्म को होमी



अदजानिया ने डायरेक्ट और मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित किया है.मर्डर मुबारक के कास्ट के बारे में बात करें तो इस मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म में सारा अली खान, करिश्मा कपूर, डिंपल कपाड़ियास, विजय वर्मा, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा और सुहैल नैय्यर जैसे कई स्टार्स अहम भूमिका में नजर आएंगे. पंकज त्रिपाठी एक नॉन ट्रेडिशनल कॉप वाले की भूमिका निभा रहे हैं. वह एक आउटसाइडर के तौर पर उनकी दुनिया में एंट्री करते हैं और वहां देखते हैं कि वहां जो दिखता है उससे कहीं अधिक है. रहस्यों से भरपूर यह फिल्म 15 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लोगों को एंटरटेन करने के लिए तैयार है।

न्यूज गैलरी

उधार पैसा मांगने पर महिला से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। उधार पैसा वापस मांगने पर युवक ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अंजली कौशल 23 वर्ष इंद्रप्रस्थ रायपुरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी मोहम्मद नफीसुद्दीन ने प्रार्थिया से 50 हजार रुपए उधार लिया था। जिसे प्रार्थिया मांगने गई थी, तभी आरोपी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। खम्हारडीह पुलिस ने सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि साईनाथ डेवलपर्स क्रिस्टल आर्केट अवंति बाई चौक शक्तिनगर में मोबाइल फोन क्रमांक 90984-80424 धारक हुसैन अली विभिन्न सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में महिला एवं बच्चो से संबंधित अश्लील सामग्री अपलोड किया है। जिससे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अस्पताल के पार्किंग से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। एम्स अस्पताल के पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी इसरारूल हक मीर 54 वर्ष बाकी मोंगरा कोरबा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 11 सीडी 7943 को एम्स अस्पताल के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम कालोनी आमापारा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया निकिता भारती 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया मनोरमा बारिक, उजाला नेताम, किरण व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया है। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया मनोरमा बारिक 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी निकिता भारती, राजेंद्र भारती, रूद्राक्ष ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

13 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। माना पुलिस ने थोक सब्जी मंडी डुमरतराई में दबिश देकर जुआ खेलते 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1 लाख 25150 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस को कल रात सूचना मिली कि थोक सब्जी मंडी डुमरतराई में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी ओमकार वैष्णव 26 वर्ष, महेन्द्र साहू 32 वर्ष सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1 लाख 25150 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 111 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 680 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने कठिया मोड़ के पास आरोपी पारसमणी 27 वर्ष व गौरंग कश्यप 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 72 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने कुंदरू गेट के पास आरोपी मनीष कुमार चांदरे 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने ग्राम सड्डू बाजार के पास आरोपी अनिकेत तांडी 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 23 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है।

सरेआम शराब पीते 34 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 34 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने टाटीबंध चौक में खुलेआम शराब पीते आरोपी मदन सिंह 48 वर्ष व महाराज राम 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी साधू ताण्डी 41 वर्ष व विजय कुमार केवट 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी संजय विश्वकर्मा 42 वर्ष व मनोज वर्मा 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी जगदीश प्रसाद 43 वर्ष, खेमचंद साहू 25 वर्ष व मुकेश विश्वकर्मा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। गंज पुलिस ने आरोपी आकाश नाग 30 वर्ष व परदेशी यादव 60 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी गणेश पाल 37 वर्ष, राजु पटेल 35 वर्ष व आमदराज नागरची 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी घडी निहाल 45 वर्ष, मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी दीपक साहू 25 वर्ष, दीपक मिंज 30 वर्ष व मनोज खलखो 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी चम्पा लाल बघेल 32 वर्ष व जितेन्द्र बया 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी पूनाराम यादव 45 वर्ष, राखी पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण गोस्वामी 36 वर्ष व आरंग पुलिस ने आरोपी योगेश वर्मा 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सीएम साय ने सिकलसेल के दर्द को झेल रहे आयुष और आयुषि को दी मदद

रोग विशेषज्ञ करेगें उपचार

रायपुर/नवप्रदेश। सिकल सेल की गंभीर बीमारी से जूझ रहे दो मासूम बच्चों को बीमारी से राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहल की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की चिरायु शाखा पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच में जुटी है। जिले के कांसाबेल तहसील के खूंटीटोली की निवासी दुर्गावती चौहान अपने दोनों बच्चे आयुष चौहान 5 वर्ष और आरूषि चौहान 2 वर्ष को लेकर बगिया स्थित सीएम कैम्प पहुंची थी। यहां उन्होनें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बताया कि उनके दोनों बच्चे सिकलसेल से पीड़ित हैं। उन्हें लगातार दवा और

सिकलसेल उन्मूलन अभियान जोरों पर

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिकलसेल मुक्त भारत बनाने के लिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंर्तगत जिले में सिकलसेल की जांच की जा रही है। उन्होनें बताया कि सिकलसेल से जूझ रहे मरीजों को प्राथमिक राशन कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध करा, सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बच्चों को रक्त की जरूरत होगी तो उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा।

रक्त की जरूरत पड़ती है। लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से, इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएम साय ने दुर्गावती की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए,सीएमएचओ डॉ. आर.एस. पैंकरा को पीड़ित बच्चों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिए है।

चिरायु के नोडल अधिकारी डॉ. अरविन्द रात्रे ने बताया कि सिकलसेल जन्म से होने वाली अनुवांशिक बीमारी है। उन्होनें बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश का पालन करते हुए सिकलीन पीड़ित दोनों बच्चों को सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराया जा रहा हैं। रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव पहल : महतारी वंदन योजना

रायपुर/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव पहल : महतारी वंदन योजनामहिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने के लिए महतारी वंदन योजना एक कारगर कदम है। प्रदेश की महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इस योजना की शुरूआत की गई है। गांव से लेकर शहर तक महिलाओ में जबरदस्त उत्साह देखा गया। महिलाओं को इस योजना से प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि दी जाएगी। साल में कुल 12 हजार की राशि भी मिलेगी। महिलाएं घर चलाने के साथ-साथ ही घर की बजट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्हें घर की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना बखूबी आता है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक बल मिलेगा और उनके हाथों में एक राशि रहेगी। जिसका उपयोग वे कर सकेंगी। जगदलपुर शहर के लालबाग निवासी श्रीमती आसमती कश्यप ने स्थानीय हल्बी बोली में बताया कि हम सभी महिलाएं बहुत खुश है कि उनके खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि आएगी। इसका उपयोग साग-सब्जी तथा अन्य जरूरत के लिए कर सकेंगी। बस्तर की महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन की यह अनोखी पहल है। आड़ावाल निवासी स्वाति राव ने कहा कि राशि का उपयोग अपनी जरूरी घरेलू सामान की पूर्ति करने के लिए करेंगी। आड़ावाल की श्रीमती कृष्णादेवी ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव पहल :

महतारी वंदन योजनाबलौदाबाजार नगर निवासी श्रीमती सुनीता यादव ने कहा सरकार ने प्रतिमाह 1 हजार रूपये देने का वादा किया था वह अब पूरा होने वाला है। आज मैंने महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन कर दी हूं। अब जो पैसा मिलेगा उसका उपयोग बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य खर्चों के लिए करूंगी। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय को महतारी वंदन योजना प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार जताया। इसी तरह कसडोल विकासखण्ड के ग्राम बल्दाकछार के विशेष पिछड़ी जनजाति निवासी श्रीमती तीजबाई कमार ने भी नजदीकी आंगनबाड़ी पहुंचकर महतारी वंदन योजना के लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि मैं दैनिक मजदूरी एवं किसानी कार्य कर पैसा कमाती हूं अब इसके साथ ही मुझे प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलेगा। जो मेरे अतिरिक्त आय का साधन होगा। मै इस पैसे का उपयोग अन्य दैनिक खर्चों में करूंगी। श्रीमती तीजबाई कमार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इसी तरह बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम परसाभदेर निवासी श्रीमती स्नेहा पैकरा ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए प्रारंभ की गई योजना महतारी वंदन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी महिलाओं से आवेदन करने की अपील की है।

गौरतलब है की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का लाभ प्रदेश के मूल निवासी विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यकक्ता महिलाओं को मिलेगा। इस योजना में शामिल होने के लिए परिवार की आर्थिक आय ढाई लाख रुपए से कम वार्षिक रखी गई है। इस योजना का लाभ विवाहित 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को मिलेगा।

अब 10 मार्च को खातों में आएगी महतारी वंदन योजना की राशि

रायपुर/नवप्रदेश। कल यानी 7 मार्च को अपने खातों में 1000 रुपये ट्रांसफर का इंतज़ार कर रही प्रदेश की महिलाओं को एक बार फिर से निराश होना पड़ेगा। महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया हैं कि कल यानी 7 मार्च को महतारी वंदन योजना की राशि खातों में ट्रांसफर नहीं की जाएगी। बताया गया हैं कि इसके लिए नई तारीख फिर से तय की जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करने वाले थे। बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम रद्द होने के कारण 7 मार्च को महतारी वंदन योजना की राशि ट्रांसफर का कार्यक्रम भी अचानक कैंसिल कर दिया गया है। वहीं सूत्रों का दावा है कि 10 मार्च को यह राशि माताओं के खातों में ट्रांसफर की जाएगी। बहरहाल इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

नौकरी दिलवाने के नाम पर 8 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 8 लाख 35 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फणेन्द्र यादव 35 वर्ष डब्ल्यूआरएस कालोनी खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जागेश्वर यादव ने प्रार्थी को छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर 14 सितंबर 2019 से लेकर 23 जनवरी 2023 के मध्य विभिन्न किस्तों में 8 लाख 35 हजार रुपए ले लिया और नौकरी नहीं दिलवाया। जब प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ड्रंकन ड्राइविंग और ओवर स्पीड केस में 106 का लाइसेंस निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट एवं धारा 304 ए के तहत 106 लोगों के विरूद्ध पुलिस ने लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की है। इसके तहत पहले तीन माह तक लाइसेंस निलंबित रहेगा, उसके बाद दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना- चैकी के मुख्य मार्ग, चैक चैराहों में पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी कड़ी में थाना- चैकी एवं यातायात द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान 68 लोग शराब पीकर वाहन चलाते हुए मिले। इसी तरह सात लोग को ओवर स्पीड वाहन चलाने, 28 लोगों के विरूद्ध बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने तथा धारा 304 के तहत तीन लोगों का लाइसेंस निरस्त किया गया। इसके साथ ही अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए 22 प्रकरणों में लगभग 35 हजार रूपये वसूले। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा पेट्रोलिंग किया गया। पैट्रोलिंग के दौरान मुख्य चैक चैराहा एवं भीडभाड़ वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया। गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वहां चलने वाले पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए विशेष अभियान को चलाते हुए वाहनों की जांच की गई। साथ ही चालकों को समझाइश दी गई कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं और ना ही शराब पीकर वाहन न चलाए।

रिशु के कातिल का घर ध्वस्त, सरकार की कार्रवाई

- अवैध कब्जे की भूमि पर बने थे दोनों के घर
- प्रशासन ने ऐसे 6 घर तोड़ने के लिए किए हैं चिन्हांकित

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के प्रतापपुर रिशु हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके घरों पर बुलडोजर चलवाने की मांग पर अड़े मृतक के परिजनों तथा नगरवासियों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए आज स्थानीय प्रशासन द्वारा आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

पुलिस ने लोगों को रोकने के लिए बेरिकेडिंग करनी पड़ी थी।ज्ञात हो कि सोमवार को रिशु के पिता द्वारा यह कहकर अपने बेटे का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया गया था कि जब तक आरोपियों का घर जमींदोज नहीं होगा तब तक वे अपने बेटे का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। वहीं कार्यवाही न होने से लोगों के बीच पनप रहे आक्रोश को भांपते हुए प्रशासन द्वारा कल रिशु व आरोपियों के घर से 200 मीटर की परिधि पर धारा 144 लागू करते हुए सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी कर दी थी। इस बीच कल ही यह बात सामने आयी थी कि एक दो दिन में आरोपियों के घरों को तोड़ने की कार्यवाही की जा सकती है। आज सुबह भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शासकीय भूमि पर निर्मित दोनों आरोपियों के घरों को तोड़ने के लिये मजदूरों को लगाया गया, जो कि देर शाम तक घरों को तोड़ने में लगे रहे।

लोगों ने की बुलडोजर चलाने की मांग

घर तोड़ने के लिये मजदूरों से धीमी गति की कार्यवाही को देखते हुए लोगों द्वारा बुलडोजर चलाने की भी मांग की गयी मगर प्रशासन द्वारा यह कहकर बुलडोजर चलाने से इंकार कर दिया गया कि इससे लोगों में भय का वातावरण निर्मित होगा।

6 घरों पर होनी है कार्यवाही

आरोपियों के कुल 6 घरों को कार्यवाही के लिये चिन्हांकित किया गया है। घरों को तोड़ने की कार्यवाही जारी थी। संभावना जतायी जा रही है कि मजदूरों से कराये जा रहे इस कार्य को पूरा करने में एक-दो दिन और लग सकते हैं। आज इस कार्यवाही के दौरान हजारों लोगों की भीड़ मौके पर जुटी हुयी थी।

पत्नी की हत्या कर कुंए के अंदर आग सेंकता मिला आरोपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर में एक विचित्र वारदात सामने आई है. जिसे एक युवक ने अंजाम दिया है. उसने पहले अपनी पत्नी पर चरित्र शंका के चलते हंसिये से वार कर घायल कर दिया. उसके बाद खुद फांसी लगाने लगा. उसे फांसी लगाते देख परिजनों ने उसे बचाया और इलाज के लिए दोनों को बिलासपुर लेकर गए. दोनों को बिलासपुर से सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया. इसके बाद युवक वहां से भागकर वापस तखतपुर आ गया. रात के अंधेरे में वो एक सूखे कुंए में गिरकर घायल हो गया. इधर परिजन युवक को रातभर खोजते रहे. तो पता चला कि युवक कुएं में गिर गया है. जिसके बाद लोगों ने उसे कुंए से निकालकर फिर अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी. अब युवक रात के अंधेरे में कुएं में गिरा या फिर नशे की हालत में इसकी जानकारी नहीं है. लेकिन जब सुबह उसे लोग निकालने पहुंचे तो वो कुएं में आग सेकते हुए नजर आया. वहीं वो बुरी तरह जख्मी भी था. गिरने की वजह से उसके सिर से खून बह रहा था. जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

महिला की गला रेतकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी से दिल दहला देने वाली खबर प्रकाश में आई है। बताया जाता है कि आमासिवनी पुलिस कॉलोनी में महिला की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। महिला की गला रेतकर हत्या की गई है। वारदात को अंजाम देने वाला अज्ञात व्यक्ति फरार है। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची विधानसभा पुलिस ने बताया कि मृतक महिला सुकमा में पदस्थ डॉग हैंडलर शिशुपाल सिंह की पत्नी है। घटना की सूचना पर पुलिस के मौके पर पहुंची हैं और घटना की जांच में जुट गई है।